वर्ष-31, अंक- 259, पृष्ठ-12 | असाढ़ शुक्ल पक्ष 11, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
06 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 10

एक नजर

बैंक ऑफ इंडिया सीएसपी संचालक से हजारों की लूट

हंटरगंज (चतरा)। जिले के हंटरगंज-प्रतापुर मुख्य मार्ग स्थित बलुरी फुलवरिया बाजार टंड जंगल के पास शनिवार देर शाम अज्ञात लुटेरों ने हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार पाण्डेयपुरा बैंक ऑफ इंडिया के सीएसपी संचालक रंजीत माथुर अपने मोटरसाइकिल से हंटरगंज मुख्य ब्रांच से पाण्डेयपुरा जा रहे थे, इसी दौरान दो मोटरसाइकिल पर सवार चार अज्ञात अपराधियों ने पीछा कर मोटरसाइकिल का हैंडल पकड़ लिया, जिसमें वह नियंत्रण होकर पलट गया और अपराधियों द्वारा हथियार का भय दिखा कर 45 हजार रुपया लूट लिए। लूटने के बाद चारो अपराधी खराटी के रास्ते बिहार फरार हो गए। बताते चले की इस जंगल में अपराधियों द्वारा लगातार घटना को अंजाम दिया जा रहा है। वहीं बीसी संचालक द्वारा हंटरगंज थाना में लूट से संबंधित आवेदन दिया गया है।

वज्रपात से सुदना ग्रिड में आई तकनीकी गड़बड़ी, शहर के कई इलाके अंधेरे में डूबे

मेदिनीनगर। शनिवार शाम तेज बारिश के बीच वज्रपात की चपेट में आने से मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के सुदना ग्रिड में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे शहर के अधिकांश हिस्सों में शेष पेज 11 पर...

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

आज / कल

बीज वितरण में मनमानी के खिलाफ किसानों का फूटा गुस्सा, सड़क जाम

- बिशुनपुर में महिला किसानों ने एक घंटे तक जाम किया रांची-नेतरहाट मुख्य मार्ग
- बीटीएम पर लगाया पक्षपात व दुर्व्यवहार का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

बिशुनपुर (गुमला)। बिशुनपुर मुख्यालय स्थित कृषि तकनीकी केंद्र में बीज वितरण में मनमानी और अभद्र व्यवहार के विरोध में शुक्रवार को किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। आक्रोशित महिला किसानों ने रांची-नेतरहाट मुख्य मार्ग को लगभग एक घंटे तक जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। किसानों ने आरोप लगाया कि बीटीएम सुनील कुमार द्वारा बीज वितरण में पक्षपात किया गया। उन्होंने कहा कि उरद बीज की मांग करने पर कुछ किसानों को जबरन मक्का का बीज थमा दिया गया। जब अन्य किसानों ने उपलब्ध स्टॉक की जानकारी माँगी, तो बीटीएम ने अभद्र व्यवहार करते हुए दस्तावेज टेबल से फेंक दिए और केंद्र में ताला लगाकर बाहर निकल गए। स्थिति बिगड़ने पर किसानों ने स्थानीय मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक और कल्याण पदाधिकारी गणेशराम महतो को शिकायत दी। जब जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बीटीएम से स्पष्टीकरण माँगा तो उन्होंने 'अनावश्यक भीड़' का हवाला देते हुए जवाब देने से इनकार कर दिया और स्थल से चले गए। किसानों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अगर बीज देना ही नहीं था तो बुलाया क्यों गया? हम 150–200 तक किराया खर्च कर यहां पहुंचे हैं। बीज लिए बिना वापस नहीं जाएंगे। जाम की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी शेखर वर्मा, बीडीओ सुलेमान मुंडरी और स्थानीय पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों की शिकायतें सुनीं और बीटीएम को फटकार लगाई। बीडीओ ने तत्काल बीज वितरण पर रोक लगाने का आदेश देते हुए कहा कि सभी को बीज देना संभव नहीं है, लेकिन अब नए सिरे से पात्र किसानों का चयन कर वितरण किया जाएगा। प्रशासनिक आश्वासन के बाद किसानों ने जाम समाप्त किया। पंचायत प्रतिनिधियों ने भी रोष जताते हुए कहा कि बीटीएम द्वारा समय पर सूचना नहीं दी जाती, जिससे समन्वय में कमी आती है और विवाद होते हैं। उन्होंने मांग की कि भविष्य में प्रत्येक पंचायत में बीज वितरण की पूर्व सूचना मुखिया और प्रखंड प्रशासन को दी जाए ताकि पात्र किसानों का चयन पारदर्शिता के साथ किया जा सके।

सीसीएल करमा परियोजना की खुली खदान में बड़ा हादसा

अवैध कोयला खनन में चाल धंसी, 4 की मौत

- कई लोग घायल, परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल में कराया भर्ती
- ग्रामीणों ने पीओ कार्यालय गेट पर शव रखकर मुआवजे की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ जिला अंतर्गत सीसीएल करमा परियोजना की खुली खदान में कोयले के अवैध खनन के क्रम में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। इसमें चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ लोग मलबे के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना वाली जगह पर देर शाम तक स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी हुई थी। लोग दबे हुए लोगों को निकालने की कोशिश कर रहे थे। मलबे को हटाने में पोकलेन मशीन व स्थानीय लोग लगे हुए थे। जानकारी के मुताबिक महुआ टुंगरी व सुगिया के रहने वाले लोग शनिवार की सुबह करमा खुली खदान में अवैध कोयला खनन के लिए गए थे। खनन के दौरान जोरदार आवाज के साथ चाल धंस गई। इसके बाद खनन कर रहे लोगों में भगदड़ मच गई। बताया गया कि दुर्घटना में चार लोगों की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जबकि, कई लोग घायल हो गए हैं। घायलों को परिजनों द्वारा इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना के बाद रामगढ़ एसडीओ अनुराग तिवारी ने घटनास्थल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने रेस्ट सेल्टर में तैनात कर्मी से घटना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मौजूद करमा पीओ समेत शेष पेज 11 पर...

हादसे की गहन जांच की जाएगी : उपायुक्त

रामगढ़ के उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने कहा कि हादसे की गहन जांच की जाएगी। इसके लिए जिम्मेदार दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने इस पूरे मामले का गंभीरता पूर्वक जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि 19 जून को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में इन्हीं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। इसके बावजूद करमा खदान में आज सुबह हादसा हो गया, जिसमें चार मजदूरों की जान चली गई। उन्होंने कहा कि सीसीएल के सभी जीएम को एक बार फिर निर्देश भेजा जाएगा। जिस क्षेत्र में घटना हुई है, वहां के जीएम को शोकॉज नोटिस भी भेजा जाएगा।

गुमला पुलिस की मिली बड़ी कामयाबी

1.30 लाख जाली नोट के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

- अर्टिगा कार और मोबाइल भी जब्त, एसपी के निर्देश पर कार्रवाई

नीन मेल संवाददाता

गुमला। जिले में नकली नोटों की तस्करी को लेकर चल रहे गुप्त सूचना तंत्र को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां को मिली एक पुख्ता गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर ललित मीणा के नेतृत्व में गठित विशेष छापामारी दल ने 1. 30 लाख मूल्य के जाली नोट के साथ तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से नकली नोट, एक सफेद रंग की अर्टिगा कार, दो मोबाइल और अन्य सामान जब्त किए गए हैं। शनिवार को गुप्त सूचना मिली कि एक सफेद रंग की अर्टिगा कार में सवार तीन व्यक्ति जाली नोट लेकर गुमला से शेष पेज 11 पर...

एनएच के निर्माण से पानी में डूबे खेत, किसानों ने किया प्रदर्शन

सतबरवा। नेशनल हाईवे-39 (पुराना-75) निर्माण के कारण पलामू के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के कई एकड़ खेत पानी में समाहित हो गए हैं। शनिवार को प्रभावित किसानों ने अपने-अपने खेतों के पास प्रदर्शन किया। दूसरी ओर रबदा में जामुन अहरा और ठेमा का चुडरवा आहर के ऊपरी क्षेत्र के खेतों में जलजमाव होने से किसान परेशान हैं। वहीं अहरा के नीचे के क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति बनी हुई है। किसानों ने आंदोलन करने की रणनीति बनाई है। किसान अनिल सिंह के अनुसार जामुन आहर के हिस्से को सड़क निर्माण के दौरान मिट्टी और मेटेरियल से भर दिया गया है। पानी आवागमन के लिए कोई साधन नहीं देने की वजह से उपर के कई एकड़ खेतों में पानी जमा है, जबकि नीचे के सैकड़ों एकड़ खेतों को अहरा और अन्य प्राकृतिक स्रोत से पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में किसान धान सहित अन्य खरीफ फसल की बुवाई नहीं कर पाए हैं। डूबे खेत को दिखाते हुए दशरथ प्रसाद ने कहा कि निर्माण कार्य करा रही भारत वाणिज्य ईस्टर्न प्राइवेट लिमिटेड के जुल्म का शिकार हम सब किसान हुए हैं। अगर समय रहते जामुन आहर और माड़र के बीच में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं कराई गई, तो हम सब किसान आत्मदाह करने को विवश होंगे। खेत दलदली हो गई है। आने वाले दिन में रबदा और हुड़मुड़ गांव का हिस्सा डूब जाएगा। इधर, अन्य किसानों का कहना है कि मामले की जानकारी अंचलाधिकारी को दी गई है। उनसे आग्रह किया गया है कि जल्द से जल्द नेशनल हाईवे निर्माण का कार्य कर रही कंपनी से बात करके समस्या का निदान करें, ताकि किसान के खेतों को सही ढंग से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके। किसानों ने बताया कि जहां पर दोनों आहर हैं, उसके ठीक ऊपर में मलय नहर है। नहर खुलने के बाद स्थिति और गंभीर हो जाएगी। कंपनी की लापरवाही का नतीजा हम सब किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

चीन से जुड़े साइबर क्राइम नेटवर्क का खुलासा, सात लोग गिरफ्तार

- झारखंड के अपराध अनुसंधान विभाग ने किया पर्दाफाश
- यह गिरोह निवेश घोटालों और डिजिटल अरेस्ट में था शामिल

नवीन मेल डेस्क

रांची। राज्य के अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के साइबर क्राइम थाने ने एक बड़े और सुनियोजित साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का खुलासा किया है। यह गिरोह निवेश घोटालों और डिजिटल अरेस्ट जैसी गतिविधियों में शामिल था, जिसमें चीनी जालसाजों की मिलीभगत से अवैध वित्तीय लेनदेन किए जा रहे थे। यह जानकारी शनिवार को साइबर डीएसपी नेहा बाला ने दी। सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता के आदेश पर सीआईडी की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में बिहार के सिवान निवासी कुमार दीपक, प्रभात कुमार, नांलदा निवासी शेष पेज 11 पर...

हेमंत सोरेन सरकार साइबर क्राइम रोकने को प्रतिबद्ध

हेमंत सोरेन सरकार साइबर क्राइम कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साइबर क्राइम रोकने को लेकर बैठकें भी हैं और पुलिस अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं। साइबर क्राइम रोकने के लिए राज्य में स्ट्रांग सेटअप तैयार करने और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है।



गुमला पुलिस की बड़ी कार्रवाई

ब्राउन शुगर के तीन तस्कर गिरफ्तार

- 25 ग्राम नशीला पदार्थ, मोबाइल और दो बाइक जब्त
- पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां ने प्रेस कांफ्रेंस में दी जानकारी

नवीन मेल संवाददता

गुमला। गुमला जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गुमला के नेतृत्व में गठित विशेष छापामारी दल ने 25 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में तीन मोबाइल फोन और दो महंगी मोटरसाइकिलें भी जब्त की गई हैं। पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां ने रविवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गढ़वा की ओर से ब्राउन शुगर लेकर तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल से घाघरा की ओर आ रहे हैं। शेष पेज 11 पर...

वैश्विक स्तर पर भारत को मिली बड़ी सफलता

विश्व बैंक ने सर्वाधिक 'समतामूलक समाज' में किया शामिल

- स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस के बाद दुनिया का चौथा सबसे समतामूलक देश बना

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत न केवल विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, बल्कि आज यह सर्वाधिक समतामूलक समाजों में से एक भी है। विश्व बैंक के अनुसार, भारत का गिनी सूचकांक 25.5 है, जो इसे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस के बाद दुनिया का चौथा सबसे समतामूलक देश बनाता है। यह भारत जैसे बड़े और विविधता वाले देश के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। गिनी सूचकांक 25.5 दर्शाता है कि भारत की आर्थिक प्रगति का लाभ लोगों में समान रूप से पहुंच रहा है। इस सफलता के पीछे गरीबी को कम करने, वित्तीय पहुंच का विस्तार और कल्याण सहायता को सीधे उन लोगों तक पहुंचाने पर लगातार नीतिगत ध्यान केंद्रित करना है, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। विश्व बैंक के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। यह भारत को सापेक्ष रूप से दुनिया के सबसे समान देशों में से एक बनाता है। भारत का स्कोर चीन के 35.7 से बहुत कम है और अमेरिका से भी बहुत कम है, जो 41.8 पर है। यह हर जी-7 और जी-20 देश के भी प्रत्यक्षतः समान है, जिनमें से कई उन्नत अर्थव्यवस्थाएं मानी जाती हैं। भारत 'सामान्य से कम' असमानता श्रेणी में आता है, जिसमें गिनी स्कोर 25 से 30 शेष पेज 11 पर...

इंडिया

आदिवासी राजा के नागवंशी को उत्तराधिकारी बनाने से लड़ाने तक

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

शोषण और भ्रष्टाचार के कारण पूर्व दक्षिण बिहार से वर्तमान के झारखंड ऐतिहासिक रूप से आक्रोशित रहा है। आजादी के पहले की बात करें तो सन 64 से लेकर 1952 तक एक ही नागवंशी परिवार का राजवंश छोटानागपुर में लोकप्रिय रहा और इन्हें प्रारंभिक दौर में राजा मदरा मुंडा ने राजगद्दी इस आधार पर सौंपी थी कि वह उनके बड़े पोष्य पुत्र थे जो फणिमुकुट राय थे जिनसे नागवंशियों का झारखंड में राजवंश चला ।तब राजा और प्रजा में कोई अंतर नहीं था आज भी रांची के निकट पिठौरिया के मुड़हर पहाड़ के ऊपर वह पत्थर रखा हुआ है जिस पर फणिमुकुट राय के पूर्व उनके पोष्य पिता मदरा मुंडा बैठकर निष्पक्ष राजनीतिक निर्णय लेते थे। नागवंशी इतिहास के पन्नों में प्रसिद्ध और मान्य एस सी राय सहित अनेक लेखकों ने सप्रमाण इस बात की चर्चा की है कि जब आगरे के किले में राजा दुर्जन साल अन्य राजाओं के साथ मुगलों की कैद में थे और हीरे की असली पहचान की कला के कारण बादशाह ने उन्हें कुछ मांगने को कहा तो उन्होंने सभी राजाओं को मुक्त करने के लिए कहा जिससे बादशाह बहुत प्रभावित हुए और उन्हें अपने लिए कुछ मांगने को कहा तब राजा दुर्जन साल ने मुगलों के दरबार व्यवस्था और विशेषज्ञ भेजने की बात कही, जिससे सिसई स्थित नवरत्न गढ़ बना और रक्षा के लिए क्षत्रिय, मार्गदर्शन के लिए ब्राह्मण और अन्य कार्यों के लिए पेशेवर रूप से दक्ष लोगों को बुलाकर राज दरबार में जगह दी गई।यहां एक बात महत्वपूर्ण है कि समन्वयवादी संस्कृति के पोषक इस वन प्रांतर में कभी भी राजा और प्रजा के बीच में अंतर नहीं रहा राजकाज के समय राजा फिर सामान्य ग्रामीण।मुगलों को तब बहुत आश्चर्य हुआ था जब उन्हें पता चला कि छोटानागपुर का राजा एक मिट्टी के घर में सामान्य लोगों की तरह बिना किसी सेना या सुरक्षा के रहता है। यही झारखंड की मूल पहचान रही है जहां जातीय या धार्मिक विवाद या संघर्ष था ही नहीं। कई बार मुगलों सहित अन्य बाहरी आक्रमणकारियों ने हीरा नागपुर के नाम से मशहूर इस क्षेत्र में आक्रमण किया जिसका

का किला अंग्रेजों का ही बनवाया हुआ है जिन्होंने इसके पूर्व ही भेदभाव की राजनीति की नींव रखी थी और जिस प्रकार भारत की विभिन्न जातियों और धर्मों के बीच आपसी लड़ाई करा कर मुट्ठी भर अंग्रेज भारत पर लगभग 200 वर्षों तक राजपाठ करते रहे । अंग्रेजों के यहां आगमन के बाद पहली बार आदिवासी समुदाय संगठित होकर विद्रोह करने लगा। यह विद्रोह मूलत अंग्रेज झारखंड वासियों ने मिलकर मुकाबला किया। जब अंग्रेज आए तब उन्होंने राजा को प्रजा से दूरी बनाकर रखना, लगान की वसूली करने और अपने लिए भव्य महल बनाने का आईडिया दिया। 1903 में रातू और उनके पिट्ठुओं के विरुद्ध था ना कि गैर आदिवासियों के विरुद्ध जो सदियों से इस क्षेत्र में रहते आए थे और सहिया संस्कृति के नाम से मशहूर यहां की आपसी एकता जो आज भी गांव में थोड़ी बहुत बची है उन्हीं दिनों का प्रतिनिधित्व करती है। इसमें एक करमडाइर या सहिया किस जाति का या धर्म का है इससे कोई मतलब नहीं था। झारखंड बनते ही खनिज संपदा से समृद्ध इस राज्य में राजनीतिक पार्टियों के माध्यम से अपना खोया प्रभुत्व फिर से जमाने के लिए जातीय और धार्मिक आधार पर वर्चस्व की राजनीति करने वाले तत्वों का प्रवेश हुआ तब से अगड़े पिछड़े, धर्म जाति और आदिवासी गैर आदिवासी, मूल निवासी, आदिवासी हिंदू नहीं हैं जैसे मुद्दे बहुत ही सुनियोजित ढंग से गांव-गांव में विभिन्न पार्टियों द्वारा फैलाए जा रहे हैं। वोट बैंक की राजनीति के लिए जिस प्रकार पंजाब, उत्तर पूर्व और सबसे बुरी हालत कश्मीर की हुई या जातीय आधार पर राजनीति में बिहार की दुर्गति हुई इस प्रकार की राजनीति यहां की मुख्य धुरी बनती जा रही है। बड़ी-बड़ी गाड़ियों से लेकर महंगी मोटरसाइकिल, ब्रांडेड कपड़े और संगठित ढंग से प्रशिक्षण देकर महाराष्ट्र,आंध्रप्रदेश,छत्तीसगढ़ और बंगाल के अलावा विदेशी तत्व झारखंड में जो आग सुलगाने की तैयारी में है उसकी झलक कभी-कभी दिखती है जो कभी मदरसों से लेकर मंदिरों की बढ़ती संख्या, तो कभी पत्थलगड़ी से विकास रोकने के अभियान की बात करती तो कभी दिउड़ी मंदिर को 16 भुजी दुर्गा मंदिर नहीं दिरी बताती है तो बेड़ो के महादानी मंदिर को घेरने की बात करती है। सूत्रों का कहना है की झारखंड के गांव-गांव में जहां प्रशासन को भी जाने में झिझक महसूस होती है वहां गोल घेरे में जय झारखंड लिखी गाड़ियां रात दिन बे रोकटोक कैसे जाती हैं और विदेशी खासतौर पर अमेरिका मूल की कुछ स्वयंसेवी संस्थाएं क्या कार्य कर रही हैं और उनके पास जातीय धार्मिक जनसंख्या जन समूह को प्रभावित करने वाले लोगों की सूची का जो डाटा उपलब्ध है और उनमें से कुछ धार्मिक लोगों की विदेश यात्राओं की या दक्षिण भारत या दिल्ली यात्राओं की यदि एनआईए जांच करें तो झारखंड को भविष्य में सुलगने से बचाए जा सकता है। सबसे बड़ी भूमिका सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे दुष्प्रचार की है जिसपर सुरक्षा एजेंसियों को नजर रखनी चाहिए।

राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बभंडी में बिना सूचना के हेडमास्टर गायब

शिकायत पर उप प्रमुख पहुंचे स्कूल, जांच में बंद मिला मुख्य गेट

● अभिभावकों ने प्रधानाध्यापक को हटाने की मांग की

सुरेन्द्र प्रसाद

हैदरनगर। प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बभंडी में शैक्षणिक व्यवस्था चौपट होने से अभिभावकों में रोष है। उनकी शिकायत पर उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान स्कूल परिसर पहुंचे तो स्कूल के मुख्य गेट में ही ताला लटका पाया है। इसकी तत्काल सूचना बीईईओ महेन्द्र प्रजापति को दिए जाने पर स्वयं को जिला में मीटिंग में शामिल होने का हवाला देकर किसी कर्मी को इसकी जांच के लिए भेजा गया। इससे असंतुष्ट उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान ने जिला शिक्षा पदाधिकारी संदीप कुमार से वार्ता कर इस मामले को संज्ञान में दिया है। जिस पर कार्रवाई करने का भरोसा भी दिया गया। उन्होंने तत्काल प्रभाव से हेडमास्टर आजाद हैदर सिद्दीकी को इस विद्यालय से हटाने का सुझाव दिया है।

जांच के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक आजाद हैदर सिद्दीकी पर मनमाने ढंग से विद्यालय को बिना सूचना के बंद रखकर विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। उनकी लापरवाही पर पूछे जाने पर शिक्षक सिकेश कुमार सिंह, जयकुमार, नीरज कुमार, विकास कुमार, राजू कुमार, मनोज कुमार ने चुप्पी साध ली है। जांच में शिक्षकों के साथ भी अभद्र व्यवहार करने का आरोप प्रधानाध्यापक पर लगाया गया है। यह भी बताया गया कि सभी शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज नहीं होने से उन्हें भी मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार उनकी लापरवाही कोई पहली बार नहीं, कई बार उजागर होने के बाद भी उच्चाधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने से प्रधानाध्यापक का मनोबल बढ़ा है। ग्रामीणों सहित अभिभावकों ने कहा कि अब उनका सब्र टूट चुका है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी से अविलंब प्रधानाध्यापक को विद्यालय से हटाने और कार्रवाई करने की मांग की है। विद्यालय में नियमित पठन-पाठन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। बच्चों की शिक्षा में आ रही रुकावट को देखते हुए कहा है कि उनकी बातों पर तत्काल पहल नहीं किया गया तो स्कूल के मुख्य द्वार पर ही बाध्य होकर आंदोलन शुरू करेंगे। एसएमसी अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने बताया कि ग्रामीणों ने कई बार प्रधानाध्यापक के विरुद्ध शिकायत की है।

लगातार बारिश से किसान परेशान

धान और मक्का उत्पादन को लेकर किसानों का भरोसा टूटा

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। लगातार बारिश से जहां धान उत्पादन के प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं,भदई फसलों में मक्का, तील, मूंगफली और बोदी-बराई की बोवाई की उम्मीद नहीं रह गई है। ऐसे में सभी के नुकसान की भरपाई के लिए नगदी और दमदार फसल के रूप में अरहर उत्पादन पर सबकी उम्मीद टिक गई है। किसानों का कहना है कि अरहर की दाल अभी बाजार में 120 रुपए कि.ग्रा के भाव पर है। इसकी बोवाई से रोजमर्रा की जरूरत पूरी होने के साथ ही इसमें पूंजीनिवेश से बिना खाद-पानी के लाभ प्राप्त हो सकता है। इस वजह से बीच के दौर में बारिश के बंद होने पर अरहर की तेजी से बोवाई कर ली गई। लेकिन बारिश की यही स्थिति रही,तो अतिवृष्टि बड़ी प्राकृतिक आपदा के रूप में खरीफ और भदई फसलों के नुकसान का कारण बन सकती है। इससे अरहर का उत्पादन भी प्रभावित हो सकता है। जैसा कि मौसम पूवार्नुमान में भी अभी और भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है।

आठवीं मुहर्रम को जुलूस-ए-अजा निकला

या हुसैन, या अब्बास का सदा लगाकर की आग मातम

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद में आठवीं मुहर्रम को हजरत अबुल-फजलिल अब्बास अलमदार का मातम किया गया। आठवीं मुहर्रम को जुलूस-ए-अजा निकाली गई। मुख्य कार्यक्रम मरहूम सैयद जाकिर हुसैन के झाझा गोदाम के घर से जुलूस निकाल कर गांधी चौक होते हुए सदर इमामबाड़ा पहुंचकर इसका समापन हुआ। इमामबारगाह पहुंचकर लोगों ने जलते हुए अंगारों पर या हुसैन या अब्बास की सदा लगाते हुए नंगे पैर चलकर आग मातम किया। इस आग मातम में सभी आलम को हाथों में लेकर चल रहे थे, जिसमें कुछ बच्चे भी शामिल थे। इमामबाड़े पहुंचकर जुलूस सभा में तब्दील हो गया। जहां मौलाना सैयद अब्बास ने मौला अब्बास के फजायल और मसायब बयान फरमाए। कार्यक्रम का नेतृत्व मुतवल्ली सैयद तक्की हुसैन रिजवी, सैयद मुजफ्फर हुसैन, सैयद बिनते हुसैन, सैयद इकबाल हुसैन (काशिफ), सिकंदर मिर्जा, रेहान रिजवी, वसीम हुसैन, सैय्यद इब्ने हुसैन, गौहर मिर्जा, आमीन मिर्जा कर रहे थे। जबकि नौहेखानी सैयद इमरान हुसैन, सैयद राजू हुसैन, रिजवान हुसैन, असद हुसैन, सैयद मुस्तफा हुसैन, समीर मिर्जा, सैयद अली हसन, इस्लाम मिर्जा, जैद मिर्जा, सैयद हैदर अली आदि ने किया।

सुरक्षा व सौहार्दपूर्ण माहौल को लेकर सुरक्षाबल तैनात

मोहम्मदगंज। मुहर्रम पर शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण माहौल कायम रखने के लिए अलग-अलग स्थान में विभिन्न विभाग के अधिकारी बतौर मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त व पुलिस पदाधिकारी बल के साथ तैनात किए गए हैं। इस संबंध में उपायुक्त और आरक्षी अधीक्षक की ओर से संयुक्त आदेश जारी किया गया है। इसके अनुसार मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय बाजार में बतौर मजिस्ट्रेट जेई प्रदीप कुमार, बटौआ में जेई राहुल कुमार, सबनवां में जनसेवक सह प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल, गोड़ाडीह पंचायत सचिव राजकुमार दास, भजनियां पंचायत सचिव अविनाश कुमार, कोल्हुआ राजस्व उप निरीक्षक प्रेमचंद कुमार और वीरधवर में प्रखंड उद्यमी समन्वयक सोनल कुमार शर्मा बतौर मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त किए गए हैं। वहीं,पुलिस पदाधिकारी के तौर पर पुअनि सुबीर किस्कू,शेख अमानुल्लाह,सुरेन्द्र तिवारी,हरेराम सिंह,मो. क्यामुद्दीन अंसारी इन मजिस्ट्रेट के साथ सदलबल तैनात किए गए हैं। जबकि थाना में बतौर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी सुरक्षित रूप में बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार और थाना प्रभारी नारायण सोरेन को अधिसूचित किया गया है। जिन्होंने चिन्हित स्थलों पर कमान संभाल लिए हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का धरना-प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

पांडू। पलामू जिले में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक अनशन किया। इस अनशन में पांडू प्रखंड के सभी पंचायतों से आए हुए वार्ड सदस्य, ग्राम पंचायत के मुखिया और मुखिया संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि सिंटू सिंह और उप अध्यक्ष राम बाबू यादव पंचायत समिति सदस्य,पांडू प्रखंड जिला परिषद सदस्य गोविंद सिंह,पांडू प्रखंड के प्रमुख नीतू सिंह, चैनपुर प्रखंड जिप सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, फैजल अहमद, चैनपुर प्रखंड प्रमुख सुनील सिंह, बिश्रामपुर जिप सदस्य विजय रविदास और लेस्लीगंज प्रखंड के जिप सदस्य विजय राम समेत बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी प्रतिनिधियों ने एक सुर में सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। प्रतिनिधियों ने बताया कि पंचायतों को सशक्त करने के नाम पर योजनाएं तो बनाई जाती हैं लेकिन उनका लाभ जमीनी स्तर तक नहीं पहुंच पाता। उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे चरणबद्ध आंदोलन करेंगे और आने वाले समय में विधानसभा का घेराव भी करेंगे। प्रदर्शनकारी प्रतिनिधियों ने पंचायती राज मंत्रालय से मांग की है कि पंचायत प्रतिनिधियों को भी सम्मानजनक मानदेय मिले। उन्हें अधिकार दिए जाएं और योजनाओं के क्रियान्वयन में उनकी भूमिका को मजबूती प्रदान की जाए।

धनुडीह का मार्ग बना नरक सड़क पर बह रहा गंदा पानी

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। शहर से सटे सदाबह नदी पार कर धनुडीह का मार्ग जाता है। यहां के लोगों को आवागमन सुलभ कराने को बड़ा शिवालय से इस टोला तक पीसीसी की सौगात मिली है। विडंबना तो यह है बरसात में इस पीसीसी पर कीचड़ और शहर के घरों से निकली गंदा पानी भी नदी में गिरता है। इस नदी को स्वच्छ बनाने के लिए बड़ा नाला निर्माण कराने का प्रस्ताव भी कागज पर सिमट गया। जिससे गंदे पानी का जलजमाव भी पीसीसी पर ही चालू मौसम में उभर कर आ जाता है। सर्वविदित है कि ऐसी समस्या के उभरते ही विभिन्न राजनीतिक श्रोतों से बड़ी बड़ी बातें घोषणा भी उभरने से पीछे नहीं रहती। बरसात खत्म होते फिर इनकी घोषणा उनके घरों में ही कैद रह जाती है। इसी तरह समय से पूर्व नहीं, बल्कि गर्मी का कहर सातवें आसमान पर आने पर क्षेत्र के श्रोतों को दुरुस्त कराने और विभिन्न बीमारियों से बचने बचाने के संदेशों की लगातार झड़ियां लग जाती है। यूं कहा जाए कि बरसात मुहल्ले टोला क्या, मुख्य बाजार के पथों पर ठीक से पैदल भी लोगों का चलना दुर्लभ होता है। जबकि हैदरनगर का मुख्य बाजार और मुख्यालय होने दंभ भी भरता है। जहां के लोगों को नारकीय स्थिति का सामना आवर्ती रुप में करना पड़ रहा है। इन परिस्थितियों के बीच विकास के किरण की रोशनी या अंधेरा ही अंधेरा मिलता है।

भाजपा कार्यकर्ता को मातृशोक

हैदरनगर। बाजार के राजपूतान टोला निवासी स्व. नरेश सिंह की 86 वर्षीय धर्मपत्नी पार्वती कुंवर का निधन हो गया। इनके निधन से मृतका के पुत्र सह भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता अनिल सिंह, सुनील सिंह और कृष्णा सिंह गहरे सदमे में हैं। इनका अंतिम संस्कार मणिकाणिका घाट वाराणसी में गंगा नदी के तट पर शुक्रवार को किया गया। इनके निधन की सूचना पर जिला परिषद सदस्य संगीता देवी, मुखिया संतोष सिंह और जितेंद्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य शैलू जयसवाल, बबलू, सोनू, महेंद्र सिंह, मोनू, अजय सिंह, भूपेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में शुभचिंतकों ने अंत्येष्टि में भाग लेकर शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

मोहर्रम को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

ऊंटारी रोड़। मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस पूर्ण रूप से मुस्तैद है। पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च। शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर डीएसपी आलोक कुमार टूटी, इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान, उंटारी रोड थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे, उंटारी, पाण्डु, और बिश्रामपुर थाना के पुलिस बल के साथ शनिवार को फ्लैग मार्च निकालकर शांति सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

विद्युत ट्रांसफार्मर खराब, ग्रामीण परेशान

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज (पलामू)। पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत पिपरा वार्ड नंबर 4 का विद्युत ट्रांसफार्मर पिछले कई वर्षों से खराब है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड सदस्य आनंद कुमार सिंह उर्फ पुतुन सिंह ने बताया कि ट्रांसफार्मर बदलने के लिए कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर विधानसभा स्तर के प्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराने के साथ ही बिजली विभाग को भी लिखित आवेदन ग्रामीणों द्वारा दिया गया है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका। रामजी राम, कपिल देव राम, रामचंद्र राम, अवधेश राम, अमित कुमार, शंभू राम, सूर्यकांत कुमार, भोला कुमार, रामदेनी राम , संजीत ठाकुर ,अर्जुन ठाकुर आदि ग्रामीणों ने उपायुक्त पलामू से इस दिशा में पहल कर समस्या का शीघ्र निदान कराने की मांग की है।

विधिवत पूजन के साथ मुख्य नहर में छोड़ा गया पानी

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। राष्ट्रीय नवीन मेल में शनिवार को मुख्य नहर में पानी छोड़े जाने के पूवार्नुमान से संबंधित प्रकाशित खबर सही साबित हुआ। स्थानीय भीमबराज स्थल पर मुख्य नहर के गेट पर भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर के समक्ष विधिवत पूजन के साथ दोबारा पानी छोड़ा गया। इस मौके पर कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश, अवर अभियंता सुलेंद्र कुमार, जेई निर्भय कुमार, शुभम राज और अनिल कुमार सहित अन्य कई कर्मी शामिल थे। पानी छोड़े जाने पर किसानों ने खुशी जताई है। इससे बिचड़ा डालने और धनरोपनी का काम अब पूरा कर लिया जाएगा। इससे धान उत्पादन को लेकर अनिश्चितता समाप्त हो गई है। बता दें कि 26 जून को ट्रायल के तौर पर 271 क्यूसेक जलप्रवाह छोड़ा गया था। लेकिन तकनीकी कारणों से जलप्रवाह को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया था। इस पर पहले एक उम्मीद 1 जुलाई को पानी छोड़े जाने को लेकर जताई गई थी। लेकिन यह भी संभव नहीं हुआ था। 3 जुलाई को इसे लेकर बैठक में निर्णय लिए जाने की बात कही गई थी। तब 5 जुलाई की शाम तक इसकी संभावना व्यक्त की गई थी। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि फिलहाल 243 क्यूसेक जलप्रवाह छोड़ा गया है। मांग और नहर की भौतिक स्थिति का आकलन के आधार पर जलप्रवाह को बढाया जा सकता है। मुख्य अभियंता अर्जुन प्रसाद सिंह के आदेशानुसार मुख्य नहर में पानी छोड़ा गया है।

हैदरनगरः पुश्तैनी जमीन पर अतिक्रमण से रैयत परेशान

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। प्रखंड के परता पंचायत अंतर्गत रघुनी राम अपनी पुश्तैनी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर काफी परेशान हैं। उन्होंने अंचल कार्यालय से लेकर उपसमाहर्ता कार्यालय तक कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला है। उन्होंने दिए गए आवेदन के आधार पर परता टोला कोठी पर निवासी रेखा देवी, पति का दिनेश पासवान को राज्य सरकार की अबुआ आवास योजना के तहत आवास निर्माण की स्वीकृति मिली है। उन्होंने आरोप लगाया है कि रेखा देवी ने यह मकान अपनी स्वामित्व वाली भूमि पर न बनाकर, रघुनी राम की खतियानी जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। रघुनी राम ने बताया कि खाता संख्या 112 के अंतर्गत प्लॉट संख्या 3386 और 3387 उनके पूर्वजों के नाम पर खतियानी भूमि दर्ज है। इसके बावजूद रेखा देवी द्वारा अवैध रुप से कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने इस संबंध में अंचल अधिकारी, बीडीओ और थाना प्रभारी हैदरनगर सहित उपसमाहर्ता हुसैनाबाद को भी आवेदन दिया है। उपसमाहर्ता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अंचलाधिकारी हैदरनगर को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है। लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी जमीन की नापी तक नहीं कराई जा सकी है। अंचलाधिकारी के दिशा निर्देश पर पीड़ित रघुनी राम ने ऑनलाइन माध्यम से भी नापी के लिए आवेदन किया। इसके बावजूद दूसरे के खतियानी जमीन पर अवैध निर्माण कार्य बदस्तूर जारी है।

समस्या

हादसे को आमंत्रित दे रहा मुख्य नहर का जर्जर पुल

लाइनिंग वर्क के साथ पुल निर्माण की धीमी रफ्तार बना जांच का विषय

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय स्टेशन रोड और सोनबरसा, गाजीबिहरा और कोसीआरा के समीप 4 दशक पहले उत्तर कोयल मुख्य नहर में बनाए गए पुलों की स्थिति काफी जर्जर हालत में पहुंच गई है। लोगों का कहना है कि ऐसी हालत में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बावजूद इसके इन जगहों के पुलों का नवनिर्माण को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जबकि मुख्य नहर के लाइनिंग वर्क के साथ ही इन पुलों का भी पुनर्निर्माण किया जाना है। वैसे, मुख्य नहर की लाइनिंग का काम ही धीमी गति से चल रहा है, तो इन जर्जर पुलों का पुनर्निर्माण कब तक हो

सकेगा, लोगों के लिए बड़ा सवाल बन गया है। बताया गया कि इन सभी पुलों की गिनती आवागमन के मामले में व्यस्ततम में की जाती है। इनमें स्थानीय स्टेशन रोड और कोसीआरा के पुलों का उपयोग भारी वाहनों के आवागमन के लिए किया जाता है। जिनकी स्थिति काफी कमजोर हो गई बताई जाती है। स्टेशन रोड का पुल कई जगहों पर क्षतिग्रस्त भी हो गया है। जबकि कोसीआरा पुल से अंतर्राज्यीय स्तर पर आवागमन का किया जाता है। ऐसे में जून माह में लाइनिंग वर्क के साथ पुल निर्माण कार्य का पूरा नहीं किया जाना जांच का विषय बन गया है। बता दें कि मुख्य नहर के लाइनिंग वर्क को अंतिम रूप से जून माह में पूरा करने का लक्ष्य 13 अगस्त 2023 को भीमबराज कंट्रोल रूम में पलामू सांसद विष्णुदयाल राम और औरंगाबाद व चतरा के निवर्तमान सांसद ने त्रिपक्षीय बैठक में तय किया था। जिसकी कसौटी कंपनी खरा नहीं उतरी है। अभी भी इन पुलों सहित करीब 12 किमी लाइनिंग वर्क पूरा किया जाना बाकी रह गए हैं।

न्यूज बॉक्स

मंडल रेल प्रबंधक किया डीडीयू-गढ़वा रोड रेलखंड का निरीक्षण

हुसैनाबाद/बरवाडीह। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने शनिवार को मंडल के अंतर्गत डीडीयू-सोन नगर-गढ़वा रोड रेलखंड का निरीक्षण यान से चल निरीक्षण किया गया। इस चल निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने रेलखंड में स्टेशन, रेलवे ट्रैक, छोटे-बड़े पुल- पुलिया आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने बगहा बिशुनपुर स्टेशन पर गहन निरीक्षण किया। स्टेशन पर यात्री सुविधा के अलावा स्टेशन भवन, सोलर पावर सिस्टम, रेलवे ट्रैक आदि के साथ कामकाज का निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक ने ट्रैक मेंटेनेंस और ट्रैक मेजरमेंट कार्य का सूक्ष्मता से जायजा लिया। मंडल रेल प्रबंधक ने कार्यरत रेल स्टाफ से सुविधा एवं कार्य प्रणाली को लेकर संवाद भी किया। डीडीयू-गढ़वा रोड रेलखंड के चल निरीक्षण के बाद मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना धनबाद मंडल के अंतर्गत बरवाडीह में स्थित रनिंग रूम पहुंचे। मंडल रेल प्रबंधक ने रनिंग रूम में रनिंग स्टाफ हेतु उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही रनिंग रूम में मौजूद रनिंग स्टाफ से मेस और शयन कक्ष में जाकर परस्पर संवाद किया। मंडल रेल प्रबंधक ने स्वयं मेस में लोको पायलट और गार्ड के साथ बैठकर दोपहर का भोजन भी किया और कार्य के साथ रनिंग रूम में सुविधाओं को लेकर उनका फीडबैक प्राप्त किया । इसके बाद मंडल रेल प्रबंधक ने बरवाडीह स्टेशन पर क्रू लॉबी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

हुसैनाबाद : चिकित्सा कैंप का आयोजन

हुसैनाबाद। सदर इमामबाड़ा पर आठवीं मोहर्रम को मौला मुश्किलकुशा मेडिकल स्टोर की ओर से चिकित्सा कैंप लगाया गया। जहां पर आग मातम करने के दौरान घायल लोगों को चिकित्सा सुविधा दी गई। इस अवसर पर मेडिकल के प्रोपराइटर सैयद अकबर अली ने लोगों को सुविधा अनुसार चिकित्सा मुहैया कराया। अकबर अली ने बताया कि लगभग 30 लोगों को फर्स्ट एड की आवश्यकता पड़ी। जिनका प्रारंभिक उपचार कर दिया गया। उक्त अकीदतमंद लोग कुछ देर बाद आराम महसूस करने लगे। उनके इस कार्य की तारीफ मुतवल्ली सैयद तक्की हुसैन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैयद हसनैन जैदी, शिक्षक हाशिम अली, अंजुमन हुसैनी के सचिव अरशद हुसैन ने प्रशंसा की और उनसे आगे भी ऐसे कामों में बढ़ चढ़ कर सहयोग करने का आग्रह किया।

मुहर्रम की नौवीं जुलूस निकाला गया

हरिहरगंज पलामू। मुहर्रम की नौवीं तिथि को परम्परागत तरीके से छोटी चौकी का जुलूस निकाला गया। इसमें सतगावा, सियारभुका, बनजारी, अररूआ, मेन रोड, महाराजगंज सहित कई स्थानों के मुस्लिम धर्मावलम्बी छोटी ताजिए के साथ शामिल हुए। जुलूस मेन रोड, मेन बाजार, अररूआखुर्द सहित अन्य स्थानो का भ्रमण किया। इस दौरान युवाओ ने मातम किया। साथ ही जगह जगह गोल लगाकर लाठी, तलवारबाजी आदि शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया। वहीं जुलूस को शांति पूवक संपन्न कराने के लिए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार,एस आई रंजीत कुमार सिंह, पथरा पिकेट प्रभारी एएसआई मंटू कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी सशस्त्र बल के साथ सक्रिय रहे। संवेदनशील स्थानो पर पुलिस की तैनाती देखी गई । मुहर्रम की नौवीं जुलूस को लेकर शहर में करीब चार घंटों तक विद्युत आपूर्ति बंद रही। इस संबंध में प्रभारी सहायक अभियंता ने बताया कि प्रशासन के अनुरोध पर सुरक्षा के लिए एहतियातन विद्युत आपूर्ति बंद की गई थी।

झारोटेफ ने बीइइओ का किया स्वागत

हरिहरगंज (पलामू)। स्थानीय बीआरसी कार्यालय में शनिवार को झारोटेफ की प्रखंड इकाई ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार को अंगवस्त्र और बुके देकर स्वागत किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पदभार ग्रहण करने के साथ ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रयत्नशील हैं। उन्होंने आशा जताई कि इनके मार्गदर्शन में झारोटेफ संगठन और भी सशक्त बनेगा। इस अवसर पर संगठन के जिला उपाध्यक्ष डॉ. राजकुमार,जिला सह संयोजक राजेश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष नवीन कुमार, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभिलाषा कुमारी, सचिव विनय कुमार, प्रवक्ता डॉ ओरेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी प्रणव कुमार, प्रधानाध्यापक अरविंद गुप्ता, संतोष गुप्ता, अर्जुन राम, हरिनंदन मेहता,देवेन्द्र कुमार, ब्रम्हदेव यादव, संजीत कुमार, रणवीर कुमार, दिलीप कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

या हुसैन की सदाओं संग लहराया अकीदत का कारवां

नीलाम्बर पीताम्बरपुर। लेस्लीगंज की फिजाओं में मोहर्रम की नवमी के मौके पर गम और अकीदत का संगम देखने को मिला। जब मुस्लिम नगर से निकलकर इराकिया मोहल्ला, मेन रोड, थाना परिसर होते हुए गांधी चौक से पथरही तक जुलूस-ए-नवमी पूरे शानो-शौकत के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर डबरा, ढेला, पतरा और गोपालगंज से आए अंजुमनों के जुलूसों का भव्य मिलान हुआ। जिससे जुलूस की रौनक और भी बढ़ गई। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने या हुसैन, या अली की गूंजती सदाओं के साथ मातम करते हुए इमाम हुसैन की कुबार्नी को याद किया। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था में स्थानीय थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय सक्रिय दिखे। थाना परिसर और गांधी चौक पर सुरक्षाबलों की तैनाती के साथ-साथ शांति समिति के सदस्य भी जुलूस में पूरी तरह मुस्तैद रहे।

लेस्लीगंज में मुहर्रम को लेकर फ्लैग मार्च

नीलाम्बर पीताम्बरपुर। मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में शनिवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस बल ने लेस्लीगंज, कोटखास, कुराइनपतर, गोपालगंज, गांधी चौक, ढेला चौक समेत विभिन्न क्षेत्रों में मार्च किया। इस दौरान पुलिस द्वारा लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और किसी भी अफवाह से बचने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि मुहर्रम के अवसर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। कहीं भी शांति भंग करने की कोशिश की गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में एसआई विक्रम शील, राजू मांझी, मो. नईम सहित थाना पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

जयंती पर याद किए गए रामविलास पासवान

नीलाम्बर पीताम्बरपुर। बाबा वीर चौहरमल कल्याण समिति के तत्वाधान में लेस्लीगंज बाजार में अटल स्मृति भवन के बगल में पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के आदमकद प्रतिमा पर उनके जन्मजयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। साथ ही श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों ने अपने विचार व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान ने कहा कि स्वर्गीय रामविलास पासवान गरीब, शोषित ,दलित पिछड़ों की आवाज बनकर उभरे एवं उस घर में विकास रूपी दिया जलाया जहां सदियों से अंधेरा था। मौके पर वीर चौहरमल कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, प्रखंड अध्यक्ष अजय पासवान,चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल सोनी, वशिष्ठ पासवान,आनंद कुमार, हरिनंदन पासवान, ललन पासवान, बालकेश पासवान, अशोक पासवान, राजू पासवान, श्यामबिहारी पासवान, संजीव पासवान,श्री भगवान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

किसानों के बीच बीज का वितरण

नीलाम्बर पीताम्बरपुर। प्रखंड कार्यालय स्थित कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में एनएफएसएम, बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत मुफ्त में ग्राम गुरुवा के लगभग 30 किसानों के बीच 4-4, अरहर, उरद बीज का वितरण किया गया। मौके पर सहायक तकनीकी प्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि सरकार ऐसा किसानों को खेती में बढ़ावा देने के लिए कर रही है। इससे किसान प्रोत्साहित होते हुए स्वावलंबी बनेंगे। साथ ही खेती की और प्रेरित हो। आसानी से बीज मिलने से किसान अपने-अपने खेतों में विभिन्न किस्म के खरीफ फसल लगाएंगे। उक्त मौके पर पंचायत ओरिया कला के मुखिया संगीता देवी, जनसेवक कांति मिंज उपस्थिति में लाभुक किसान गुलाब चंद राम, उपेंद्र राम ,सिकेंद्र राम, संध्या देवी, परमानंद राम, आशीष कुमार, बीरेंद्र राम ,संजय चौधरी, संजना चौधरी सहित कई महिला, पुरुष किसानों के बीच बीजों का वितरण किया गया।

मुहर्रम पर्व को लेकर मेदिनीनगर में प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च, सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम

अफवाह पर ध्यान न दें आम जनता : डीसी

● शांति और भाईचारे के साथ मनाएं पर्व : एसपी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और पलामू पुलिस की ओर से संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया। यह मार्च मेदिनीनगर थाना परिसर से प्रारंभ होकर हॉपिटल चौक, सतार सेठ चौक, माली मोहल्ला और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा।

फ्लैग मार्च में उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, पुलिस अधीक्षक अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सीआरपीएफ, थाना प्रभारी, जिला बल, क्यूआरटी, एंटी रॉयट टीम तथा अन्य सुरक्षा बलों के जवान बड़ी संख्या में शामिल रहे। मार्च के दौरान पूरे मार्ग पर सुरक्षा बलों की पैनी नजर के साथ-साथ ड्रोन कैमरों से निगरानी भी की गई।

उपायुक्त समीरा एस. ने कहा कि मुहर्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। लोग निश्चिंत होकर अपना पर्व मनाएं। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी संदेश को साझा करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांचें। प्रशासन आपके साथ है।

पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने जानकारी दी कि 4 जुलाई से ही जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। 4 जुलाई को ही बिहार सीमावर्ती थाना हरिहरगंज में औरंगाबाद पुलिस के साथ संयुक्त रूप से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई और फ्लैग मार्च भी निकाला गया। लोगों से पर्व को शांति, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई है।"

संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष गश्ती

- ड्रोन एवं सीसीटीवी से निगरानी
- फ्लैग मार्च एवं मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग
- सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल सक्रिय
- कंट्रोल रूम एवं हेल्पलाइन नंबर चालू
- एंटी रॉयट एवं क्यूआरटी टीमें सतर्क
- चिकित्सा, बिजली, पानी एवं साफ-सफाई की व्यवस्था चाक-चौबंद
- सोशल मीडिया पर वायरल भ्रामक वीडियो को लेकर चेतावनी

सूचित करें।"

हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें यह भ्रामक दावा किया जा रहा है कि किसी जुलूस या आयोजन में फिलिस्तीन देश का झंडा लहराया गया है। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि वीडियो में जो झंडा दिखाया गया है, वह कुछ स्थानीय लोगों द्वारा स्वयं निर्मित किया गया है और उसका किसी भी देश, विशेषकर फिलिस्तीन से कोई संबंध नहीं है। यह एक तथ्यहीन और भ्रम फैलाने वाला वीडियो है, जिसे दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य से प्रसारित किया जा रहा है।

बाल श्रम उन्मूलन को लेकर डीसी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक

छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में बाल श्रम उन्मुलन को लेकर गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने श्रम अधीक्षक एतवारी महतो से विगत जून माह में श्रम उन्मुलन को लेकर किये गये कार्यों की जानकारी ली, बताया गया कि जून माह में कुल 9 बाल श्रमिकों को बाल श्रम से विमुक्त किया गया है। इस दौरान संबंधित नियोजक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। उपायुक्त ने विमुक्त किये गये सभी बाल श्रमिकों को सीडब्लूसी के समझ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने व स्कूल में एडमिशन कराने की बात कही। वहीं ये सभी बच्चे दोबारा अपने कार्यों में न लौट जाये यह भी सुनिश्चित करने की बात कही। इसी क्रम में उन्होंने डीईओ से पूर्व में विमुक्त हुए बच्चों का फॉलोअप रखने की बात कही। बैठक में उपायुक्त ने जुलाई माह में होने वाले छापेमारी को औचक रूप से किये जाने को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान ढाबा,लाइन होटल,ईंट भट्ठा,गैरेज,वाशिंग सेंटर आदि में छापेमारी चलाने हेतु निर्देशित किया गया। विमुक्त बाल श्रमिक की ट्रैकिंग तथा पुर्नवासन के लिये मानक कार्य पद्धति के अनुसार कार्य किये जाने का निदेश दिया।

बैठक में उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन,जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रतिनिधि, श्रम अधीक्षक एतवारी महतो,जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश,प्रभारी जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य समेत अन्य उपस्थित रहे।

साइबर अपराधों की रोकथाम को लेकर डीआईजी ने जारी किए निर्देश

● जन-जागरूकता अभियान, त्वरित शिकायत पंजीकरण व लंबित कांडों की समीक्षा का दिया आदेश

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक नौशाद आलम ने साइबर अपराधों में हो रही अप्रत्याशित वृद्धि को गंभीरता से लेते हुए पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों के सभी पुलिस उपाधीक्षकों, थाना प्रभारियों तथा संबंधित अधिकारियों को साइबर अपराध की रोकथाम के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि आम लोग अज्ञानता या उत्सुकतावश अनजान कॉल्स का उत्तर देकर साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सचेत किया जाए। प्रेषित पत्र में कहा गया है कि किसी भी साइबर ठगी या डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में सूचना गोपनीय नहीं रखी जाए तथा तुरंत स्थानीय थाना, साइबर थाना या वरीय अधिकारियों को सूचित किया जाए। सूचना मिलते ही तत्काल जांच शुरू करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कोई भी थाना या साइबर थाना मामले को टालने का प्रयास न करे। डीआईजी ने निर्देश दिया है कि साइबर थाना हेल्पलाइन का प्रचार-प्रसार किया जाए और जनता को जागरूक करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही, पूर्व से लंबित साइबर अपराध मामलों की अद्यतन स्थिति तैयार कर समीक्षा की जाए। इस क्रम में तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षकों को एक सप्ताह के भीतर लंबित कांडों की समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। पत्र में यह भी उल्लेख है कि डीआईजी द्वारा इन कांडों की प्रगति की समीक्षा किसी भी समय की जा सकती है।

मुहर्रम के अवसर पर प्रार्थना सभा का आयोजन

झूठ के खिलाफ सच का पैगाम है मुहर्रम : अविनाश देव

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। संत मरियम स्कूल परिसर में मुहर्रम के अवसर पर आयोजित प्रार्थना सभा में चेयरमैन अविनाश देव ने विद्यार्थियों को ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से मुहर्रम की महत्ता बताते हुए कहा कि यह दिन झूठ और अन्याय के विरुद्ध सच और इंसानियत की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यजीद इस्लामी दुनिया का खलीफा बनना चाहता था और अपने विचारों को जबरन सब पर थोपना चाहता था, लेकिन हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हुसैन साहब ने उसकी बात मानने से साफ इनकार कर दिया। अविनाश देव ने कहा कि हुसैन साहब ने यातनाओं को सहा, लेकिन सत्य से विचलित नहीं हुए। कर्बला के मैदान में दसवें दिन उन्होंने शहादत दी, लेकिन अपने पैगंबर की शिक्षाओं और सत्य के मार्ग पर अडिग रहे।

उन्होंने कहा कि धर्म और पंथ केवल ईश्वर तक पहुंचने के अलग-अलग मार्ग हैं, लेकिन परमात्मा एक ही है और हम सभी उसी की संतान हैं। ऐसे में एक-दूसरे के विश्वास और आस्था का सम्मान करना, वास्तव में परमात्मा का सम्मान करना है।

देश के संवैधानिक ढांचे की बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का संविधान ही देश का सर्वोच्च कानून है और हर नागरिक को उसके सिद्धांतों के अनुरूप चलना चाहिए। कुछ अराजक तत्व देश में अपनी मनमानी थोपना चाहते हैं, लेकिन संविधान इसकी इजाजत नहीं देता।

उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे सत्य, त्याग, बलिदान और सहनशीलता के मूल्यों को अपने जीवन में उतारें। मुहर्रम हमें यही सिखाता है कि चाहे हालात जैसे भी हों, सच का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सत्यमेव जयते के मंत्र के साथ सभा का समापन हुआ।

डालसा ने जनहित में किया कई कार्यक्रमों की शुरूआत, बेसहारा लोगों को मिलेगा लाभ

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय के निर्देशन में डालसा पलामू की ओर से साथी,जागृति, आशा और डॉन स्कीम के तहत जिले के विभिन्न गांव में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने बताया कि साथी अभियान के तहत वैसे 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे जो बेसहारा हैं, निराश्रित है, जिनका कोई आश्रय नहीं है। उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा चिन्हित कर लाभ पहुंचाया जा रहा है। साथी अभियान के तहत नशा के चपेट में आने से कैसे बचे इसके लिए नशीले पदार्थों के नुकसान के बारे में जानकारी दी जा रही है। नशीले पदार्थ का व्यापार व एक स्थान से दूसरे स्थान पर नशीले पदार्थ ले जाना भंडारण करना बेचना और सेवन करना अपराध है और कानून में कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि नशा के व्यापक असर मस्तिष्क पर पड़ता है। उन्होंने आशा अभियान के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चियों और 21 वर्ष से कम उम्र के बच्चे का विवाह कानून के द्वारा प्रतिबंधित है। इस तरह के विवाह में शामिल होने वाले दोनों पक्षकार कानून में अपराधी होंगे और उन्हें सजा हो सकती है। उन्होंने कहा कि छह जुलाई से 20 जुलाई तक दिव्यांग बच्चों के लिए माननीय झालसा के निदेर्शानुसार एक विशेष अभियान की शुरूआत की जा रही हैं जिसमें दिव्यांग बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ उनतक पहुंचाया जाय। उन्होंने कहा कि पीएलबी के द्वारा मइया सम्मान योजना, विधवा पेंशन, आवास योजना ,लोक अदालत, 90 दिवसीय राष्ट्र के लिए मध्यस्थता आदि के बारे में जानकारी दी जा रही है। वहीं पीएलबी को गांव गांव में भेज कर लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजना और डालसा द्वारा प्रदत सुविधा के बारे में जानकारी दी जा रही है।

शहर में निकला मोहर्रम की आठवीं तारीख का जुलूस

अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन को किया याद

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। इस्लाम धर्मावलंबियों ने शनिवार को मेदिनीनगर में देर रात मुहर्रम इंतजामिया कमेटी जेनरल के नेतृत्व में मुहर्रम की आठवीं तारीख का जुलूस निकाला। चौक-चौराहों पर गोल लगाकर खिलाड़ियों ने पारंपरिक हथियारों से खेल का प्रदर्शन किया। शहर के पहाड़ी मुहल्ला स्थित कर्बला मैदान से निकला जुलूस शाह मोहल्ला होते हुए कन्नी राम चौक पहुंचा। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मातम किया। जुलूस के मार्ग पर कई जगहों पर हुए लंगर में लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरानशांति और सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय रहा। जुलूस के दौरान अजादारों ने जगह-जगह रुककर मातम किया। सीना जनी और नौहा पढ़कर इमाम हुसैन और उनके साथियों की कर्बला में शहादत को याद किया गया। जुलूस में शामिल लोग या हुसैन, या अली का नारा लगाते रहे। जुलूस में हुसैन नगर, राहत नगर, मुस्लिम नगर, कसाव मुहल्ला, माली मोहल्ला, शास्त्री नगर, धोबी मुहल्ला, सुदना, नावाटोली राइन मोहल्ला, कुंड मोहल्ला के लोग निशान व बाजे-गाजे के साथ शामिल हुए। शनिवार की सुबह जुलूस निर्धारित मार्ग सत्तार सेठ चौक, विष्णु मंदिर रोड, चावल पट्टी, घड़ा पट्टी, जैन मंदिर रोड, पंचमुहान चौक होते हुए दोपहर में छहमुहान पहुंचा। वहां पर गोल जमा रहा और लोगों ने पारंपरिक हथियारों से करतब दिखाये। इसके बाद जुलूस जिला स्कूल चौक, सेवा सदन रोड, कोयल नदी तट, शिवाला घाट, शिवाला रोड, आढ़त रोड, कन्नीराम चौक होते हुए वापस हुआ। जुलूस में जेनरल महताब आलम उर्फ पिंटू,पूर्व जनरल जीशान खान, इसराइल आजाद,इमामुद्दीन खान, इमामुद्दीन राइन, अंजुमन इसलाहुल मुस्लेमीन कमेटी के सदर मुस्तफा कमाल, मुन्ना खान, मोहम्मद नेयाज अहमद, सन्नु सिद्दीकी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

प्रेरणा कार्यक्रम में ऑक्सफोर्ड स्कूल के प्राचार्य को मिलेगा पुरस्कार

● उत्कृष्ट शैक्षिक नेतृत्व व प्रेरणादायी भूमिका के लिए मिलेगा सम्मान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, शाहपुर के प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह को आगामी प्रेरणा कार्यक्रम में सम्मान और पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। यह सम्मान उन्हें शिक्षकों के मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और उनके मेंटर के रूप में चयन को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि प्रेरणा उत्सव 2024 में विद्यालय की शिक्षिका को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य, सराहनीय सहभागिता, समर्पण, दृष्टिकोण और नेतृत्व क्षमता के आधार पर राष्ट्रीय स्तर के मेंटर के रूप में चुना गया था। इस चयन की पृष्ठभूमि में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सिंह की महत्वपूर्ण प्रेरक भूमिका को मान्यता दी गई है। कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा बताया गया कि डॉ. सिंह ने शिक्षकों को लगातार मार्गदर्शन, सहयोग और सकारात्मक वातावरण प्रदान कर उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि की है, जिसके फलस्वरूप यह सफलता संभव हो सकी।

विद्यालय के निदेशक एवं पांकी विधायक डॉ. एस. वी. पी. मेहता ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने प्राचार्य डॉ. सिंह को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

विद्यालय प्रबंधन समिति को दिया गया प्रशिक्षण

● लैंगिक भेदभाव बच्चों के विकास में बाधक : परशुराम तिवारी

● शक्षण में सीआरपी, बीआरपी, बीपीएम और बीपीएम ने भाग लिया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड शिक्षा परियोजना पलामू के तत्वावधान में सीएम उत्कृष्ट राजकीय+2 उच्च विद्यालय (जिला स्कूल) मेदिनीनगर के प्रशाल में आयोजित विद्यालय प्रबंधन समिति के जिला प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षक ओमप्रकाश सिंह ने नेतृत्व व संवाद कौशल, रणबहादुर कुमार ने प्रयास सह प्रोजेक्ट इम्पैक्ट, विनोद राम ने पोक्सो एक्ट और विद्यालय विकास योजना और विनय सिंह ने बाल अधिकार और लैंगिक समानता पर गतिविधि के आयोजन के साथ जानकारी दी। प्रशिक्षण में सीआरपी, बीआरपी, बीपीएम और बीपीएम ने भाग लिया। अंकेश पाठक ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुति दी। एपीओ क्रांति कुमार चांद ने कहा कि इस प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षकों को इसे जमीनी स्तर पर ले जाना है, जहां विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों को प्रशिक्षित किया जायेगा। शिक्षक परशुराम तिवारी ने बताया कि लैंगिक भेदभाव बच्चों के विकास में बाधक है और यह उनके साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि शिक्षक और माता-पिता सहित हरेक जवाबदेह व्यक्ति को ज्ञात रहना चाहिए कि बच्चों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाकर उन्हें नहीं सिखाता जा सकता। वे बहुत ही संवेदनशील होते हैं। उनसे उनकी जरूरतों व परिस्थिति के अनुसार भावनात्मक रूप से जुड़कर व्यवहार करने से ही बेहतर परिणाम आयेंगे। ज्ञान थोपने के बजाय सीखने का अनुकूल माहौल तैयार करना जरूरी है। प्रशिक्षण में सहयोग के लिए शिक्षा कर्मी वीरेन्द्र तिवारी, जावेद अख्तर व विनोद तिवारी सक्रिय रहे।

श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ संपन्न

● आराधना करने से सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार : अन्नू भैयाजी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में के दूसरे दिन बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह पूजा पाठ तथा शाम को आरती एवं प्रश्न मंच के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। संगीत मंडली ने लोगों के बीच भक्ति का समां बांधा। यज्ञ में प्रथम आरती करने का सौभाग्य रमा रारा को मिला। कार्यक्रम में प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी अन्नू भैया जी ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि सिद्ध चक्र विधान में कल नौ पदों की आराधना की जाती है। यह आराधना पूजा और मंत्रोच्चार के माध्यम से की जाती है। यह विधान जैन धर्म में एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान माना जाता है, जिसे शांति और सफलता के लिए किया जाता है. इस विधान को करने से भाव की शुद्धि होती है जिससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। फल स्वरुप शांति और समृद्धि की प्राप्ति विभिन्न रोगों से मुक्ति एवं सभी इच्छाओं की पूर्ति होती है। बताते चलें कि यह सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति यज्ञ 3 जुलाई को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ था जो 10 जुलाई तक चलेगा। कार्यक्रम दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष सह संयोजक सदस्य सरस छाबड़ा, महिला मंडल अध्यक्ष पुष्पा रारा एवं जिनेंद्र भक्त मंडल के अध्यक्ष सुमित रारा की महत्ती भूमिका रही।

आस्था पलामू से लगातार 25वें वर्ष कांवरियों की सेवा हेतु रवाना हुए सेवादार

माता हीरामणि देवी सेवा शिविर का कार्य सराहनीय : विधायक

● कांवरियों की सेवा करना सौभाग्य की बात : एसपी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। माता हीरामणि देवी सेवा शिविर के 160 सेवादारों की टीम को श्रावणी मेले में देवघर स्थित बाबा नगरी में कांवरियों की सेवा करने हेतु पलामू से रवाना किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजसेवी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। माता हीरामणि देवी सेवा सिविल के सदस्यों से मिली जानकारी के अनुसार उनके द्वारा विगत 25 वर्षों से इस सेवा शिविर का आयोजन किया जाता है। इस दौरान कांवरियों को जरूरत के अनुसार वहां और चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना उनके लिए भंडारे का आयोजन करना शिविर का मुख्य उद्देश्य होता है। मौके पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि सावन महीने में देवघर जाने वाले कांवरियों की सेवा करना सौभाग्य की बात होती है। इस तरह सेवादारों को यहां से रवाना करना बेहद खुशी का पल है। विधायक आलोक चौरसिया ने भी माता हीरामणि देवी सेवा शिविर के कार्य की सराहना की। मौके पर पूर्व मेयर अरुणार शंकर, बीजेपी नेता विनोद सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, बीजेपी जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, अविनाश देव, बीजेपी के महिला मोर्चा के लवली गुप्ता, सहित अन्य गणमान्य लोगों ने मिलकर सेवादारों की टीम को हरी झंडी दिखाकर देवघर के लिए रवाना किया।

शिविर में आकर सेवा करने का मौका दें : प्रमोद

हर साल की तरह इस साल भी शिविर लगाकर भक्ति भाव से सभी कांवरियों की सेवा करेंगे,जो अपने आप में काफी सराहनीय है। माता हीरामणि देवी सेवा शिविर के सदस्य प्रमोद अग्रवाल ने जानकारी दी कि इस बार 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। जिसे वे सभी रजत जयंती के तौर पर मना रहे है। प्रमोद अग्रवाल ने सभी कांवरियों से अपील की है कि वे एक बार सेवा शिविर में आकर उन्हें सेवा करने का मौका दें। सेवादारों को विदा करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

अंतिम दिन फॉर्म भरने के बड़ी संख्या में पहुंचे अभ्यर्थी, शाम तक डाकघर में लगी रही भीड़

मेदिनीनगर। पलामू जिले में चतुर्थवर्गीय बहाली को लेकर मुख्य डाकघर में शनिवार को परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को भी अभ्यर्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान भीड़ को संभालने हेतु लगाए गए होम गार्ड के जवान विधि व्यवस्था बनाते दिखे। हालांकि दोपहर के बाद मुख्य डाकघर में धीरे धीरे अभ्यर्थियों की भीड़ में कमी आ गई। अंतिम समय तक फार्म जमा करते नजर आए। बताते चले कि चतुर्थ वर्गीय बहाली हेतु फॉर्म भरने के लिए 13 जून से लेकर 5 जुलाई तक अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। परीक्षा फॉर्म भरने हेतु प्रतिदिन हजारों अभ्यर्थी मुख्य डाकघर पहुंचे। इस दौरान पोस्टल आर्डर खत्म होने के बाद बीच-बीच में अभ्यर्थियों की संख्या घटती बढ़ती रही परंतु देर रात तक डाकघर को नियत समय से कई घंटे अधिक तक संचालित किया गया।

मेराल में करंट लगने से एक की मौत

मेराल। शनिवार की सुबह बिजली तार के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मेराल पूर्वी के बड़का खलिहान टोला निवासी गुप्तेश्वर महतो उम्र लगभग 50 वर्ष बताया गया है लोगो के अनुसार मृतक सुबह टहलने के लिए निकले थे रास्ते में बिजली का खंभा से तार टूट कर नीचे लटका हुआ था जिसके संपर्क में आने से गुप्तेश्वर महतो करंट के चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों के हल्ला गुल्ला करने पर लोग इकट्ठा हुए और बास के डंडा से तार को हटाया तथा तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मेराल पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृत्यु की घटना के बाद मृतक के परिजन उमा देवी ने सी ओ जसवंत नायक और थाना प्रभारी विष्णु कांत को लिखित आवेदन देकर बिजली विभाग पर कार्रवाई करते हुए मुआवजे की मांग किया है।हादसे के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है साथ ही वरीय पदाधिकारी को घटना स्थल पर आने का मांग किया है उनका कहना है कि जब तक बिजली विभाग से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिल जाता है तब तक शव को हम लोग दाह संस्कार नहीं करेंगे। खबर लिखे जाने तक ग्रामीण मृतक के पोस्टमार्टम के बाद शव को अपने घर पर ही रखकर मांगों पर अड़े थे।

प्रमुख व मुखिया ने किया बीज का वितरण

रमना। शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में कृषि सूचना केंद्र में खरीफ मौसम के ध्यान में रखते हुए सिलीदाग पंचायत के 107 किसानों के बीच धान बीज का वितरण किया गया। खरीफ फसल का बीज बोआई का कार्य किसानों द्वारा जोर सोर से चल रहा है। किसानों को कृषि कार्य में सहयोग हेतु कृषि विभाग ने निःशुल्क वितरण किया गया। मौके पर प्रमुख करुणा सोनी एवं सिलीदाग कि मुखिया अनीता देवी ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को फसल उगाने में आर्थिक मदद कर सशक्त बनाना है कोई भी किसान को खेती बाड़ी करने में कोई परेशानी नहीं हो। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रोहित वर्मा,बिटीएम रंजीत कुमार सिंह, कृषि मित्र अलोक सिंह, सहायक अध्यापक आशुतोष कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, प्रदीप सिंह,अखिलेश कुमार सिंह एवं ग्रामीण किसान उपस्थित थे।

रसोईयों को दिया गया प्रशिक्षण

श्री बंशीधर नगर। प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में शनिवार को प्रधानमंत्री पोषण मध्याह्न शक्ति योजना अंतर्गत रसोईया सह संयोजिका का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रशिक्षक बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी शक्तिदास सिन्हा, सजंय कुमार सिंह, बिरेन्द्र प्रजापति,अजय कुमार, संयोजिका मीना देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षक प्रकाश कुमार सिंह और शक्तिदास सिन्हा ने रसोईया सह संयोजिका को बिंदुवार विस्तार से जानकारी दिया। प्रशिक्षक प्रकाश कुमार सिंह ने मध्याहन भोजन में बच्चों को पौष्टिक आहार देने की जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने कहा कि मेनू के अनुसार प्रतिदिन बच्चों को एमडीएम मिलना चाहिए। प्रशिक्षक शक्ति दास सिन्हा ने वर्ग 1 से 5 तथा वर्ग 6-8 तक के लिये चावल, दाल, सब्जी, तेल, नमक कितना ग्राम देना है इसकी विस्तृत जानकारी दिया उन्होंने पंजी का संधारण व चावल के भंडारण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी सामान क्रय करने के लिए क्रय समिति का गठन कर सामान की खरीदारी करना चाहिये। प्रशिक्षण में सीआरपी सजंय कुमार सिंह, अजय कुमार, बीरेंद्र प्रजापति, सुबोध कुमार, रसोईया सह संयोजिका अनिता देवी, रंभा कुमारी, रीना देवी, छाया देवी, मीना देवी, ममता देवी, शैला देवी, गीता कुमारी, रजनी कुमारी, नैना देवी, शांति देवी, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, एमआईएस कोडिनेटर राजकुमार कुशवाहा सहित सभी कर्मी उपस्थित थे।

किसानों के बीच मुंगफली बीज का वितरण

केतार। प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को आदिवासी बहुल परती कुशवानी पंचायत के एसटी किसानों के बीच मुंगफली बीज का वितरण प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ प्रशांत कुमार, मुखिया मुनि देवी और बीटीएम राकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर बीटीएम राकेश कुमार ने बताया कि फसल विस्तार योजना के तहत 250 अनूसूचित जनजाति किसानों के बीच 10-10 किलो मुंगफली बीज का वितरण किया गया है। इस दौरान किसानों को मुंगफली की बोवाई, कुडाई, देख-रेख सहित अन्य जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि जो किसान बाहरी राज्यों में पलायन करते हैं उन किसानों को रोकने के लिए सरकार एसटी किसानों को निशुल्क मुंगफली बीज दे रही है। ताकि वो इस खेती से जुड़कर रोजगार कर सकें आत्मनिर्भर बन सकें। मौके पर उपस्थित किसान राजकुमारी देवी, शकुंतला देवी उर्मिला देवी ,लीलावती देवी बबिता देवी, सविता देवी, पूजा देवी ,रेशमा देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

मोहर्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

थाना प्रभारी अमित कुमार व अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव ने मोर्चा संभाला, लोगों से की शांति बनाए रखने की अपील

● चिनियां में फ्लैग मार्च से फैला विश्वास का संदेश

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। मोहर्रम पर्व के मद्देनजर चिनियां थाना क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द्र का संदेश देते हुए चिनियां पुलिस प्रशासन द्वारा एक भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व स्वयं थाना प्रभारी अमित कुमार ने किया। उनके साथ चिनियां पुलिस बल के जवान कंधे से कंधा मिलाकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रतिबद्ध नजर आए। फ्लैग मार्च के दौरान थाना प्रभारी अमित कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे मोहर्रम के अवसर पर पारंपरिक सद्भाव और भाईचारे को बनाए रखें, पुलिस प्रशासन हर हालात पर नजर रखे हुए है। वहीं अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव भी फ्लैग मार्च में शामिल हुए और उन्होंने लोगों से बातचीत करते हुए कहा की मोहर्रम का पर्व आपसी मेल-जोल, सौहार्द्र और भाईचारे का प्रतीक है। इसे मिल-जुलकर शांतिपूर्ण ढंग से मनाना हम सबकी ज़िम्मेदारी है। प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, लेकिन समाज का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। किसी भी तरह की अफवाह से बचें और शांति बनाए रखने में प्रशासन का साथ दें। फ्लैग मार्च में राजस्व कर्मचारी विनोद कुमार दुबे, एएसआई राधेश्याम कुमार, काशिद हुसैन, सुखराव उरांव, बबन टुंडू, रामसागर यादव, बंधु राम, रवि अगस्त यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान भी शामिल थे।

मोहर्रम को लेकर फ्लैग मार्च, सोशल मीडिया पर भी नजर

खरौंधी (गढ़वा)। थाना क्षेत्र में मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च कूपा पंचायत से शुरू होकर खरौंधी बाजार होते हुए बजरमरवा यूपी बॉर्डर तक गया। वहां से वापस खरौंधी बाजार होते हुए मझिगावां पंचायत तक पहुंचा और अंत में थाना परिसर में समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च के माध्यम से आम लोगों से मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी ने बताया कि पर्व को शांति से सम्पन्न कराने को लेकर ताजिया जुलूस के चिन्हित रूटों का भी निरीक्षण किया गया है, ताकि किसी भी तरह की बाधा उत्पन्न न हो। फ्लैग मार्च में भवनाथपुर पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, बीडीओ रवींद्र कुमार, सीओ गौतम कुमार लकड़ा, भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

फंदे से झूलता मिला मजदूर का शव

डंडई। बीते रात्रि डंडई थाना क्षेत्र के करके गांव दामार टोला निवासी राम जी सिंह के 25 वर्षीय पुत्र ननकेशवर सिंह का शव उसी टोला के एक पलाश के पेड़ में फंदे से झूलता हुआ पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक ननकेशवर सिंह शुक्रवार शाम को अपने कपड़े झोला में लेकर बाहर के राज्य में कमाने जाने के लिए घर से निकला था। घर से निकलने के करीब 3 घंटे बाद उसका शव टोला के ही एक पेड़ में फंदे से झूलता हुआ राहगीरों के द्वारा देखा गया। परिजनों को इसकी जानकारी मिलते ही कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी। पुलिस फौरन घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया। उधर मृतक के पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक का 1 साल पहले शादी हुई थी।

भनाथपुर में डेढ़ माह से खराब है एंबुलेंस

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में तैनात सरकारी 108 एंबुलेंस सेवा विगत डेढ़ माह से ठप होने के कारण हाथी का दांत साबित हो रहा है। सीएचसी में छुपाकर 108 एंबुलेंस रखा गया है। जिससे जरूरतमंद मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार सीएचसी परिसर में खड़ी दोनों एंबुलेंस जर्जर हालत में खराब पड़ी हैं, लेकिन संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण अब तक इनकी मरम्मत नहीं कराई गई है। सीएचसी प्रभारी डॉ. दिनेश सिंह ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार जिला प्रशासन को लिखित सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। क्षेत्र के ग्रामीणों और मरीजों का कहना है कि आपात स्थिति में मरीजों को प्राइवेट वाहन या ऑटो रिक्शा से स्थानीय या गढ़वा अस्पताल लाना पड़ रहा है, जिससे गरीब और दूरदराज के लोग आर्थिक रूप से और ज्यादा खर्च, समय और परेशान हो रहे हैं। इस संबंध में जब गढ़वा जिला 108 के पदाधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हाल में मोहर्रम पर्व के कारण एंबुलेंस मरम्मत के लिए मिस्त्री उपलब्ध नहीं हो पाया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दो दिन के भीतर दोनों एंबुलेंस को चालू हालत में लाया जाएगा ताकि आम लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया ने किया आर्थिक सहयोग

केतार। प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत के दासीपुर गांव निवासी मृतक धनंजय विश्वकर्मा के श्राद्धकर्म के लिए मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष मूंगा साह ने आर्थिक सहयोग किया। ज्ञात हो की बीते दिन बलिगढ़ पंचायत के दासीपुर गांव निवासी धनंजय विश्वकर्मा का हार्ट अटैक से मृत्यु हो गया था। वे पिछले 15 वर्षों से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पढ़ा रहे थे। शनिवार को मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह मृतक धनंजय विश्वकर्मा के घर पहुंच कर आर्थिक सहयोग एवं शोक संवेदना प्रकट किया।

धुरकी प्रखंड के सुरु गांव में हाथियों का आतंक

नवीन मेल संवाददाता

कई घरों को नुकसान, ग्रामीणों ने स्कूल में बिताई रात

धुरकी। प्रखंड के कनहर नदी तटीय क्षेत्र में स्थित सुरु गांव में शुक्रवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने गांव में प्रवेश कर कई घरों को नुकसान पहुंचाया। इस दौरान हाथियों ने गांव के मिनरास परहिया का घर तोड़कर अनाज खा लिया। वहीं मुनालाल परहिया के घर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं, उनके कमांडर वाहन को भी तोड़ डाला। हाथियों के भय से ग्रामीणों ने पूरी रात गांव के सरकारी स्कूल में शरण लेकर किसी तरह अपनी जान बचाई। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब गजराज ने गांव में तबाही मचाई हो, पहले भी इस तरह की घटनाएं हुई हैं लेकिन आज तक किसी भी प्रभावित ग्रामीण को मुआवजा नहीं मिला। गौरतलब है कि वन विभाग ने पहले ही भंडार, अम्बाखोरिया, खाला और खुटिया पंचायतों को हाथी जोन घोषित किया हुआ है। विभाग की ओर से अलर्ट भी जारी किया गया था, लेकिन सुरक्षात्मक उपायों की कमी साफ झलक रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना के समय अनिल कोरवा, मिनारस परहिया, संजय परहिया, कुंती देवी और शांति देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

सड़क नहीं बनने से खुनधरा के ग्रामीणों में रोष

नवीन मेल संवाददाता

मेराल। प्रखंड के लोवादाग पंचायत में खुनधरा गांव में ग्रामीण सड़क के शिलान्यास के 10 माह बीत जाने के बाद भी कीचड़ में चलने पर लोग मजबूर है। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। खूनधरा गांव के ग्रामीणों का कहना है कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क का शिलान्यास अक्टूबर माह 2024 में तत्कालीन मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा किया गया था लेकिन 10 माह बीत जाने के बाद भी सड़क में निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने हो पाया है। जिससे बरसात के बारिश में खूनधरा गांव के लोग कीचड़ में आने जाने पर मजबूर हैं। इस संबंध में ग्रामीण मुकेश कुमार ने बताया कि हम लोगों का बरसात के दिनों में घर तक जाने के लिए कच्ची सड़क है जिसमें गाड़ी से जाने पर गाड़ी फंस जाती हैं जिसके कारण हम लोग अपने दो पहिया और चार पहिया गाड़ी को 1 किलोमीटर पहले ही खड़ा करके पैदल घर जाते हैं। विजय यादव ने कहा कि रोड में कीचड़ होने के चलते स्कूली छात्र-छात्राओं को भी आने-जाने में काफी परेशानियां होती है। स्थानीय ग्रामीण धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सड़क में कीचड़ तथा जल जमाव होने के चलते बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिसके कारण घर तक गाड़ी नहीं पहुंच पाती है वैसी स्थिति में मरीजों एवं प्रसव कराने के लिए महिलाओं को ले जाने में भी काफी कठिनाइया होती है। खूनधरा गांव के ग्रामीणों ने सरकार एवं स्थानीय विधायक से तत्काल सड़क निर्माण कराने के लिए मांग किया है। यदि सड़क का निर्माण समय पर नहीं कराया जाता है तो सभी ग्रामीण सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत रजबंधा गांव में पीएमजीएसवाई रोड से देवी मंडप से भंडार बस्ती होते हुए भंडार स्कूल तक पथ निर्माण का कार्य किया जाना था। लेकिन संवेदक के लापरवाही के चलते यह सड़क का निर्माण समय पर पूर्ण नहीं होने से हम सभी ग्रामीण बरसात के दिनों में कीचड़ में चलने पर मजबूर हैं। सड़क निर्माण के मांग करने वालों में विजय यादव मुकेश पासवान नयन यादव धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता बबलू यादव लक्ष्मी यादव पप्पू यादव कृष्ण यादव अखिलेश यादव अनिल गुप्ता धनु यादव द्वारिका यादव आदि लोग शामिल हैं।

राशन उपभोक्ताओं ने किया प्रखंड कार्यालय का घेराव

नवीन मेल संवाददाता

रमना। भागोडीह पंचायत अंतर्गत चुंदी ग्राम के राशन लाभुकों को सरकार द्वारा दिया गया एक ही माह में तीन माह के राशन नहीं मिलने कि शिकायत उपायुक्त महोदय गढ़वा से किया है। ग्रामीणों ने बताया कि फूलमती महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा राशन वितरण किया जाता था, लेकिन पिछले 9 माह से राशन वितरण उक्त समूह के डीलर फूलवंति देवी द्वारा नहीं किया जा रहा है। उक्त समूह ने राशन वितरण करने से इनकार कर दिया था तो लाभुकों को समस्या न हो इसके लिए डीलर लीलावती देवी को राशन वितरण का कार्य ऑफ लाइन ही दिया गया और पिछले 9 माह से ऑफ लाइन ही राशन वितरण डीलर लीलावती देवी के द्वारा किया गया। लेकिन एनआईसी द्वारा ऑफ लाइन राशन वितरण पर रोक लगाने के बाद लाभुकों को राशन मिलना बंद हो गया और जुलाई अगस्त का राशन नहीं मिल पाया, इस बात को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है वहीं शनिवार को चुंदी ग्राम के रामवृक्ष यादव, बीरेंद्र राम, प्रदीप प्रजापति, अजीत प्रजापति, कबूतरी देवी, लीलावती देवी, जितनी देवी इत्यादि सैकड़ो राशन लाभुकों ने प्रखंड कार्यालय का घेराव किया और राशन वितरण हेतु सीओ सह एम विकास पाण्डेय से बात करने पर अड़ गये।

विधायक अनंत प्रताप देव ने की मंत्री सुदिव्य सोनू से मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर में विकास योजनाओं को लेकर विधायक अनंत प्रताप देव ने रांची में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मुलाकात की। मुलाकात में विधायक ने नगर पंचायत क्षेत्र की विभिन्न प्रमुख योजनाओं के लिए प्रशासनिक स्वीकृति देने और आवंटन की मांग की। विधायक ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाएं प्रस्तावित हैं, जिनमें प्रमुख योजनाओं के लिए बजट का आवंटन अपेक्षित है। इनमें 42 लाख रुपये की लागत से अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, 26 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से रिवरफ्रंट डेवलपमेंट, 5 करोड़ 88 लाख रुपये की लागत से वेंडर मार्केट, और 1 करोड़ 49 लाख रुपये की लागत से जतपूरा स्थित नर्मदेश्वर मंदिर का विकास शामिल हैं। मंत्री शुदिव्य कुमार सोनू ने विधायक की सभी मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए इन योजनाओं के लिए प्रशासनिक स्वीकृति देने की बात कही और शीघ्र ही बजट आवंटन करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार इन योजनाओं को शीघ्र लागू करने के लिए संकल्पबद्ध है, ताकि क्षेत्र के विकास को गति मिल सके। विधायक अनंत प्रताप देव ने इस दौरान बताया कि जल्द ही नगर पंचायत को कुल 34 करोड़ 30 लाख रुपये का आवंटन प्राप्त होगा, जिससे क्षेत्र में विकास कार्यों में तेजी आएगी। विधायक का यह भी कहना था कि उनका मुख्य उद्देश्य अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को तेज करना और सभी योजनाओं को धरातल पर उतारना है।

कार्यालय :- जिला उद्यान पदाधिकारी,चतरा
संयुक्त कृषि भवन, तपेज, चतरा पिन कोड-825401
e-mail : dhochatra@gmail.com

आम सूचना

विभागीय राज्यादेश सं0–18 दिनांक 29.05.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत उपयोजना **"मधुमक्खी पालन की योजना"** अन्तर्गत चतरा जिला को OSP में 13 एवं SCSP में 5 कुल 18 इकाई का लक्ष्य प्राप्त है। प्राप्त लक्ष्य के अनुसार जिले में लघु/सीमान्त एवं निम्नवर्गीय, छोटे–छोटे कृषकों को उनके आय में दोगुनी वृद्धि के साथ–साथ पौष्टिक एवं पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से 80 प्रतिशत अनुदान एवं 20 प्रतिशत कृषक अंशदान पर चयनित योग्य लाभुकों को प्रति 20 इकाई मधुमक्खी बक्सा, 20 इकाई मधुमक्खी छत्ता एवं 01 इकाई मधुनिष्कर्षण इकाई का वितरण किया जायेगा। साथ ही चयनित योग्य लाभुकों को जिलास्तर पर मधुमक्खी पालन से संबंधित 03 दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। चयनित लाभुकों को प्रशिक्षण प्राप्त उपरांत ही योजना का लाभ दिया जाएगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए दिनांक 16/07/2025 तक कार्यालय अवधि में अपने प्रखण्ड के BTM/ATM/BAO/उद्यान मित्रों एवं DPM JSLPS के द्वारा या जिला उद्यान कार्यालय चतरा से आवेदन प्राप्त/जमा कर सकते हैं।

नोटः–

1. योजना के चयन में JSLPS के कृषक समूह/महिला स्वंय सहायता समूह के सदस्यों को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. JSLPS के कृषक समूह/महिला स्वंय सहायता समूह द्वारा आवेदन/विवरणी उपलब्ध न होने की स्थिति में अन्य कृषक समूहों को योजना से आच्छादित किया जाएगा।
3. PVTG, SC,ST तथा लघुसीमांत एवं महिला कृषक को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. चयनित योग्य लाभुकों द्वारा प्रशिक्षण में भाग नहीं लेने पर उक्त योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा उनके स्थान पर अन्य योग्य लाभुकों का चयन कर दिया जाएगा।
5. आवेदन पूर्ण रूप से भरा होना चाहिए अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द कर दिया जायेगा।
6. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय, चतरा से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

District Horticulture Officer,
Chatra

PR 356608 Agriculture(25-26).D

कार्यालय:-जिला उद्यान पदाधिकारी, चतरा
संयुक्त कृषि भवन, तपेज, चतरा पिन कोड- 825401
e-mail : dhochatra@gmail.com

अल्पकालीन आम सूचना

विभागीय स्वीकृत्यादेश स0–17 दिनांक 28.05.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में झारखण्ड राज्य उद्यान विकास योजनान्तर्गत "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के कार्यन्वयन किया जाना है। इस योजना के तहत् राज्य के शहरी क्षेत्रों में हरित आवरण सुनिश्चित करने तथा भूमंडलीय उष्मीकरण हमले के विरूद्ध पर्यावरण संतुलन बनाये रखने एवं पौष्टिक सुरक्षा प्रदान करने, आजीविका के स्थाई स्रोत का सृजन कराने साथ ही रोजी–रोटी तथा भोजन के लिए पलायन को रोकने के उद्देश्य से शहरी इलाकों एवं उससे सटे हुए आस–पास के शहरी क्षेत्रों में बसे हुए परिवार के घरों के आवासीय परिसर में खाली पड़े छोटे भू–खण्ड सरकारी परिसर जहाँ स्थान उपलब्ध हो एवं Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों, फूलों एवं फलों का उत्पादन किया जाना है।

इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषक को कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर विहित प्रपत्र पूर्ण रूप से भर कर पंचायती राज संस्था के मुखिया/जनप्रतिनिधि से अनुशंसा कराकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 16/07/2025 को 05:00 बजे अपराह्ण तक आवेदन दे सकते हैं।

आवेदन पत्र के साथ आवश्यक कागजात यथा आवेदक का फोटोग्राफ, आधार कार्ड, मोबाईल नं0 बैंक पासबुक, शपथ पत्र जमीन संबंधित अद्यतन रसीद संलग्न होना आवश्यक है।

सभी योजना की विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त कृषि भवन, तपेज, चतरा से प्रत्येक कार्य दिवस 11:00 बजे पूर्वा0 से 05:00 बजे अपराह्न तक प्राप्त किया जा सकता है।

District Horticulture Officer,
Chatra

PR 356606 Agriculture (25-26)_D

खेलकूद

गढ़वा में जिला स्तरीय लिटिल चैंप्स फुटबॉल प्रतियोगिता

छतैलिया ने भवनाथपुर घाघरा को हराया

छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, भवनाथपुर घाघरा को हराकर 02-01 से दर्ज की शानदार जीत

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। जिले में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित जिला स्तरीय लिटिल चैंप्स फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन गढ़वा खेल स्टेडियम के बगल स्थित स्टेडियम गर्ल्स हाई स्कूल परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जिले भर के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाया। प्रतियोगिता का सबसे रोमांचक मुकाबला चिनियां प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय छतैलिया और भवनाथपुर घाघरा के बीच हुआ, जिसमें छतैलिया की टीम ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए 02-01 से जीत हासिल की। इस जीत के साथ छतैलिया विद्यालय की टीम ने प्रतियोगिता की विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली, वहीं भवनाथपुर घाघरा की टीम उपविजेता बनी। खिलाड़ियों ने मैदान में अनुशासन, रणनीति और जोश की ऐसी मिसाल पेश की कि दर्शकों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। विशेष रूप से छतैलिया विद्यालय की टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और रक्षात्मक खेल से दर्शकों और निर्णायकों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दुबराज सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा, हमारे बच्चों ने न सिर्फ जीत हासिल की है, बल्कि पूरे प्रखंड का नाम रोशन किया है। यह सफलता निरंतर अभ्यास, अनुशासन और टीम भावना का नतीजा है। यह प्रतियोगिता ना केवल छात्रों के शारीरिक विकास के लिए प्रेरणादायक रही, बल्कि इससे उनमें नेतृत्व और टीम भावना जैसे मूल्यों का भी संचार हुआ। स्थानीय स्तर पर ऐसे आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास जगाने का कार्य कर रहे हैं।

64वां सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता का आयोजन

भंडरिया। 64वां सुब्रतो मुखर्जी कप अंतराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भंडरिया गढ़वा भंडारिया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नौका के छात्रों ने परचम लहराया। टीम के सभी खिलाड़ियों को विद्यालय में समारोह आयोजित कर किया गया सम्मानित। सुब्रतो मुखर्जी कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर 15 बालक वर्ग में भंडरिया प्रखंड स्तरीय विजेता नौका की टीम जिला में भी अपने वर्ग में विजेता रही। इस प्रतियोगिता में अब प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय नौका की टीम गढ़वा जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं प्रथम लिटिल चैम्प फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत संचालित प्रतियोगिता के अंडर 12 बालक वर्ग में भी भंडरिया प्रखंड से विजेता रही उत्क्रमित मध्य विद्यालय नौका की जुनियर टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता की भी विजेता रही। उत्क्रमित मध्य विद्यालय नौका की जुनियर फुटबॉल टीम अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गढ़वा जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। ज्ञात हो कि अंतर विद्यालयीन स्तर पर सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना कराती है जिसमें गढ़वा जिला में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सभी प्रखंडों की कुल 20 टीम भाग लेती है। कई चरणों के मैच जीतने के बाद ही जिला का विजेता बनने का सौभाग्य फुटबॉल टीम को मिल पाता है। इस वर्ष झारखंड शिक्षा परियोजना ने प्रथम लिटिल चैम्प फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कराया था। इस दोहरे सफलता से गर्वान्वित विद्यालय के प्रभारी नितेश कुमार वर्मा, शिक्षक प्रभु दयाल मिंज, किरण बाला कुमारी, सीआरपी सत्यनारायण यादव, बीआरसी कर्मी निकेत कुमार एवं खेल शिक्षक रवि प्रताप सिंह ने विद्यालय में ही सम्मान समारोह आयोजित कर विजेता टीम को सम्मानित करते हुए इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

बरवाडीह-छिपादोहर में निकाला गया फ्लैग मार्च

नवीन मेल संवाददाता

बेतला (लातेहार)। बरवाडीह छिपादोहर थाना क्षेत्र में मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर छिपादोहर के कुचिला, छिपादोहार बाजार समेत अन्य इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व अंचलाधिकारी मनोज कुमार और थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने की। फ्लैग मार्च क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए पुनः थाना पहुंच कर समाप्त हुआ। थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने कहा कि मोहर्रम त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने आमजनों से अपील की, कि किसी भी अफवाह से बचें और कोई भी परेशानी हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि मोहर्रम के दौरान शांति और सद्भाव बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

सेरेगड़ा क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक

कई घर व फसलें बर्बाद, ग्रामीणों में दहशत

- ग्रामीण हाथियों के डर से दूसरों के घरों में रहने को विवश
- ग्रामीण रात जाग कर पहरा देने को विवश

नवीन मेल संवाददाता

बालूमाथ। प्रखंड वन क्षेत्र में जंगली हाथियों का बदस्तूर जारी है। शुक्रवार की रात प्रखंड क्षेत्र के सेरेगड़ा, चेटर और मननडीह गांवों में जंगली हाथियों के झुंड ने जम कर उत्पात मचाया है। ग्रामीणों ने बताया कि रात को 16 जंगली हाथियों का झुंड अचानक गांव में घुस आया और देखते ही देखते कई घर, अनाज और फसलों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। इस घटना में सेरेगड़ा गांव के मनोज यादव (जाला) के मक्का का फसल और बाउंड्री दीवार को रौंद डाला। चेटर गांव में राजेंद्र गंझू के घर में घुसकर हाथियों ने अनाज, केला और धान की बीड़ा को खा कर तहस-नहस कर दिया। वहीं मननडीह गांव में दामोदर गंझू का घर हाथियों ने पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। जंगली हाथियों के गांव में घुसने की सूचना मिलते ही पूर्व मुखिया सुरेंद्र उरांव ने तत्काल वन विभाग को जानकारी दी। सूचना पाते ही वन विभाग के अधिकारी अमित कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मुआवजा और सुरक्षा व्यवस्था की मांग करते हुए जंगली हाथियों से निजात दिलाने की मांग की। बता दें कि जंगली हाथियों का झुंड लगातार क्षेत्र में आतंक मचा रहा है, जिससे लोग दहशत में हैं। रात होते ही लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित दूसरे घरों पर जाकर रात गुजरने को विवश हैं। रात जग कर ग्रामीण पहरा दे रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने और स्थायी समाधान निकालने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

न्यूज बॉक्स

दो बाइक में टक्कर, एक घायल

लातेहार। सदर प्रखंड के धर्मपुर से विशुनपुर जाने वाली सड़क में दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान विशुनपूर निवासी विजय मिश्रा (55 वर्ष) पिता नर्वदेश्वर मिश्रा के रूप में हुई है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए विजय मिश्रा के पुत्र ने बताया कि लातेहार से अपने गाड़ी बनवाकर घर लौट रहे थे कि तभी धर्मपुर से विशुनपुर जाने वाली सड़क पर स्थित डिग्री कॉलेज के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी और टक्कर मारने के बाद घटनास्थल से बाइक सवार फरार हो गया।

पारंपरिक पड़हा स्वशासन व्यवस्था की बैठक

चंदवा। कुसुमटोली धुमकुड़िया में 'पारंपरिक पड़हा स्वशासन व्यवस्था की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पड़हा वेल धनेश्वर उरांव और संचालन पड़हा कोटवार जितेन्द्र सिंह खरवार ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री देव कुमार धान उपस्थित थे। इस मौके पर प्रखंड के विभिन्न पड़हा से आये पदाधिकारियों ने आदिवासी धर्म कोड, पेसा कानून, अखरा झखरा, पहनई जमीन की खरीद बिक्री पर रोक लगाने, विकास के नाम पर भूमि अधिग्रहण, विस्थापन समेत कई मुद्दों पर चर्चा किया गया। मौके पर बानेश्वर उरांव,महेश उरांव,चंद्रदेव उरांव, राकेश लोहरा, अमर उरांव, सुरेंद्र भगत, शंकर उरांव, सुरेश नाथ लोहरा, विकास कुमार भगत, कालेश्वर लोहरा, नरेश लोहरा समेत कई लोग मौजूद थे।

चंदवा में मुहर्रम को लेकर प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

चंदवा। मुहर्रम त्योहार के दौरान चंदवा में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर शनिवार को प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च चंदवा थाना परिसर से निकल मुख्य बाजार,सुभाष चौक,कंचन नगरी, तिलैयाटांड़ होते थाना परिसर पहुंच कर सम्पन्न हुई। फ्लैग मार्च की अगुवाई एसडीओ अजय कुमार रजक,एसडीपीओ अरविंद कुमार,सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ चन्दन प्रसाद,पुलिस निरीक्षक रणधीर कुमार सिंह संयुक्त रूप से कर रहे थे। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासन के द्वारा लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील की गई। फ्लैग मार्च में चंदवा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

मुहर्रम को लेकर जिले में निकाली गयी फ्लैग मार्च

लातेहार। मुहर्रम पर्व को ले कर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शनिवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। लातेहार जिला मुख्यालय में अनुमंडल पदाधिकार अजय कुमार रजक और एसडीपीओ अरविंद कुमार के संयुक्त तत्वावधान में फ्लेग मार्च का आयोजन किया गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू हुई और समाहरणालय जाकर संपन्न हुई। इस दौरान एसडीओ रजक और अजय कुमार ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से मुर्हरम का पर्व मनाने की अपील की। उन्होने किसी भी भ्रामक खबर या अफवाह पर ध्यान नहीं देने एवं किसी अप्रिय स्थिति में तुरंत नजदीकी थाना और प्रशासन के अधिकारियों को सूचित करने की बात कही। आगे कहा कि सोशल मीडिया पर साइबर सेल के द्वारा कड़ी नजर रखी जायेगी। मौके पर अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो समेत पुलिस और प्रशासन के कई अधिकारी, पुलिस के जवान शामिल थे।

राजद मनाया पार्टी का 29वां स्थापना दिवस

लातेहार। जिला कार्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल का 29वां स्थापना दिवस पर भोला सिंह के द्वारा झंडातोलन कर मनाया गया। साथ ही बिहार प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव 13वीं बार निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर सभी लोगों ने बधाई दी। मौके पर रंजीत यादव राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता देववंश यादव, मनिका प्रखंड अध्यक्ष दामोदर यादव, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष निजाम अंसारी, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, विनोद राम, उषा देवी, संतोष यादव, चेतन यादव, बीडीओ सिंह, चंद्रदेव सिंह, वहाब मियां, जीत महान सिंह, चंद्रशेखर कुमार, चिंटू यादव सहित राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता मौजूद थे।

शशिरम्या ओर्नाफ्लोरा द प्लांट नर्सरी का हुआ शुभारंभ

चंदवा। एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर अवस्थित देवनद नदी के समीप शशिरम्या ओर्नाफ्लोरा द प्लांट नर्सरी का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज,पंसस नीलम देवी,समाजसेवी राजेश चंद्र पांडेय,रवि डे और अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। उद्घाटन के उपरांत अतिथियों ने प्लांट में मौजूद फूल पौधों का अवलोकन भी किया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि चंदवा शहर में प्लांट नर्सरी के खुलने से यहां के लोगों को अब फूल एवं पौधों की खरीददारी में सहूलियत होगी, बड़े शहरों का रुख भी नहीं करना होगा। प्रोजेक्ट के नोडल ऑफिसर ओम प्रकाश ने कहा कि यह मिनिस्ट्री ऑफ एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट का कार्यक्रम है। यह प्रोग्राम वैसे लोगों के लिए है जो एग्रीकल्चर की पढ़ाई किए हुए हैं और 45 दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए है।

जब किसान समृद्ध होंगे, देश समृद्ध होगा : हेमलाल

लातेहार। भारतीय किसान संघ एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होटल ब्लिस मे आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमलाल, प्रदेश अध्यक्ष जयकुमार सिंह और महामंत्री दीपक उरांव शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजू सिंह ने और संचालन जिला मंत्री बबन माझी ने किया। क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि जब तक देश का किसान समृद्ध नहीं होगा, तब तक देश समृद्ध नहीं होगा. उन्होंने कहा कि आज देश का किसान कई प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है। किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। सरकार के द्वारा किसानों को संसाधन उपलब्ध नहीं कराये जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष जय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में भारतीय किसान संघ किसानों की समस्याओं के लिए सतह पर संघर्ष कर रही है । प्रदेश मंत्री दीपक उरांव ने कहा कि गांव आधारित खेती सबसे उत्तम है। यह स्वास्थ्यवर्धक है कम पैसे में खेती किया जा सकता है। मौके पर मनीष कुमार, सरजू प्रसाद, अशोक, कुंदन प्रसाद, मनोज उरांव, गोविंद सिंह, सुरेंद्र सिंह और सुनील प्रसाद समेत कई किसान मौजूद थे।

स्व. राम विलास पासवान की जयंती मनी

लातेहार। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान के निदेर्शानुसार लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय राम विलास पासवान जी की 79वीं जयंती पार्टी कार्यालय बानपुर में बहुत ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस दौरान लोजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने केक कटाकर कार्यकतार्ओं की बधाई दी। तत्पश्चात उनके तस्वीर पर बारी बारी माल्यार्पण किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने जयंती कार्यक्रम को संबोधित किया। उक्त अवसर पर पर लोक जनशक्ति पार्टी लातेहार जिला के सभी उपाध्यक्ष, सभी महासचिव, सभी सचिव ,कोषाध्यक्ष,के अलावा नागेंद्र प्रसाद, शिवनंदन पासवान, अर्जुन प्रजापति, धर्मवीर प्रजापति, दिलीप प्रसाद चंदवा, दिनेश प्रसाद चंदवा, जोगिंदर शुक्ला, अखिलेश प्रजापति, मोती प्रसाद सोनी, लक्ष्मण कुमार, अशोक पासवान, सोनू साहू, सुनील कुमार, राजेश प्रसाद, नागेंद्र सिंह, बबलू कुमार, श्याम रजक, दरोगी राम, भोला प्रसाद और अन्य लोग भी शामिल थे।

बारियातू कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में मलेरिया जागरूकता कार्यक्रम

बारियातू। मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में शनिवार को सिविल सर्जन और मलेरिया पदाधिकारी के आदेश अनुसार मलेरिया जागरूकता कार्यक्रम के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 30 छात्राएं भाग लीं। जिसमें पहला, दूसरा एवं तीसरा कक्षा का चुनाव किया गया। प्रथम स्थान मोनिका कुमारी कक्षा 10, द्वितीय गुंजा कुमारी कक्षा 10 एवं तृतीय स्थान प्रतिमा कुमारी कक्षा 9 । इन सभी को प्रस्सती पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। बाकी सभी को संतावना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ में मलेरिया से बचाव की जानकारी दी गई। मलेरिया रोधी माह के दौरान स्कूली बच्चों को मलेरिया के कारणों और लक्षणों के बारे में विस्तार पूर्वक परामर्श दिया गया। बच्चों से अपने परिवार और समुदाय में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया गया। घर के आसपास या कहीं भी पानी जमा न होने दें। बच्चों को बताया गया कि शाम के समय जब मच्छर अधिक सक्रिय होते हैं, तो पूरे बाजू के कपड़े पहनें। अगर बरसात के मौसम में यदि किसी को बुखार हो, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। खून की जांच कराएं। मलेरिया एक गंभीर बीमारी है। जो एक प्रकार के मच्छर के काटने से होती है। मलेरिया का समय पर इलाज न होने पर यह जानलेवा हो सकता है। मौके वार्डन कोटी कुजूर, मालती कुमारी, उदय कुमार पांडे, नीलकुसुम बेक, पंकज कुमार पांडे एमटीएस, एमपीओ बलराम कुमार, संजय गंझु आदि मौजूद थे।

लातेहार में नक्सल विरोधी अभियानः छह माह में 3 ढेर, 9 आत्मसमर्पण, 72 गिरफ्तारी

जनवरी से जून तक की कार्रवाई, पुलिस ने बढ़ाई सर्च ऑपरेशन की रफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। जिले में नक्सल उन्मूलन को लेकर चलाए जा रहे अभियानों में इस वर्ष के पहले छह माह में कई अहम कार्रवाइयां की गई हैं। जनवरी से जून 2025 तक जिले में तीन नक्सली मुठभेड़ों में मारे गए, नौ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और 72 उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं। गिरफ्तार नक्सलियों में भाकपा माओवादी संगठन से जुड़े 17 सदस्य और अन्य संगठनों के 55 उग्रवादी शामिल हैं।

मारे गए नक्सलियों में जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा (10 लाख का इनामी), प्रभात गंझू (5 लाख) और भाकपा माओवादी से जुड़े मनीष यादव (5 लाख) का नाम है। आत्मसमर्पण करने वालों में तीन इनामी नक्सली भी शामिल हैं। मुठभेड़ों में दो अन्य नक्सली घायल भी हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि राज्य सरकार की आत्मसमर्पण नीति, नियमित तलाशी अभियानों और सूचना तंत्र की सक्रियता के चलते यह कार्रवाई संभव हो पाई है। नक्सली गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि जिले में नक्सली अब कमजोर स्थिति में हैं। उन्हें राज्य सरकार की आत्मसमर्पण योजना के तहत मुख्यधारा से जुड़कर सामान्य जीवन जीने का अवसर दिया जा रहा है। जिले में भयमुक्त वातावरण बना रहे, इसके लिए जरूरी है कि आम नागरिक किसी प्रकार की धमकी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस हर जानकारी पर त्वरित कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

चंदवा में निकाली गयी मुहर्रम के नवीं पर छोटकी चौकी का जुलूस

चंदवा। मुहर्रम की नवीं तारीख के अवसर पर छोटकी चौकी का जुलूस निकाला गया। जुलूस चंदवा प्रखंड के शुक्रबाजार,कामता बेलवाही, कुजरी,तिलैयाटांड़ परसाही से निसान (झंडा) लेकर या हसन या हुसैन का नारा लगाते हुए हरैया मोड़, मेन रोड होते हुए इंदिरा गांधी चौक पहुंचे जहां सभी निशान का मिलान कर फातिहा पढ़ा गया। जुलूस की अगुवाई समाजसेवी रियाज खान उर्फ बाबर खान समेत विभिन्न अखाड़ों के मुजावर कर रहे थे। रविवार को शहर में ताजिया के साथ पहलाम का जुलूस निकाला जायेगा। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल होंगे।

एनजीटी की सख्त पाबंदी के बावजूद बालू का अवैध खनन जारी

- पेटादेरी नदीघाट से बालू का अवैध उत्खन,पकड़े गए तीन ट्रैक्टर
- अवैध कारोबारियों के ट्रैक्टर और ट्रॉली होते हैं बिना नंबर के प्लेट

नवीन मेल संवाददाता

मयूरहंड (चतरा)। एनजीटी की सख्त दिशा-निर्देश और पाबंदी के बावजूद प्रखंड के पेटादेरी नदीघाट से बालू का अवैध उत्खनन और परिवहन बदस्तूर जारी है। नदी घाटों के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी घाटों को एनजीटी से संरक्षित किया गया है। इसके बावजूद बालू के अवैध कारोबारियों द्वारा सरकार के आदेशों को धत्ता बताते हुए बदस्तूर बालू का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। अपनी और अपनी गाड़ी की पहचान छिपाने के लिए ये अवैध कारोबारी इंजन और ट्रॉली में रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट तक नहीं लगाते। शनिवार को मयूरहंड पुलिस द्वारा पेटादेरी नदीघाट पर छापामारी कर अवैध खनन और परिवहन में लगे तीन बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना लाया गया है। नदीघाट पर अचानक पुलिस की छापामारी से चालक घबराकर अपनी गाड़ियों को भगाते हुए धरमपुर के पास मुर्गी फॉर्म के पास गढ़े में और एक गाड़ी को टीसीबी ट्रेंच में फंसाकर घटनास्थल से भाग गए। मयूरहंड थाना प्रभारी आशीष प्रसाद और सशस्त्र बल के जवानों द्वारा बड़ी मशक्कत कर गढ़े से इन्हें बाहर निकाला गया और सशस्त्र बल के जवानों द्वारा ट्रैक्टरों को चलाकर थाना लाया गया। समाचार लिखे जाने तक पकड़े गए ट्रैक्टरों,और इनके चालक और वाहन मालिकों पर कोई कार्रवाई की सूचना नहीं है। अंचल अधिकारी मयूरहंड द्वारा अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि अंचलाधिकारी द्वारा एनजीटी और वनाधिकार अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाती है आ खनन विभाग चतरा को दंड-शुल्क लेकर गाड़ियों को छोड़ने की अनुशंसा की जाती है,जिससे मालिकों और चालकों को बचाया जा सके।

संवेदक की लापरवाही से जर्जर सड़क की नहीं हो पाई मरम्मती

- जर्जर सड़क से आवागमन करने को विवश हैं राहगीर

नवीन मेल संवाददाता

कुंदा (चतरा)। कुंदा से नवादा मुख्य कालीकरण सड़क की हालत जर्जर हो गई है, लेकिन विभागीय उदासीनता और संवेदक की लापरवाही के कारण इसकी मरम्मत नहीं हो पा रही है। इस सड़क की मरम्मत का कार्य संवेदक नीलम कंस्ट्रक्शन गणेश प्रसाद के द्वारा करवाया जा रहा था, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी काम अधूरा पड़ा है। जिससे जर्जर सड़क पर आवागमन करने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की खराब हालत के कारण आए दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और पत्थर की गिट्टी निकली हुई है जो इस बात का सबूत है कि सड़क की हालत कितनी खराब है और इसकी मरम्मत की कितनी आवश्यकता है। ज्ञात हो की यह मुख्य सड़क से लगभग दर्जनों गांव के ग्रामीण चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने के लिए जोरी होते हुए जिला मुख्यालय और गया जी तक का सफर इसी रास्ते से करते है। राहगीरों ने एक बार पुनः जिले के उपायुक्त से मांग की है कि इस जर्जर सड़क की मरम्मत जल्द से जल्द की जाए ताकि वे सुरक्षित रूप से आवागमन कर सकें।

शैक्षिक संकट गौरवशाली नेतरहाट विद्यालय आज शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहा

सीबीएसई बोर्ड से जुड़ने व संसाधनों की कमी से गिर रही शैक्षणिक गुणवत्ता

नवीन मेल संवाददाता

गौरवमयी परंपरा का है इतिहास

1954 में बिहार सरकार द्वारा स्थापित इस विद्यालय ने देश को सैकड़ों आईएएस, आईपीएस, इंजीनियर, डॉक्टर और उच्च पदस्थ अधिकारी दिए हैं। पूर्णत: आवासीय और स्वायत्तता प्राप्त यह संस्थान अपने अनुशासन और चयन प्रक्रिया के लिए जाना जाता था, जहां किसी भी बाहरी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं थी। विद्यालय प्रबंधन और स्थानीय लोग आशावान हैं कि सरकार शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति करेगी और यह ऐतिहासिक संस्थान पुन: अपने गौरव को प्राप्त करेगा। नेतरहाट विद्यालय की स्थिति न केवल लातेहार, बल्कि पूरे झारखंड की शैक्षणिक दिशा और दशा के लिए एक गंभीर संकेत है।

महुआडांड़ /नेतरहाट। कभी झारखंड और तत्कालीन बिहार की शैक्षणिक प्रतिष्ठा का प्रतीक रहा नेतरहाट आवासीय विद्यालय आज गहरी बदहाली का सामना कर रहा है। परंपरा, अनुशासन और उत्कृष्ट शिक्षा के तीन स्तंभों पर खड़ा यह संस्थान अब शिक्षकों की भारी कमी और प्रशासनिक उदासीनता के कारण अपने गौरवशाली अतीत से दूर होता जा रहा है।

विद्यालय में स्वीकृत 47 पदों के विरुद्ध वर्तमान में मात्र 20 शिक्षक कार्यरत हैं। इस कारण शैक्षणिक गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ा है। एक समय था जब मैट्रिक की परीक्षा में राज्य टॉपरों में नेतरहाट के छात्रों का दबदबा होता था। वर्ष 2019 तक टॉप 10 में से आठ स्थान यहां के छात्रों के नाम रहते थे, लेकिन अब यह संख्या नगण्य हो चुकी है। विद्यालय को राज्य बोर्ड से हटाकर सीबीएसई से जोड़ा गया है, जिसका असर परिणामों पर साफ दिख रहा है। इस वर्ष गणित जैसे विषय में कई विद्यार्थी असफल हुए हैं, जबकि गणित के लिए चार शिक्षक उपलब्ध हैं। रसायनशास्त्र में भी दो शिक्षकों की मौजूदगी के बावजूद छात्रों के प्रदर्शन में गिरावट देखी गई है। कुछ अभिभावकों का कहना है कि अब शिक्षक ही छात्रों को इंटर में यहीं नामांकन न लेने की सलाह दे रहे हैं। विद्यालय के सभापति संतोष उरांव ने कहा कि शिक्षकों की कमी गंभीर चुनौती है। इस संबंध में सरकार और शिक्षा मंत्री से पत्राचार किया गया है और आश्वासन मिला है कि जल्द ही आवश्यक शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था की भी मांग की है, ताकि जब तक नियमित शिक्षक नहीं मिलते, तब तक पठन-पाठन बाधित न हो।

गुरुकुल परंपरा पर संकट

नेतरहाट विद्यालय की पहचान इसकी गुरुकुल पद्धति है, जहां छात्र आश्रमों में रहते हैं और एक शिक्षक अभिभावक की भूमिका निभाते हैं। लेकिन शिक्षकों की कमी के कारण यह व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। प्रत्येक आश्रम में शिक्षक और उनकी पत्नी क्रमश: पिता और माता का दायित्व निभाते हैं, जिससे छात्रों को घर जैसा माहौल मिलता है। अब यह व्यवस्था भी संकट में है।

कार्यालयः–जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार।
Sadar Hospital Campus, Latehar. E-Mail ID: drhslatehar3@gmail.com

पत्रांक...../ दिनांक...../

सूचना।

सहिया चयन के संबंध में कहना है कि शहरी क्षेत्रों में झुग्गी–झोपड़ी/तंगबस्ती/टोलो/मोहल्ला/वंचित समूह में महिला आरोग्य समिति का गठन किया जाना है। महिला आरोग्य समिति (MAS) शहरी सहिया का चुनाव में सहयोग प्रदान करेगी।

उक्त आलोक में गठित चयन समिति के सदस्यों को आदेशित किया जाता है कि निम्न तिथि के अनुसार लातेहार शहरी क्षेत्र अन्तर्गत 15 वार्डो में शहरी सहिया चयन प्रक्रिया कराना सुनिश्चित करेंगे।

क्र0	वार्ड सं0	मुहल्ला का नाम	चयन का स्थान	तिथि
01	01	करकटमुस्लिममुहल्ला	आंगनबाड़ीकेन्द्र	08.07.2025
02	01	करकटकुसमाटाड़	आंगनबाड़ीकेन्द्र	08.07.2025
03	02	बानपुर एवंअम्बाटीकर, खेरवारटोला	सामुदायिक भवन	09.07.2025
04	02	बानपुरबाजार	अटलक्लिनिक	09.07.2025
05	03	भुईयांटोली	समुदायिक भवन, गांधीकॉलेज	10.07.2025
06	03	मिशनहाता	आंगनबाड़ीकेन्द्र	10.07.2025
07	04	बाजारटाड़	विवाहमंडल	11.07.2025
08	04	खानमुहल्ला	आंगनबाड़ीकेन्द्र	11.07.2025
09	05	यादवमुहल्ला	देवीमंडप	12.07.2025
10	05	जमीरमुहल्ला	सामुदायिक भवन	12.07.2025
11	06	लोहारपट्टी	सामुदायिक भवन	14.07.2025
12	06	डोमटोली	अटलक्लिनिक	14.07.2025
13	07	बेहराटाड़	आंगनबाड़ीकेन्द्र	15.07.2025
14	07	चटनाही	सामुदायिक भवन	15.07.2025
15	08	तेलीमुहल्ला	सामुदायिक भवन	16.07.2025
16	08	धोबीमुहल्ला	आंगनबाड़ीकेन्द्र	16.07.2025
17	09	अम्बाकोठी	सामुदायिक भवन	17.07.2025
18	09	ठाकुरमुहल्ला	सामुदायिक भवन	17.07.2025
19	10	गिजनीयाटाड़	सामुदायिक भवन	18.07.2025
20	10	अम्बाकोठीभुईयांटोली	सामुदायिक भवन	18.07.2025
21	11	चंदनडीह	सामुदायिक भवन	19.07.2025
22	11	तापाखास	सामुदायिक भवन	19.07.2025
23	12	अम्बेडकरचौक	सामुदायिक भवन	21.07.2025
24	12	सांईमुहल्ला	सामुदायिक भवन	21.07.2025
25	13	ललमटिया	सामुदायिक भवन	22.07.2025
26	13	पहाड़पुरी	सामुदायिक भवन	22.07.2025
27	14	चंदनडीह, भुईयांटोली	सामुदायिक भवन	23.07.2025
28	14	उरांवटोला	सामुदायिक भवन	23.07.2025
29	15	धर्मपुर	सामुदायिक भवन	24.07.2025
30	15	भुईयांटोली	सामुदायिक भवन	24.07.2025

PR 356616 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26 (D)

विश्वासभाजन
असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।

प्रभु दर्शन के लिए मौसीबाड़ी में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

नौ दिवसीय भक्ति पर्व का समापन आज

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। शहर में रथ यात्रा पर्व को लेकर धार्मिक उल्लास चरम पर है। ईस्ट गोला रोड स्थित कुटिया शिव मंदिर परिसर में स्थित मौसीबाड़ी में भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के दर्शन के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। शहरी क्षेत्र ही नहीं, बल्कि दूरदराज़ से भी श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना में शामिल हो रहे हैं। प्रत्येक दिन सुबह 5 बजे मौसीबाड़ी का पट श्रद्धालुओं के लिए खोला जाता है। सुबह 6 बजे आरती और स्तुति होती है, जिसके बाद श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन और पूजन के लिए उमड़ पड़ती है। दोपहर 12 बजे प्रभु को भोग अर्पित किया जाता है, और 12:11 बजे मौसीबाड़ी के कपाट कुछ समय के लिए बंद कर दिए जाते हैं। दोपहर 3 बजे पुनः कपाट खोले जाते हैं, और रात 8:30 बजे अंतिम आरती के बाद कपाट बंद हो जाते हैं। इन दिनों पूरा शहर "जय जगन्नाथ" के जयघोष से गूंज रहा है। श्रद्धालु प्रभु की कृपा व आशीर्वाद की कामना के साथ दर्शन कर अपने को धन्य मान रहे हैं। मौसीबाड़ी में विराजमान विग्रहों के दर्शन कर भक्त अपने जीवन में सुख, शांति और इच्छित फल की कामना कर रहे हैं।

मुख्य पुजारी देवनारायण पांडेय ने बताया कि नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में भगवान की विशेष पूजा-अर्चना एवं भव्य आरती होती रही। हर दोपहर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जबकि रात में महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए शामिल हुए। अब रविवार को भगवान श्रीजगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा रथ में विराजमान होकर मौसीबाड़ी से अपने निज धाम ठाकुरबाड़ी प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर विशेष शोभायात्रा और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

शोकाकुल परिवार से मिले पूर्व राज्य सभा सदस्य

लोहरदगा। पूर्व राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धीरज प्रसाद साहू ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की है। जानकारी के अनुसार गुमला जिला के गुरदरी थाना क्षेत्र के बरपाट गांव निवासी स्वर्गीय राजेश असुर के पुत्र मिलरेड असुर की गुरदरी माइंस में माइनिंग के उपरांत छोड़े गए गड्ढे में डूबने से मौत हो गई थी। इसकी जानकारी घर वालों को 30 जून को हुई। मामले की सूचना मिलने के बाद पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाया। साथ ही कंपनी के प्रतिनिधियों से बात करते हुए निर्देश दिया कि यह घटना काफी दुखद है। माइनिंग क्षेत्र में कंपनी द्वारा माइनिंग करने के उपरांत गड्ढे को भरा नहीं गया था। जिसकी वजह से वहां पानी जमा हो गया था। ऐसे में उसे युवक की दर्दनाक मौत हो गई और इसके लिए कंपनी जिम्मेदार है। कंपनी को तत्काल मदद के रूप में परिवार की मदद करनी चाहिए। इसके तहत मृतक के आश्रित को एक नौकरी, नगद रुपये, मृतक के बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था और एक आवास देने का निर्देश दिया।

समाज कल्याण विभाग की बैठक में उपायुक्त ने दिया निर्देश, नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र खुले

कुपोषित बच्चों को चिह्नित कर एमटीसी केंद्र तक लाएं : डीसी

- गर्भवती महिलायें आयरन और फोलिक एसिड की गोली का सेवन सुनिश्चित करें
- आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त सेविका और सहायिका के पदों की समीक्षा की गई और उन रिक्त पदों को नियमानुसार जल्द से जल्द भरने का निर्देश दिया गया

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और उनके कार्यों की समीक्षा की गयी । बैठक में विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त सेविका और सहायिका के पदों की समीक्षा की गई और उन रिक्त पदों को नियमानुसार जल्द से जल्द भरने का निर्देश दिया गया।

बैठक में पीएमजनमन योजना अंतर्गत बन रहे आंगनवाड़ी केंद्रों की जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र के जर्जर भवनों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों में बिजली, पेयजल व शौचालय की सुविधा की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

पीएम मातृवंदना योजना में जिन लाभुकों की एंट्री अभी तक नहीं हुई है उनकी एंट्री जल्द पूरी कराने व उनका भुगतान का निदेश दिया गया। अतिकुपोषित बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्रों में भर्ती कराने का निर्देश दिया गया। गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव के लिए उनकी सतत् निगरानी प्रसव के दो-तीन सप्ताह पूर्व से ही करने का निर्देश दिया गया।

सेविका द्वारा गर्भवती महिलाओं को आयरन की कमी को कम करने के लिए आयरन और फोलिक एसीड की गोली का सेवन सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से खुलें और शत प्रतिशत नामांकित बच्चे यहां आएं इसकी मॉनिटरिंग भी किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित रहीं।

उपायुक्त ने अनुकम्पा आधारित विनोद और खुशबू को सरकारी सेवा के लिए दिया नियुक्ति पत्र

लोहरदगा। जिला अनुकंपा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में उपायुक्त डॉ ताराचंद ने दो लोगों को सरकारी सेवा के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किया। स्व. देवनाथ असुर जो जिला स्थापना शाखा में कार्यरत थे उनके पुत्र विनोद असुर को चतुर्थवर्गीय कर्मी के पद पर नौकरी दी गई। वहीं, स्व. तारामनी देवी जो जिला आपूर्ति शाखा में सेवा दे रही थीं उनकी पुत्री खुशबू भगत को तृतीयवर्गीय कर्मी के पद पर नौकरी दी गई। उपायुक्त ने कहा कि आप दोनों पूरी ईमानदारी,निष्ठापूर्वक और अनुशासित होकर अपनी सेवा दें।साथ ही अपने सहयोगियों से बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उपायुक्त ने दोनों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, स्थापना उप समाहर्ता अभिनीत कुमार सूरज उपस्थित थे।

पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी मनोहर टोपनो ने उपायुक्त से की मुलाकात

लोहरदगा। भारतीय ओलंपिक टीम (वर्ष1984) के सदस्य रहे पूर्व हॉकी खिलाड़ी मनोहर टोपनो ने उपायुक्त डॉ ताराचंद से मुलाकात की। इस अवसर पर उपायुक्त लोहरदगा ने पूर्व ओलंपियन से लोहरदगा जिला में हॉकी समेत अन्य खेलों के लिए बेहतर वातावरण और संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। उपायुक्त ने ओलंपियन मनोहर टोपनो को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देशहित में अहम योगदान देने के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा समेत अन्य उपस्थित थे।

ललित नारायण स्टेडियम के जीर्णोद्धार की भाजपा नेताओं ने डीसी से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। शहर के बीचों-बीच स्थित ललित नारायण स्टेडियम की बदहाली और शहरी विकास से जुड़ी समस्याओं को लेकर भाजपा नेता पशुपति नाथ पारस और मिथुन तमेड़ा ने लोहरदगा उपायुक्त डॉ ताराचंद से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यह स्टेडियम कभी स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का प्रमुख केंद्र रहा है, लेकिन वर्तमान में यह जर्जर हालत में पहुंच चुका है। भाजपा नेताओं ने बताया कि इस ऐतिहासिक स्टेडियम में पहले जिला प्रशासन और खेल संघों द्वारा क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स, नाइट वॉलीबॉल प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे। वहीं, पुलिस विभाग भी 'हथियार डालो, वॉलीबॉल खेलो' जैसे अभियानों के तहत युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करता रहा है। मिथुन तमेड़ा ने जानकारी दी कि इस स्टेडियम का नाम भारत के पूर्व रेल मंत्री स्व. ललित नारायण मिश्र के नाम पर है, जिनका 3 जनवरी 1975 को समस्तीपुर बम विस्फोट में निधन हो गया था। स्थानीय लोगों द्वारा दान दी गई भूमि पर यह स्टेडियम बना था।

डीसी ने दिया भरोसा

उपायुक्त डॉ ताराचंद ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि ललित नारायण स्टेडियम का जीर्णोद्धार जल्द शुरू किया जाएगा और इसका उपयोग सिर्फ खेल गतिविधियों के लिए सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं अन्य निर्माण कार्य वर्षा ऋतु के बाद पूरा किया जाएगा।

चंद माह पहले बनी पुलिया में दरारें, ग्रामीणों में नाराजगी

कुडू (लोहरदगा)। कुडू प्रखंड के कोलसिमरी पंचायत में ग्रामीणों की सुविधा के लिए कुछ माह पूर्व बनी पुलिया में दरारें उभर आई हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी और चिंता का माहौल है। लाखों रुपये की लागत से बनी इस पुलिया की गुणवत्ता पर अब सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि टाटी नर्सरी से कोलसिमरी गांव तक बनी सड़क से जरूर आवागमन में सुविधा हुई है, लेकिन गांव के प्रवेश द्वार पर गोवर्धन मंदिर के समीप बनी पुलिया की स्थिति बेहद चिंताजनक है। पुलिया के ऊपर दरारें इतनी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं कि भविष्य में यह दुर्घटना का कारण बन सकती है। स्थानीय निवासी अश्विनी यादव ने बताया कि निर्माण के समय लोगों को उम्मीद थी कि यह सड़क और पुलिया वर्षों तक टिकाऊ होगी, लेकिन कुछ ही महीनों में दरारें दिखने से लोगों में निराशा और अविश्वास का माहौल है। उन्होंने आशंका जताई कि दरारें पुलिया की संरचना में हैं या केवल सतही पीसीसी पर, यह तकनीकी जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द पुलिया की तकनीकी जांच कराकर इसकी मरम्मत करवाई जाए, ताकि कोई बड़ी अनहोनी न हो। उनका कहना है कि अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यह पुलिया किसी दिन जानलेवा साबित हो सकती है।

स्कूली बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

लोहरदगा। एकागुड़ी स्थित ब्लूमिंग बड्र्स पब्लिक स्कूल में शनिवार को प्रतिभा दिवस टैलेंट डे का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक, साहित्यिक और रचनात्मक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत महालक्ष्मी कुमारी के आकर्षक नृत्य से हुई, जिन्होंने 'राधा रानी' गीत पर अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। इसके बाद विभिन्न प्रतिभागियों ने कविता, कहानी, शायरी और पहेली प्रस्तुत कर माहौल को जीवंत बना दिया। अवंतिका सिंह और यशस्वी कुमारी ने मिलकर एक भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने खूब सराहा। प्रतियोगिता में यशस्वी कुमारी को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रथम स्थान, महालक्ष्मी कुमारी को द्वितीय स्थान और अवंतिका सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विनीत उरांव, वैभव कुमार, मुस्कान कुमारी, सत्यजीत कश्यप, आर्यन राज, प्रीति कुमारी, नीतू उरांव, नैंसी कुमारी, शौर्य सिंह, आशीष लोहरा, मनीष कुमार साहू, सूर्यांश कुमार, तनु कुमारी, शिखा, विष्णु उरांव और आस्था सहित कई बच्चों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के निदेशक मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि बच्चों की रचनात्मक क्षमताओं को पहचानने और निखारने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजनों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मंच छात्रों के आत्मविश्वास को मजबूत करने में सहायक होते हैं और उनके समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

घूरती रथयात्रा और मोहर्रम को लेकर पुलिस ने किया मॉक ड्रिल का अभ्यास, प्रशासन सतर्क

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा (लोहरदगा)। थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित न्यू पुलिस लाइन में शनिवार को घूरती रथयात्रा और मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने किया। यह मॉक ड्रिल उपायुक्त डॉ. ताराचंद और पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी के निर्देशानुसार आयोजित की गई, जिसमें शरारती तत्वों से निपटने तथा विधि-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीओ अमित कुमार ने कहा कि घूरती रथयात्रा और मोहर्रम का त्योहार जिले में शांति व सद्भाव के साथ संपन्न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई असामाजिक तत्व त्योहार के दौरान शांति भंग करने का प्रयास करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मॉक ड्रिल के दौरान सार्जेंट शेरू रंजन, मेजर विवेक कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

सोशल मीडिया पर प्रशासन की नजर: एसडीपीओ

एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि त्योहारों के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है और सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है। यदि कोई गलत सूचना या भ्रामक संदेश वायरल करता है, तो उसे चिन्हित कर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी के छात्र-छात्राएं संकुल टॉप 10 में सम्मानित

कुडू-लोहरदगा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बड़की चांपी के तीन मेधावी छात्र-छात्राएं संकुल स्तरीय माध्यमिक परीक्षा टॉप 10 सम्मान कार्यक्रम में सम्मानित किए गए। बहन पूजा कुमारी ने 92.20प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, भैया लक्ष्य भारद्वाज ने 88.20प्रतिशत के साथ सप्तम स्थान, और भैया धीरज प्रजापति ने 87.80 प्रतिशत अंकों के साथ नवम स्थान प्राप्त किया। सम्मान समारोह 5 जुलाई को मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय, आयोजित हुआ। इसमें इन छात्रों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण क्षण में बहन पूजा कुमारी के पिता बाल्केश्वर महतो, भैया लक्ष्य भारद्वाज के पिता–स्थानीय पत्रकार नंदलाल तिवारी एवं माता और बड़की चांपी पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी, तथा भैया धीरज प्रजापति के पिता बिहारी प्रजापति भी उपस्थित थे।

सीएचसी कुडू में मनाया गया डॉक्टर्स डे, चिकित्सकों का हुआ सम्मान

नवीन मेल संवाददाता

कुडू-लोहरदगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुडू में राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी उपस्थित थे, जबकि अध्यक्षता सीएचसी प्रभारी डॉ. सुलामी होरो ने की। इस अवसर पर चिकित्सा पदाधिकारियों और स्टाफ द्वारा सभी चिकित्सकों को पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण एवं उपहार भेंट कर पारंपरिक रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रबंधन संध्या प्रतिमा लकड़ा, सरोजनी केरकेट्टा और निरोज नाथ साहदेव ने किया, जबकि मंच की सजावट तौसीफ अंसारी व उनकी टीम द्वारा की गई थी। समारोह में चिकित्सकों ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त व जनोन्मुखी बनाने को लेकर सामूहिक चर्चा की।

साथ ही, मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भाव बनाए रखने की अपील की गई। उपस्थित जनों ने डॉक्टरों के प्रति आभार जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में केक काटकर डॉक्टर्स डे को यादगार बनाया गया। इस अवसर पर डॉ. मरसा टोपनो, डॉ. अंजुलन आइंद, डॉ. मंजू गुप्ता, डॉ. निरुपमा टोप्पो, डॉ. अजित मंडल, डॉ. प्रणीति, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. राजेश भगत, डॉ. दीपनेश्वर चौधरी, प्रेरणा श्रोत, ज्योति सिन्हा, जीसी पांडे, आफताब आलम, शाहिद इकबाल सहित क्लर्क, सभी नर्सिंग स्टाफ, एमपीडब्ल्यू, आउटसोर्सिंग व एनएचएम कर्मी, सफाईकर्मी, 108 एम्बुलेंस स्टाफ, ट्रॉमा टीम तथा कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिशु सभा का हुआ आयोजन

लोहरदगा। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में विद्या भारती योजना के तहत आचार्य अशोक कुमार सिंह के निर्देशन में एक विशेष शिशु सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का मुख्य उद्देश्य भैया-बहनों को प्रश्न मंच के महत्व और उसकी प्रक्रिया से परिचित कराना था। सभा में विद्यालय के आचार्य रवि रंजन कुमार उपाध्याय, ने प्रश्न मंच के 10 चरणों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उपाध्याय ने बताया कि प्रश्न मंच केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि ज्ञानवर्धन और आत्मविश्वास बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रत्येक चरण को बारीकी से समझाया ताकि विद्यार्थी इसके हर पहलू को समझ सकें और इसमें सक्रिय रूप से भाग ले सकें। सभा के दौरान भैया-बहनों को वैदिक गणित, विज्ञान और अंग्रेजी से संबंधित कुछ प्रश्न दिखाए गए। इन प्रश्नों के माध्यम से उन्हें प्रश्न मंच के स्वरूप से अवगत कराया गया और उनमें उत्सुकता जगाई गई।

भव्य आयोजन

सलडेगा से निकाली गई भगवान जगन्नाथ की भव्य घूरती रथयात्रा

सिमडेगा में पहली बार निकली जगन्नाथ रथयात्रा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सलडेगा देवी गुड़ी मन्दिर स्थित मौसी बाड़ी से जोकबहार जगन्नाथ मंदिर तक पहली बार भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नौ दिनों तक मौसी बड़ी के रूप में भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र की पूजा-अर्चना की गई। रथयात्रा से एक दिन पूर्व 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ हुआ, जिसका समापन शनिवार सुबह हवन-पूजन और भंडारे के आयोजन के साथ हुआ।भंडारे के उपरांत घूरती रथयात्रा निकाली गई, जिसमें तीनों विग्रहों को रथ पर विराजमान कर हरि बोल और जय जगन्नाथ के जयघोष के बीच भक्तों द्वारा खींचते हुए मुख्य मंदिर जोकबहार पहुंचाया गया। मौकेपर जगह-जगह रथ को रोककर श्रद्धालुओं ने पूजा की। पूरे कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।सुरक्षा की दृष्टि से सिमडेगा सदर थाना की पुलिस तैनात रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के जगदीश सिंह, अरुण सिंह, मुरारी प्रसाद, मितेश सिंह, दीपक सोनी समेत अन्य सदस्य सक्रिय रूप से जुटे रहे।

धूमधाम से निकाली गई घुरती रथ यात्रा, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

बानो। प्रखंड के हुरदा स्थित भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर से पारंपरिक घुरती रथ यात्रा शुक्रवार को बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान जगन्नाथ, बलभद्र तथा सुभद्रा के रथ को भक्तिभाव से खींचा।यह भव्य यात्रा मरानी रोड, मौसीबाड़ी और मार्केट कारप्लेस होते हुए पुनः हुरदा बाजार स्थित मुख्य मंदिर पहुंची। रथ यात्रा की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पुरोहित गोपाल दास और दुर्योधन दास द्वारा पूजा अर्चना कर की गई।मेले में सांस्कृतिक आकर्षण के रूप में गेनमेर चाटुगढ़ा नृत्य मंडली द्वारा पारंपरिक पैकी नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।रथ यात्रा के सफल आयोजन में धनश्याम दास गोस्वामी, सुरेंद्र सिंह, मनदयाल सिंह, सहदेव सिंह, फिरंग सिंह, कोजु सिंह, हरिभ सिंह, अजीत सिंह, ओनादी हजाम, देवकरण साहू, बलदेव साहू, पुलेंद्र साहू सहित अन्य स्थानीय लोगों का सराहनीय योगदान रहा।मेले की व्यवस्था बनाए रखने में गिरदा ओपी प्रभारी जितेंद्र वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

स्कूल में नेत्र जांच शिविर का किया गया आयोजन

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के नेत्र रोग चिकित्सक डॉ.शशिकांत कुमार द्वारा अरु क्लस्टर के अंतर्गत मध्य विद्यालय अरु में नेत्र जांच शिविर आयोजित कर ग्रामीणों और विद्यालय के छात्र छात्राओं का आंख जांच किया गया। वही डॉक्टर ने बताया कि नेत्र जांच के क्रम में निकट दृष्टि और दूर दृष्टि दोष,आंख से पानी आना, धुंधलापन दिखाई देना, आंख में जलन होना सहित अन्य तरह का बीमारियों का जांच किया गया। जांच के पश्चात लोगों को निःशुल्क दवा दिया गया । और 40 वर्ष उम्र तक के महिला पुरुष को चश्मा भी दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र रोग से बचाव के लिये जागरूक करते हुए अंधापन से रोक थाम की दिशा में सृह्रिह पहल किया जा रहा है.मौके पर विकेश सिन्हा, राजेश उरांव, देवदीप उरांव सहित अन्य शिक्षक शिक्षिका,छात्र छात्राएं और ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

वर्ल्ड बैडमिंटन डे" पर 'स्मैशाथॉन-2025' का हुआ आयोजन

गुमला। वर्ल्ड बैडमिंटन डे के अवसर पर गुमला जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को 'स्मैशाथॉन-2025' नामक एक दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन इनडोर स्टेडियम, गुमला में किया गया। यह आयोजन नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने और नशे से दूर रखने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपायुक्त खुद खिलाड़ी की वेशभूषा में कोर्ट पर उतरीं और खिलाड़ियों के साथ बैडमिंटन खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रतिभागियों से संवाद कर उन्हें खेल को जीवन का हिस्सा बनाने, नशे से दूर रहने और सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। उपायुक्त ने कहा की गुमला जिला प्रशासन खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इनडोर स्टेडियम का जल्द ही पुनर्निर्माण कर खिलाड़ियों को आधुनिक और सुविधाजनक प्रशिक्षण स्थल प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षित कोच की देखरेख में सैकड़ों बच्चे नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि गुमला के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी पहचान बनाएं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद विभिन्न अधिकारियों और खिलाड़ियों ने मिलकर बैडमिंटन खेला और खेल भावना को बढ़ावा दिया।

प्रीति बिलुंग का राज्य टीम में हुआ चयन

गुमला। गुमला जिला अंतर्गत आवासीय बालिका हॉकी प्रशिक्षण केंद्र, उसलाइन कॉन्वेंट विद्यालय की खिलाड़ी प्रीति बिलुंग ने झारखंड राज्य का नाम रोशन किया है। प्रीति का चयन 15वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता 3 जुलाई से 13 जुलाई 2025 तक रांची में आयोजित की जा रही है। प्रीति बिलुंग, जो मूलतः सिमडेगा जिला की निवासी हैं, वर्ष 2022 से गुमला हॉकी प्रशिक्षण केंद्र में निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। राज्य स्तर पर आयोजित ओपन ट्रायल में 100 से अधिक प्रतिभागियों में से चयन प्रक्रिया के तहत पहले 31 खिलाड़ियों को कैम्प के लिए चुना गया था, जिसमें से अंततः 18 सदस्यीय राज्य टीम में प्रीति का चयन हुआ। और भी गर्व की बात यह है कि प्रीति को शुरुआती 11 (प्लेइंग इलेवन) में स्थान मिला है, जो उनके लगातार परिश्रम, प्रतिभा, समर्पण और प्रशिक्षण केंद्र की उत्कृष्टता का प्रमाण है। गुमला जिले के खेल जगत में प्रीति की इस उपलब्धि से उत्साह का माहौल है। यह चयन न केवल जिले की प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच देने का अवसर है, बल्कि अन्य बालिकाओं के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बनकर उभरा है।

लगातार हो रही बारिश से खेती पर संकट किसानों के चेहरे पर छायी मायूसी

पालकोट (गुमला)। पालकोट प्रखंड क्षेत्र में पिछले पंद्रह दिनों से लगातार हो रही बारिश ने खेती-किसानी की कमर तोड़ दी है। खेतों में पानी भरने के कारण धान की बिचड़ा (नर्सरी) की प्रक्रिया भी बाधित हो गई है। वहीं ऊपरी भूमि (टाड़) में किसान अभी तक फसल की बुवाई शुरू नहीं कर पाए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में निराशा का माहौल बना हुआ है। हर साल इस समय तक किसान मूंगफली, उड़द, मड़ुवा जैसी परंपरागत फसलों की बुवाई पूरी कर लेते थे, लेकिन इस बार अधिक वर्षा ने खेतों को जलमग्न कर दिया है। बिचड़ा डालने की कोशिशें भी बारिश और कीचड़ में फंस गई हैं, जिससे किसानों की मेहनत बेकार होती दिख रही है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश की यही रफ्तार रही तो इस वर्ष अनाज के संकट के साथ-साथ भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। किसानों की मांग है कि प्रशासन इस स्थिति की समग्र समीक्षा कर राहत उपाय सुनिश्चित करे। किसानों की मेहनत पर पानी फिरने से चिंता और तनाव बढ़ गया है।

उपायुक्त ने बसिया में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लिया जायजा, बोले

मत्स्य पालन से ग्रामीण बन रहे समृद्ध और आत्मनिर्भर

- तालाबों, अस्पताल, आंगनबाड़ी और पुस्तकालय का किया निरीक्षण, महिला मत्स्य पालकों के कार्य की सराहना

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने शनिवार को बसिया प्रखंड अंतर्गत कुम्हारी गांव में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत चल रहे मत्स्य पालन कार्यों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीण मत्स्य पालकों से संवाद किया और उनकी मेहनत, आत्मनिर्भरता और सफल प्रयासों की सराहना की। उपायुक्त ने ज्योति लकड़ा, ओमप्रकाश साहू, लाखन सिंह जैसे सफल मत्स्य पालकों की उपलब्धियों को सराहते हुए कहा कि यह क्षेत्र पहले माओवाद प्रभावित था, आज मछली पालन के जरिये बदलाव की कहानी लिख रहा है।" उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन हर स्तर पर सहयोग के लिए तत्पर है। जिले में वर्तमान में लगभग 20 तालाबों में मछली पालन हो रहा है। उपायुक्त ने फलदार पौधों के रोपण और मत्स्य आहार मिल की गुणवत्ता की जांच की तथा जिला मत्स्य पदाधिकारी को बेहतर प्रबंधन के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बसिया अस्पताल पहुंचकर महिला चिकित्सक और पीडियाट्रिक डॉक्टर की कमी पर चिंता जताई और व्यवस्था में शीघ्र सुधार के निर्देश दिए। साथ ही डायलिसिस यूनिट, एनबीएसयू, लेबर रूम, ओपीडी एवं कुपोषण उपचार केंद्र का गहन निरीक्षण कर पोषण व्यवस्था को बेहतर करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने लोंगा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर अनुश्रवण समिति की नियमित बैठक, बच्चों के पोषण आहार और महिला सहभागिता पर बल दिया। वहीं बसिया पुस्तकालय में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने तथा बंद इनडोर स्टेडियम को पुनः चालू कर बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित करने की बात कही। निरीक्षण के अंतिम पड़ाव में उपायुक्त ने धनसिंह जलाशय पहुंचकर वहां मत्स्य पालन कर रही महिला समूहों से संवाद किया। महिला पालक सुगंती बारला ने बताया कि "अब हम महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन रही हैं, हमारे जीवन में बदलाव आया है।" उपायुक्त ने कहा कि "यह कार्य अनुकरणीय है, शीघ्र यहां शेड निर्माण कराया जाएगा। इस मौके पर डीसीएलआर बसिया, जिला मत्स्य पदाधिकारी, अनेक संबंधित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं मत्स्य पालक उपस्थित थे।

उपायुक्त ने चिकित्सकों की कमी को दूर करने का लोगों को दिया भरोसा

बसिया(गुमला)। बसिया स्थित रेफरल अस्पताल में चिकित्सकों की कमी को अविलंब दूर करने का प्रयास किया जाएगा। शनिवार को अस्पताल के औचक निरीक्षण पर पहुंची उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने चिकित्सा कर्मियों को मौके पर ही यह भरोसा दिया। मिली जानकारी के अनुसार उपायुक्त तब यह जानकार हैरान हो गई जब उन्हें यह बताया गया सिर्फ एक चिकित्सक के भरोसे इस महत्वपूर्ण अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने त्वरित कार्रवाई का भरोसा देते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों के पदस्थापना हेतु प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान मरीजों को दी जा सुविधाओं की विस्तार जानकारी लेते हुए उन्होंने चिकित्सा कर्मियों की जमकर सराहना की। इस दौरान उन्होंने हंस फाउंडेशन के द्वारा अस्पताल परिसर में कुपोषित शिशुओं के लिए संचालित एमटीसी केन्द्र का उद्घाटन भी किया।

एसडीओ ने किया योजनाओं व संस्थानों का औचक निरीक्षण, दिये निर्देश

बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सेवा भाव से कार्य करें

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर पूर्णिमा कुमारी ने चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न योजनाओं व संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता और योजनाओं की प्रभावशीलता की प्रत्यक्ष समीक्षा करना रहा। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम नवाडीह पंचायत भवन का जायजा लिया गया। इस दौरान भवन की संरचना, कार्य संचालन, अभिलेख संधारण एवं पंचायत स्तरीय विकास योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके उपरांत नवाडीह और जीतियाटोली गांवों में स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार की गुणवत्ता, टीकाकरण की स्थिति, सेविका-सहायिका की भूमिका और अभिलेखों की अद्यतन स्थिति की बारीकी से जांच की गई। एसडीओ ने कर्मियों को निर्देशित किया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सेवा भाव से कार्य करें और मानकों के अनुरूप पोषण, शिक्षा व स्वच्छता सुनिश्चित करें। इसके बाद राजकीय उच्चकृत मध्य विद्यालय, भेड़ीताल का निरीक्षण हुआ, जहां छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों की उपलब्धता, पठन-पाठन व्यवस्था, भवन की दशा, एवं मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की गहन समीक्षा की गई।

बीएन जालान महाविद्यालय में पूर्व सीटीओ को दी गई भावभीनी विदाई

सिसई (गुमला)। बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में कार्यक्रम आयोजित कर एनसीसी के पूर्व सीटीओ डॉ निसार अहमद को विदाई दी गई। डॉ निसार ने महाविद्यालय में सीटीओ के रुप में जनवरी 2023 से जनवरी 2025 तक दो वर्ष रहे। विदाई समारोह में प्रभारी प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती ने कहा कि डॉ निसार अहमद ने सीटीओ के रुप मे कार्य करते हुए एनसीसी को अलग पहचान दिलाया। स्वयं के खर्च से प्रोत्साहित कर सफलता दिलाई। इनके कार्य काल में महाविद्यालय के ग्यारह कैडेट का चयन अग्निवीर में हुआ।

मुहर्रम को लेकर अखाड़ा अध्यक्षों संग की बैठक

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न मुहर्रम अखाड़ों का अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा व थाना प्रभारी कुमार गौतम ने शनिवार को जायजा लिया। साथ इस दौरान मुहर्रम कमिटी अध्यक्षों के साथ बैठक कर काई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं पदाधिकारियों ने मुहर्रम मेला की जानकारी लेते हुए जुलूस एवं मेले से जुड़े सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और आयोजन व्यवस्था पर गहन चर्चा की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मेला पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न होगा। वहीं सीओ व थाना प्रभारी ने सभी समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर सहायक अवर निरीक्षक रंजय कुमार सिंह, राजस्व उपनिरीक्षक पप्पू कुमार यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामा भुइयां, निशार अली, अब्दुर्रहमान, जमाल मियां, हाशिम मियां, जिलानी मियां, प्राणेश कुमार गुप्ता, महानंद कुमार यादव सहित दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।

एलडीएम ने जेएसएलपीएस कार्यालय में की बीएलबीसी की बैठक

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय परिसर में संचालित जेएसएलपीएस कार्यालय पहुंचकर एलडीएम अहसन अहमद ने बीएलबीसी की बैठक की। बैठक में उपस्थित शाखा प्रबंधकों को मुद्रा ऋण से संबंधित जानकारी दिया। साथ ही जेएसएलपीएस के तहत संचालित महिला समूहों को लिंकेज करने का निर्देश दिया। एलडीएम ने स्कूली बच्चों को सीएसपी के माध्यम से खता खोलने का निर्देश संबंधियों शाखा प्रबंधक को दिए। बैठक में बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक विवेक कुजूर, ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक गौतम आनंद, जेएसएलपीएस के सुनील पासवान समेत अन्य संबंधित मौजूद थे।

25 वर्षों के पुराने रास्ते के विवाद को मुखिया ने कराया निपटारा

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बारीसाखी पंचायत के प्रेम टोला में करीब 25 वर्षों से रास्ता विवादों से घिरा हुआ था। जिसे देखते हुए मुखिया सुमीरा कुमारी के नेतृत्व में अमीन के द्वारा शनिवार को मापी करवाई गई और 25 वर्षों के पुराने मामला का निपटारा कर दिया गया। जहां मुखिया प्रतिनिधित्व दिनेश भारती ने कहा कि इसमे जल्द से जल्द पीसीसी पथ निर्माण भी किया जाएगा। जिससे ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। मौके पर समाजसेवी भुवनेश्वर साव, दिनेश्वर साहू एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण

इटखोरी (चतरा)। इटखोरी प्रखंड के मलकपुर पंचायत भवन में शिवर लगाकर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत दर्जनों किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया गया। शिविर में बीटीएम तौसीफ आलम और एटीएम गणेश दांगी के द्वारा किसानों के बीच बीज का वितरए किया गया। इस दौरान बीटीएम ने किसानों को बताया कि सरकार मोटे अनाज की खेती को लेकर प्रोत्साहित करने हेतु किसानों को प्रति एकड़ तीन हजार रुपये भी प्रदान कर रही है। किसान सरकार द्वारा दिये गए बीज को अपने खेतों में लगाकर उसकी पैदावार सुनिश्चित कर प्रज्ञा केंद्र से ऑनलाइन कराकर ये राशि प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर विष्णुदेव रविदास, सोहन साव, बबीता देवी, रेणु देवी, पिंकी देवी, संतोष साव, मनोज कुमार साव, कृष्णा साव समेत भारी संख्या में किसान उपस्थित थे।

सहायिका चुनाव में विवाद, ग्रामीणों ने कहा- सास और बहु का चयन होना उचित नहीं

टंडवा(चतरा)। टंडवा प्रखंड क्षेत्र के नवाडीह उर्फ तेलियाडीह पंचायत अंतर्गत असनालेवड़ गांव में शनिवार को आंगनबाड़ी सहायिका चुनाव को लेकर ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ देवलाल उरांव, मुखिया महावीर साहु, पंसस आशा देवी, उपप्रमुख जितेंद्र सिंह व पर्यवेक्षिका ज्योति कुमारी की मौजूदगी में सहायिका चयन की प्रक्रिया की गई। जहां सहायिका के पद के लिए खुशबू देवी, रेवन्ती देवी, उषा देवी, अनु देवी व प्रतिमा कुमारी ने आवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान उच्च शिक्षा के आधार पर प्रतिमा कुमारी पति रंजीत यादव का शिक्षा का स्तर उच्च होने पर चयन किया गया। जिसका मौजूद ग्रामीणों ने विरोध किरते हुए कहा कि प्रतिमा कुमारी की सास इसी आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका के पद पर कार्यरत है। ऐसे में सेविका और सहायिका एक ही घर से सास और बहु का चयन होना उचित नहीं है। वहीं मुखिया ने कहा कि ग्रामसभा के दौरान ग्रामीणों का विरोध जायज है। उन्होंने कहा कि सहायिका का चयन शैक्षणिक योग्यता के आधार पर हो लेकिन ग्रामीणों के निर्णय पर भी विचार किया जाना चाहिए?। इधर मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि नियम के आधार पर चयन की प्रक्रिया की गई जिस पर ग्रामीणों ने विरोध किया है।

अमरनाथ यात्रा के लिए 16 श्रद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना

गुमला। शनिवार को गुमला से अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले 16 श्रद्धालुओं के एक विशेष जत्थे को चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह ने शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। इस जत्थे की अगुवाई चेंबर सचिव बबलू वर्मा कर रहे हैं। यात्रा में अमरनाथ के साथ-साथ वैष्णो देवी, महाकालेश्वर, केदारनाथ, बद्रीनाथ और अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों का भी दर्शन किया जाएगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालु देश के पवित्र स्थलों पर पूजा-अर्चना कर देश, समाज और परिजनों के सुख-शांति की कामना करेंगे। बबलू वर्मा (चेंबर सचिव), संजीत गुप्ता, दिनेश प्रसाद, प्रांजल सिंह, आशीष कुमार, हर्ष सोनी, विनोद साहू, मृत्युंजय कुमार, आशु कुमार, साकेत भगत, आतिश सोनी, विकास कुमार, बिट्टू कुमार और बादल यादव शामिल हैं। श्रद्धालुओं को रवाना करते हुए चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा की यह पवित्र यात्रा आप सभी के जीवन में शांति, समृद्धि और सकारात्मक

फंदे से लटका मिला नव विवाहिता शव, पति व ससुर गिरफ्तार

टंडवा(चतरा)। टंडवा प्रखंड क्षेत्र के कोयद पंचायत अंतर्गत सोपारम के बालाबारी टोला निवासी सचिन कुमार की नव विवाहिता पत्नी सुनीता देवी शव फंदे से झूलता मिला। मृतका सुनीता देवी का मायके ग्राम बेचो, मुफस्सिल थाना हजारीबाग है। इनकी शादी 29 अप्रैल 2025 को हुआ था। इस घटना को लेकर महिला की माता मसोमत सुमित्रा देवी ने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न को लेकर हत्या करने का मामला टंडवा थाना में दर्ज कराया है। आवेदन में मृतका की मां ने कहा है कि ससुराल वालों को शादी के समय छह लाख रुपए नगद एवं दो लाख रुपए का जेवर अपनी हैसियत के अनुसार दहेज के रूप में दे कर बेटी का विवाह किया था। शादी के एक माह तक बेटी ससुराल में ठीक रही थी, उसके बाद से ससुराल वाले दहेज के रूप में चार पहिया वाहन मांगा करने लगे थे। उस बात लेकर आपस में खींचातानी होते रहता था। परंतु शुक्रवार शाम दामाद के द्वारा अचानक फोन से सूचना दिया गया कि आपकी बेटी ने फांसी लगा लिया है। उधर घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी उमेश राम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया।

गांजा तस्करी करते तीन तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे, चार किलो गांजा बरामद

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा जिले में अंतरराज्यीय गांजा तस्करों के खिलाफ पुलिस की सतर्कता रंग ला रही है। शनिवार को खम्मनटांड़ इंटर स्टेट चेकपोस्ट पर एक यात्री बस से गांजा की तस्करी करते हुए तीन तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ गए। सिमडेगा पुलिस ने ओडिशा से झारखंड आ रही एक बस से 4.084 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पकड़े गए तस्करों की पहचान कैलाश चंद्र सुरेश, पवनदीप सिंह और अशोक कुमार महंत के रूप में हुई है, जो सभी ओडिशा के निवासी हैं।सिमडेगा पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि एनएच-143 पर खम्मनटांड़ चेकपोस्ट पर वाहनों की नियमित जांच के दौरान ओएसआरटीसी की एक यात्री बस को रोका गया। बस में सीट संख्या 37, 38 और 39 पर बैठे तीन संदिग्ध यात्रियों की तलाशी ली गई, तो उनके पास से कुल 4.084 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।पूछताछ में तीनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे गांजा को ओडिशा से लाकर झारखंड होते हुए अन्य राज्यों में तस्करी करने की योजना में थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(b)(ii)(B) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एसपी अर्शी ने बताया कि खम्मनटांड़ चेकपोस्ट पर अब तक 150 किलो से अधिक गांजा जब्त किया गया है, जबकि जिले भर में पिछले एक साल के भीतर 250 किलो से अधिक गांजा की जब्ती और कई तस्करों की गिरफ्तारी की गई है।उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और सिमडेगा पुलिस किसी भी तस्करी को सफल नहीं होने देगी।मौके पर एसडीपीओ बैजू उरांव,थाना प्रभारी मिर्जा उरांव यउपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

जिला टीम ने घाघरा व बिशुनपुर प्रखंड का किया भ्रमण, बहुद्देशीय भवन का उद्घाटन

गुमला। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की जिला टीम ने घाघरा एवं बिशुनपुर प्रखंड का भ्रमण कर विभिन्न आजीविका गतिविधियों की समीक्षा की गई एवं महिला समूहों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। घाघरा प्रखंड में टीम ने सीसीएल ऋण और सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) के माध्यम से संचालित चप्पल दुकान, कपड़ा दुकान, फल दुकान, हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट, सरसों तेल प्रसंस्करण इकाई जैसी योजनाओं का निरीक्षण किया। महिला समूहों द्वारा इन गतिविधियों के सफल संचालन को देखकर जिला टीम ने सराहना की और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर और सशक्त होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं, बिशुनपुर प्रखंड के तुसरू कोना गांव में निर्मित बहुद्देशीय सामुदायिक भवन का उद्घाटन जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) द्वारा किया गया। इस भवन को ग्राम संगठन की दीदियों को सौंपा गया, ताकि यह स्थान बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सामुदायिक आयोजनों का केंद्र बन सके।

कामडारा प्रखंड में लाह उत्पादन प्रशिक्षण का हुआ सफल आयोजन

गुमला। कामडारा प्रखंड में लाह उत्पादन को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय लाह उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन गुमला द्वारा उद्योगिनी संस्था के सहयोग से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 230 लाभुकों ने भाग लिया, जिनमें फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान (पीजेएए) से जुड़ी 50 महिला लाभुक भी शामिल रहीं। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को वैज्ञानिक व टिकाऊ तकनीक से लाह उत्पादन के लिए प्रशिक्षित करना तथा स्थायी आजीविका के साधन से जोड़ना था। कार्यक्रम में लाह वैज्ञानिक दिलीप कुमार सिंह, फील्ड एसोसिएट नारायण साहू (उद्योगिनी) एवं एनजेएस टीम द्वारा प्रतिभागियों को वैज्ञानिक तरीकों से लाह उत्पादन, प्रबंधन एवं तकनीकी पहलुओं की गहन जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आवश्यक उपकरण व औजार 90% अनुदान पर वितरित किए गए, जिससे वे प्रशिक्षण उपरांत स्वावलंबी रूप से लाह उत्पादन प्रारंभ कर सकें।

मुहर्रम को लेकर भरनो में अलर्ट जारी, शांति बहाली के लिए निकाला गया फ्लैग मार्च

भरनो (गुमला)। आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु भरनो प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। शनिवार को अंचलाधिकारी अविनाश कुजर एवं थाना प्रभारी कंचन प्रजापति की अगुवाई में फ्लैग मार्च निकाला गया। लगातार बारिश के बावजूद प्रशासनिक टीम ने कई चौक-चौराहों का भ्रमण कर लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने आमजनों से कहा कि किसी भी तरह की अफवाह या फेक न्यूज़ पर ध्यान न दें और यदि कोई अप्रिय घटना या संदेहास्पद गतिविधि दिखाई दे, तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। प्रशासन ने यह भी आश्वस्त किया कि किसी भी आवश्यकता पर पुलिस तत्परता से उपलब्ध रहेगी। इस दौरान नवनियुक्त होमगार्ड जवानों समेत पुलिसकर्मी भी मुस्तैदी से तैनात रहे। यह फ्लैग मार्च न केवल सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाने वाला रहा, बल्कि स्थानीय लोगों में आपसी भाईचारे और विश्वास का संदेश भी लेकर आया।

गुमला पुलिस ने मुहर्रम और रथ यात्रा को लेकर निकला मॉक ड्रिल

गुमला। मुहर्रम पर्व 2025 एवं घुरती रथ यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुमला पुलिस द्वारा आज व्यापक तैयारी के तहत मॉक ड्रिल (पूर्वाभ्यास) का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल पुलिस अधीक्षक हरिश बिन ज़मां के निर्देश पर पुलिस केन्द्र, गुमला में आयोजित किया गया, जिसमें जिला बल के जवानों ने आपात स्थिति से निपटने के लिए अलग-अलग सुरक्षा तकनीकों का अभ्यास किया। इस दौरान दंगा नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, त्वरित कार्रवाई दल की तैनाती, बैरिकेडिंग व्यवस्था एवं आपात चिकित्सा सहायता जैसे विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल में पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरण, वाटर कैनन, टियर गैस एवं अन्य सुरक्षा संसाधनों के समुचित उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा जुलूस के दौरान रूट प्लान, फ्लैग मार्च, सीसीटीवी निगरानी एवं दंगा नियंत्रण दल की तैनाती को हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि "जिला पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। यदि कोई भी व्यक्ति शांति भंग करने का प्रयास करता है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।"शांति समिति की बैठक के बाद यह मॉक ड्रिल सुरक्षा तैयारी की अंतिम कड़ी के रूप में देखा जा रहा है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि पर्व के दौरान कोई भी अप्रिय घटना न घटे और आम जनमानस शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मना सकें।

पेड़ पर रक्षासूत्र बांधकर ग्रामीणों ने जंगल बचाने का लिया संकल्प

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कंडरा में ग्रामीणों ने पेड़ पर रक्षासूत्र बांधकर जंगल बचाने का संकल्प लिया सरकार द्वारा चलाये जा रहे वन महोत्सव के तहत प्रदान संस्था के कार्यकर्ता गोपाल उरांव के नेतृत्व में ग्रामवासियों द्वारा वन में पेड़ो पर रक्षा सूत्र बांधकर जंगलों की रक्षा करने का संकल्प लिया गया.वही गोपाल उरांव ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा गांव के लोग अपनी आजीविका को चलने के लिए मुख्य रूप से जंगल से प्राप्त वनोपज पर निर्भर रहते हैं। इसलिए हम सभी को मिल जुल कर जंगल का सुरक्षा एवं संरक्षण करना आवश्यक है।

व्यंग्य वचन

अंगूर खट्टे हैं!!

प्रत्येक दिन अखबार वाला बड़े जोखिम भरे स्टाईल से चलती ही साईकिल से अखबार कुछ इस तरह से खीच कर अपने हाथ से फेकता है कि बालकॉनी से सटी शीशे के खिड़की पर जोर से टकराता है और सुबह छःबजने की सूचना के साथ अखबार आ गया है पता चलता है। हर दिन रस्म अदायगी की तरह अखबार और चाय का साथ बनाते हुए, पन्ना पलटा तो मन प्रसन्न हो उठा, अखबार प्रायोजित लेखकों के बड़े -बड़े लेख जिसमें कुछ इस तरह से बड़ी सी प्रायोजित तस्वीर थी कि देख कर मन सोंच में पड़ गया ! अखिर कैसे ? क्यो?

मनीषा सहाय 'सुमन'

पता नही कितने प्रश्नों ने दिमाग के दरवाजे को खटखटा डाला , मन विचलित हुआ ही था कि तभी फोन पर ना! ना! ! घंटी नही मैसेज डिलिवरी की टनटनाहट कुछ इस तरह से हुई की अखबार से नजर घुमा फोन हाथ में उठा लिया! देखा मनन जी के साहित्यिक समूह में तथाकथित लेखक नें अपनी खुशी की साझेदारी साझा करते हुए लिखा --"आखबार संदेश में मेरा विस्तृत आलेख पढ़िये और अपने विचार से अवगत कराईये!" बस नीचे बधाईयों का ताँता लग पड़ा। आलेख की विषय वस्तु कुछ ऐसी थी की बड़े से शिवलिंग की तस्वीर, साथ में त्रिशूल ,फूल समझते देर नही लगी कि अंदर मतलब शब्दों के भंडारण में क्या छिपा मिलेगा! जग जाहिर है सभी सावन लगने पर धतूरा /भाँग/बेलपत्र/और न जाने क्या क्या इकठ्ठा करने में लगे हैं , बस सब प्रायौगिक चीजों का दिव्य दर्शन एक क्षण में आँखों के आगे से गुजर गया, अब पढ़ने को बचा क्या? तो बस ईष्ट की अखबारी ईमेज को नमन करके अखबार का पन्ना बंद किया । अभी चाय की चुस्की ली ही थी कि फोन की घंटी बज उठी, देखा मनन जी का कॉल था, तो उठाना तो लाजिमी था, मेरा हेलो कहना था कि बस ..... "देखा आपने! अखबार वालों को क्या होता जा रहा है ,आधे पेज पर एक आलेख ? कल "प्रभाकर समाचर" पत्र में भी आधे पेज पर इनका ही कब्जा था। इस तरह साहित्य का अवशोषण करने वाले लेखकों को शर्म नही आती है? उनकी बात का भड़काऊ लहजा और शब्द 'अवशोषण' सचमुच पूरा रसायन विज्ञान याद आ गया । हाँ में हाँ मिलाती मेरी वाणी और होठो पर उभर रही थी मंद मुस्कान! क्योकि मनन जी की पूरी भड़ास मेरे हृदय में उठ रहे विचारों का साकार रूप वाणी प्रसाद के रूप में परोसा जा रहा था। मेरी आवाज थोड़ी धीमी हुई कि उधर से मनन जी ने खींज कर कहा..."महोदया आप सुन रही हैं कि सो रही हैं?"मैने झट से अपनी मनोदशा को सँभाला और प्रति उत्तर दिया --"महोदय मैं सुन रहीं हूँ ,और संतोष के घूँट पी रहीं हूँ। क्योकि सुबह- सुबह अखबार ने यह आग लगायी है । बेवजह के स्तंभ लगाकर पन्नों की बेवजह बर्बादी नजर आई है । जितनी जगह तस्वीर ने घेरा है, उतनी जगह में मेरी एक बड़ी कहानी अट जाती , कहानी समाजिक लिखती हूँ तो समाज तक कुछ सद्देश भी पहुँचाती,पर हमारी यह किस्मत कहाँ कि 'संदेश' और 'प्रभाकर' जैसे अखबार की दहलीज हम चढ़ें! मनन जी उधर से बिफर पड़े ..."मैं तो इसलिये इन लोंगो के पास रचना भेजता ही नही हूँ छपने के लिये । पेपर साहित्य का प्रचार कर सकता है पर साहित्य तो नही बन सकता है न!" मुँह से निकला वाह "सचमुच बड़ी जबरदस्त बात कह डाली आपने ,चलिए फोन रखती हूँ"। और नमन कर फोन रखा और सोंच का एक नया किवाड़ खोला। मनन जी के गहरे कटाक्ष पूर्ण प्रशन ने कई प्रशन को मानस पर अंकित कर दिया ,पर सुबह -सुबह नकारात्मकता से बचते हुए ,मन ही मन सोंचा --"वह रे मनन जी अँगूर खटटे हैं!"

विजय लक्ष्मी वेदुला

भारत की आजादी के बाद से ही भारत -पाक के संबंध मधुर नहीं रहे।जब-तब छिटपुट और कभी गंभीर लड़ाईयां होती ही आ रही हैं।देश इसका समसामयिक भुगतान करता आ रहा है।

1965-71 के युद्धों ने शत्रुता को और गहरा कर दिया है। 1971 के युद्ध के कारण पूर्वी पाकिस्तान से बांग्लादेश का निर्माण। 1980 और 90 के दशक तक कश्मीर उग्रवाद का केंद्र बन गया और 1998 में दोनों देशों ने परमाणु हथियारों का परीक्षण किया। फरवरी 1999 में दोनों देशों ने परमाणु संघर्ष को रोकने और शांति पूर्ण तरीकों से अपने विवादों को हल करने के लिए "लाहौर"घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। हालांकि यह समझौता युद्ध के एक और दौर को रोकने में विफल रहा। इस प्रकार के कई अन्य प्रकार के युद्ध होते रहे और प्रत्येक ऑपरेशन का एक नाम दिया गया। अब हम वर्तमान समय में उग्रवादी हमला 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुआ।

नृशंस हत्या काण्ड जिसमें लोगों को धर्म पूछकर मारा गया। उसमें भी केवल पुरुषों को धर्म पूछकर मारा गया है। स्त्रियों को रोता कलपता छोड़ दिया। तीर्थयात्रियों सहित 26 निर्दोष लोगों की हत्या की गयी थी।

ऑपरेशन सिंदूर भारत द्वारा 7 मई 2025 को किया गया एक सैन्य अभियान था, जो 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले की प्रतिक्रिया के एवज में रात 1:05 बजे से 1 बजे तक चला। यह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के भारत के संकल्प को और मजबूत बना दिया। यह ऑपरेशन विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी जैसे महत्वपूर्ण लोगों के नेतृत्व में किया गया था, जो मीडिया को जानकारी देने और मिशन के रणनीतिक पहलुओं की देखरेख करने के लिए जिम्मेदार थे। यह ऑपरेशन तीन सेनाओं का प्रयास था, जिसमें भारतीय सेना,नौ सेना एवं वायु सेना ने मिलकर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जेवाले जम्मू और कश्मीर (पी ओ जे के) में आतंकी ढांचे को खत्म करने के लिए काम किया।

इन ठिकानों में जैश -ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे समूहों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 9 (नौ) आतंकी शिविर शामिल थे।माना जाता है कि ये शिविर भारत के खिलाफ हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए जिम्मेदार थे। ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए भारत ने उच्च-सटीक हथियारों का इस्तेमाल किया, जिसमें कम से कम एक नुकसान हुआ और आतंकी ढांचे को प्रभावी ढंग से नष्ट किया गया।

भारतीय वायुसेना (आई.ए.एफ.) ने एस सी ए एल पी क्रूज मिसाइल,हैमर प्रिसिजन-गाइडेड बम और लोइटरिंग म्यूनिशन जैसी उन्नत प्रणालियों का उपयोग करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ये हथियार स्थिर और मोबाइल आतंकवादी स्थलों को निशाना बनाने में अपनी सटीकता और प्रभावशीलता के लिए जाने जाते हैं। एम बी डी ए द्वारा विकसित एस सी ए एल पी क्रूज मिसाइल एक लंबी दूरी की, हवा से प्रक्षेपित मिसाइल है जिसका प्रयोग उच्च सटीकता के साथ गहराई से घिरे लक्ष्यों पर हमला करने के लिए किया जाता है।हैमर बमों का इस्तेमाल मध्यम दूरी हमले के लिए किया जाता था, जब कि लोइटरिंग म्यूनिशन या कामिक्रेज़ , ड्रोन, वास्तविक समय की खुफिया जानकारी प्रदान करते थे और जरूरत पड़ने पर हमले करते थे।

इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखा गया,जो पहलगाम हमलों में मारे गए लोगों की विधवाओं के लिए श्रद्धांजलि थी। भारत में सिंदूर एक लाल रंग का पाउडर है, जिसे विवाहिता महिलाएं अपनी वैवाहिक स्थिति के प्रतीक के रूप में मांग में धारण करती हैं। ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखकर भारतीय सशस्त्र बलों ने इसे पीड़ितों एवं उनके परिवारों के साथ एक गहरा भावनात्मक और व्यक्तिगत संबंध दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल भारत की सैन्य क्षमताओं को उजागर किया, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता से भी प्रदर्शित किया।

यह ऑपरेशन इस बात का संदेश था कि भारत अपने नागरिकों को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगा। इसके अलावा इसने त्वरित एवं प्रभावी हमले के लिए सेना की कई शाखाओं के समन्वय की भारत की क्षमता को भी प्रदर्शित किया।

यह अभियान क्षेत्र के आतंकवाद के मौजूदा खतरे और ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की आवश्यकता की याद दिलाता है।इसे अन्य देशों से भी समर्थन मिला , जिन्होंने भारत के आत्म रक्षा के अधिकार को स्वीकार किया। संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस और रूस जैसे देशों ने भारत की कार्रवाइयों को मान्यता दी,तो दुनिया ने आतंकवाद के खिलाफ एक जुट रूख देखा। ऑपरेशन सिंदूर भारत के अपने लोगों और संप्रभुता की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्प का एक उदाहरण है, जो आतंकवाद के लिए भविष्य की सैन्य प्रतिक्रियाओं के लिए एक मिसाल कायम किया है। इसने दिखाया कि भारत अपनी सीमाओं की रक्षा करना जारी रखेगा और खतरों को उसके नागरिकों को नुकसान पहुंचाने से रोकेगा। इस तरह भारत कभी कायर था न और कभी रहेगा।

राष्ट्रकवि दिनकर जी की यह पंक्तियां सार्थक होती हैं

"क्षमा शोभती उस भुजंग को, जिसके पास गरल हो।
उसको क्या जो दंतहीन, विष रहित, विनीत सरल हो।
उठी अधीर धधक, पौरुष की आग राम के शर से।
सहनशीलता,क्षमा, दया को तभी चूमता जग है,
बल का दर्प चमकता उसके पीछे जब जगमग है।"

पीली कोठी

शहर के बाहर बनी इस पीली कोठी को तब नैनीताल में रहने वाले लोगों में शायद ही कोई न जानता हो। दशकों पहले डॉक्टर माथुर नें इसे बड़े चाव से जाने कहाँ कहाँ से कारीगर और डिजाइन देख कर बनवाया था। दो तल्ले की इस कोठी के चारो ओर अच्छी खासी जगह थी। सुंदर सा बगीचा और हरे हरे घासों वाला बड़ा सा लॉन और उसको घेरे खड़े खूबानी, चीकू और नाशपाती के बड़े बड़े पेड़। घर के पिछवाड़े में नौकर चाकरों और माली के घर बने हुए थे जिसमे तीन चार परिवार रहते थे। डॉक्टर माथुर की अच्छी ख़ासी प्रैक्टिस थी और उन्होंने नैनीताल में अपना क्लिनिक भी खोल लिया था। परिवार के नाम पर पत्नी और बेटा 'मनु' बस दो लोग ही थे। डॉक्टर माथुर दिल के अच्छे थे पर बहुत ग़ुस्सैल, कड़क और ज़िद्दी स्वभाव के थे। घर में उनकी बात को टालने की कोई सोच भी नहीं सकता था। मनु पर उनकी ख़ास नज़र रहती घर के नौकर चाकर के बच्चों के साथ उसे खेलने की सख़्त मनाही थी। उनका मानना था की नौकरों के बच्चों के साथ खेलकर उनका मिशनरी स्कूल में पढ़ने वाला बेटा बिल्कुल गँवार और जंगली हो जाएगा। पर इन सबसे उलट मनु का मन तो बस उन्हीं बच्चों के साथ लगा रहता। कोठी के बाहर जाने की इजाज़त न थी इसलिए लॉन में ही उनकी टोली जमती। कैसे कैसे मज़ेदार खेल निकलते और कितनी ही धमाचौकड़ी होती। इन सबमें मनु को सबसे प्यारी लगती बगीचे के माली हरिया की बेटी निम्मी। दुबली पतली सी निम्मी अपने गोरे मुखड़े पर जड़ी बड़ी बड़ी आँखे घुमा घुमा कर ढेरों बातें किया करती। मनु जैसे ही स्कूल से आता निम्मी उसकी किताबें उलट पलट कर देखती और मनु से पूछती - तुमने क्या ये सारी किताबें पढ़ डालीं? मनु हंसकर कहता सारी नहीं पढ़ीं, पर पढ़नी पड़ेगी तू भी स्कूल जाया कर निम्मी , रुक पिताजी से कहकर तुझे भी अपने ही स्कूल में नाम लिखवा देता हूँ फिर दोनों साथ ही स्कूल जाएँगे। बेचारी निम्मी की बड़ी बड़ी आँखें उस से भी ज्यादा बड़े ख्वाबों में डूब कर रह जातीं।

रीना सिन्हा सलोनी

एक दिन जब अपने बाबा के साथ निम्मी लॉन के सूखे पत्ते बटोर रही थी तो मनु नें ज़िद करके उसके हाथों से टोकरी और झाड़ू ले लिया और वो भी लगा लॉन में झाड़ू लगाने और पत्तों को बटोरने , निम्मी उसे झाड़ू लगाता देख खूब हँस रही थी । उसी समय मिस्टर माथुर की कार गेट के अंदर घुसी मनु के धूल मिट्टी से सने हाथों में झाड़ू देख वो ग़ुस्से से आग बबूला हो गए। डॉक्टर माथुर की ग़ुस्से से लाल आखें अंगारे बरसा रही थीं " सारा किया कराया पानी में मिला दिया, अनपढ़ जाहिलों के साथ रहकर तुम भी वैसे ही गँवार बनना चाहते हो" डॉक्टर माथुर ग़ुस्से से मनु पर चीख रहे थे। माली काका हाथ जोड़े माफी माँग रहे थे और निम्मी डर से काँपती, आँखे बंद किए बाबा के पीछे छिपी थी।

दूसरे ही दिन मनु का स्कूल से नाम कटा दिया गया और डॉक्टर माथुर की लंदन वाली बहन के पास भेजने की तैयारी शुरू हो गई। मिसेज़ माथुर का रो रो कर बुरा हाल था , वो रोती बिलखती बार बार पति से मनु को विदेश न भेजने के लिए मनाती रहीं पर डॉक्टर माथुर पर कोई असर न हुआ। जिस दिन मनु की कार घर से निकली तो मिसेज़ माथुर अपनी रो रो कर सूजी आँखें लिए खिड़की पर खड़ी थीं। हरिया माली को भी डॉक्टर माथुर नें काम से निकाल दिया था और वो लोग भी गाँव जाने वाले थे। निम्मी लॉन के पास के खूबानी के पेड़ के पीछे से गुमसुम सी चुपचाप मनु को जाते देख रही थी। मनु की आँखें कभी खिड़की पर खड़ी अपनी माँ को रोते हुए देखतीं तो कभी लॉन में निम्मी को ढूँढतीं। देखते देखते मनु को गए दस बरस हो गये। मनु अब नैनीताल का बड़ा डॉक्टर बन गया। माली और निम्मी पहाड़ों में किस गाँव गए किसी नें पता लगाने की कोशिश भी नहीं की। डॉक्टर माथुर अब दिन रात मरीज़ों से घिरे रहते और उनकी पत्नी इतनी बड़ी कोठी में बिल्कुल अकेली रह गईं। घर के काम के लिए नौकर-चाकर, ड्राइवर सब रख छोड़ा था डॉक्टर माथुर नें पर मिसेज़ माथुर अब अपने कमरे से बाहर ही न निकलती और निकलकर करती भी क्या , ऐसा था ही कौन जिससे वो बातें करतीं। अक्सर वह पीली कोठी भी बंद ही रहती। बस मिस्टर माथुर की कार ही अंदर बाहर जाती दिखती। लोग कहते हैं मिसेज़ माथुर कुछ विक्षिप्त सी हो गई हैंमनु मनु की आवाज़ें लगाती वो अक्सर खिड़की पर आ खड़ी होती हैं नौकरों से कहती - जा मनु को बुला ला , बाहर लॉन में खेल रहा है। लॉन में अब कोई झाड़ू नहीं लगाता सूखे पत्ते बिखरे पड़े रहते हैं। महीने दो महीने में बाहर से मज़दूर बुलवाकर बगीचे की सफ़ाई करवा दी जाती है।

ईयर रिंग्स

"आने दो बाई को कल... पूछती हूँ उससे... अजी घरों में तो सैकड़ों सामान इधर-उधर पड़े रहते हैं। हर वक्त सबका ध्यान कैसे रखा जा सकता है? माना कि कल पार्टी से आकर मैंने अपने ईयर रिंग्स टेबल पर रख दिए... तो इसका मतलब वो उठाकर चल देगी...?" मिसेज वर्मा पड़ोसन से बाई की शिकायत किए जा रही थी। " सोचा था कि सबेरे उठते ही संभाल लूंगी।पर उठते ही काम की चक्की रुके तब न..." " सब निपटाकर गई तो देखा रिंग्स गायब हैं" " मिसेज वर्मा! यूं शक करना ठीक नहीं। हो सकता है कहीं नीचे गिर गये हों?

डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

"मैंने सब जगह ढूंढ लिया है। कहीं नहीं हैं।कल अगर बाई ने कुबूल नहीं किया तो मैं पुलिस को बुला लूंगी। वैसे मुझे लगता है कि वह तीन - चार दिनों तक आएगी नहीं' "लो बेटी भी आ गई कॉलेज से.." "अरे पारूल..! ये क्या..! तुम्हारे कानों में मेरे रिंग्स..? "हां मम्मी..! सुबह आप वाशरूम में थीं।बाई को झाड़ू लगाते समय मिले तो उसने मुझे दे दिए। मैं पहनकर चली गई..." ईयर रिंग्स तो बाई ने उठा कर दे दिए किंतु मिसेज वर्मा उसके सामने नजरें कैसे उठाएंगी।

मिट्टी बची रहे

बची रहे मिट्टी
बचे रहे कुम्हार
बचा रहे उसका चाक

सरिता सिंह

उसकी निष्ठा, उसकी कला
"आयेंगे लोग घड़े खरीदने"
बचा रहे उसका ये विश्वास..।
बची रहे पनघट
बची रहें पनिहारिनें
उनके गीत, उनके घूंघट..
बची रहे उनकी हँसी,
बचे रहे थके-हारे पथिक
बची रहे उनकी पवित्र प्यास..।
बची रहे मिट्टी
बची रहे...
मिट्टी से जुड़ी इच्छाएं,
मिट्टी से जुड़ी संवेदनाएं,
और बचे रहे...
मिट्टी से जुड़े सोंधे अहसास..।
मिट्टी बची रहे!
मिट्टी बची रहे 2
बची रहे ये धरती
बची रहे इसकी सुंदरता
बचे रहे उमड़ते-घुमड़ते मेघ
बचे रहे किसान, उनके स्वेद
उनके हल फावड़े कुदाल
बचा रहे प्रसाद रूपी अनाज।
बचे रहे जानवरों के झुंड
उन्हें स्नेह तृण से हाँकने को
बचे रहे देदीप्यमान चरवाहे
बचा रहे दोनों के बीच का अंतर
बची रहे नम्र सभ्यता
बचा रहे शिष्ट समाज।
कर सकें हम गर्व...
बची रहे हमारी संस्कृति
बचे रहे हमारे लोक पर्व...
लोक नृत्य...लोक गीत...
शोर को हराने वाले सुरीले संगीत
बचे रहे हमारे सुर-ताल और साज़।
हमारी ये
धरती बची रहे।
मिट्टी बची रहे!

पार्वती तिर्की : आदिवासी अस्मिता की मुखर आवाज़

साहित्य सृजन का उद्देश्य केवल सौंदर्य रचना नहीं होता, वह शोषित, वंचित और हाशिए पर पड़े समाज की व्यथा को स्वर देने का माध्यम भी बनता है। आदिवासी साहित्य इसकी ज्वलंत मिसाल है, जो सदियों के अन्याय, विस्थापन और सांस्कृतिक आक्रोश

चारुमित्रा

को स्वर देता आया है। जंगलों में बसने वाले इन समुदायों से न केवल ज़मीन छीनी गई, बल्कि विकास के नाम पर उनकी संस्कृति, परंपरा और अस्मिता भी धीरे-धीरे निगल ली गई। जो स्वर पहले जंगलों की साँझ में गुम हो जाते थे, वे आज कविता, कहानी और गीतों में न केवल दर्ज़ हो रहे हैं, बल्कि प्रतिरोध की एक सशक्त ध्वनि बनकर उभर रहे हैं।

इस साहित्यिक प्रतिरोध में स्त्री स्वर का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ग्रेस कुजुर, निर्मला पुतुल, सरिता सिंह बड़ाईक, मीरा रामनिवास, रोज केरकेट्टा, मंजू ज्योत्स्ना, जसिंता केरकेट्टा और गुलांचो कुमारी जैसी कवयित्रियों ने अपनी बोली-बानी और हिंदी में आदिवासी जीवन के सूक्ष्म पक्षों को काव्यात्मक संवेदना में पिरोया है। अब इसी श्रृंखला में एक और महत्वपूर्ण नाम जुड़ गया है – 'पार्वती तिर्की'।

वर्ष 2025 में पार्वती तिर्की को उनकी काव्य-पुस्तक 'फिर उगना' के लिए साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा हुई है। यह केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर और समस्त आदिवासी समुदाय की सामूहिक अभिव्यक्ति की स्वीकृति है। राजकमल प्रकाशन से प्रकाशित 'फिर उगना' में पार्वती तिर्की ने अपनी सहज, पारदर्शी भाषा और लोक-चेतना से आदिवासी जीवन के गूढ़ पक्षों को सजीव किया है।

● उनकी कविता की कुछ पंक्तियाँ

"खद्दी का चांद / आसरा देखता है –
तिलई फूलों का आसरा देखता।"

इन पंक्तियों में केवल प्रकृति का सौंदर्य ही नहीं, बल्कि आदिवासी मन का गहन प्रतीक बोध भी है – एक ऐसा मन, जो अपने अस्तित्व को प्रकृति में खोजता है, और बार-बार उजड़ कर भी 'फिर उगने' की जिद करता है। पार्वती तिर्की की कविताओं की सबसे बड़ी विशेषता है – उनकी 'स्पष्टवादिता'। वे कहीं भी बातों को उलझाती नहीं, न ही प्रतीकों में छिपने की कोशिश करती हैं। वे जिसे देखती हैं, उसे ही कविता में ढाल देती हैं – सच्चे अनुभव की तरह, बिना लाग-लपेट के। उनकी कविताओं में लोक-बोलियों का सहज प्रयोग, आंचलिक संबोधन और आदिवासी सौंदर्य-बोध की मौलिकता दिखाई देती है।

पार्वती तिर्की की कविताएं इसका जीवंत प्रमाण हैं। वे लोकभाषा को महज एक संवाद का माध्यम नहीं बनातीं, बल्कि उसे कविता की आत्मा बना देती हैं।

पार्वती तिर्की उस परंपरा की उत्तराधिकारी हैं जिसमें निर्मला पुतुल की संताली में लिखी गई कविताएं हों या रोज केरकेट्टा की खड़िया भाषा की अभिव्यक्तियाँ – सभी मिलकर हिंदी काव्य को समृद्ध कर रही हैं।

● ग्रेस कुजुर की यह चिंता –

"पुटुस तक को / उखाड़ के ले जाएंगे लोग / और तब / तुम खोजोगे उसकी जड़ों में / अपना झारखंड"

या निर्मला पुतुल का तीखा प्रतिरोध –

"ये वे लोग हैं / जो हमारे ही नाम पर / गटक जाते हैं हमारे हिस्से का समुद्र"

– सभी पार्वती की कविताओं की जमीन तैयार करते हैं, और पार्वती उस पर अपनी चेतना का बीज बोती हैं।

'फिर उगना' में पार्वती तिर्की आदिवासी जीवन की त्रासदियों, आशाओं और पुनर्जन्म की आकांक्षाओं को नए बिंबों में रचती हैं। उनके यहां माँदर की आवाज़ दूर से आती नहीं, गाँव के भीतर से गूंजती है। उनके बिंब झारखंड की मिट्टी से उपजे हैं, और उनकी भाषा उसी मिट्टी की गंध से महकती है।

पार्वती तिर्की आज केवल एक कवयित्री नहीं, बल्कि आदिवासी स्त्री अस्मिता की प्रवक्ता बनकर उभरी हैं। उनकी कविताएं पाठकों को न केवल आदिवासी समाज के दुख-दर्द से रूबरू कराती हैं, बल्कि उन्हें यह सोचने पर भी मजबूर करती हैं कि 'प्रकृति से कटकर विकास कैसा?' और 'बोलियों को कुचलकर बनाई गई भाषा कैसी?'

संयोजक : नरेश अग्रवाल

गजल

अभिनव अरुण

सभी हालात के मारे मिलेंगे।
सियासत में फ़कत नारे मिलेंगे।
निकल घर से कभी बाहर भी देखो,
सड़क पर लोग बेचारे मिलेंगे।
चलो ठेके पे चल के देखते हैं,
जहां दिन के थके हारे मिलेंगे।
हमारे हाथ में है सच का परचम,
हमारे हाथ अंगारे मिलेंगे।
चहक कर माँ से बच्चा बोलता है,
चलो मेले में गुब्बारे मिलेंगे।
यहाँ सूखे हुए हैं खेत बेशक,
वहाँ सड़कों पे फ़व्वारे मिलेंगे।
वो जिनके हाथ में तलवार होगी,
कभी जीते कभी हारे मिलेंगे।
दुआ माँ की सफ़र में साथ रखना,
दिखाते रास्ते तारे मिलेंगे।
जहां बाज़ार झूठों का सजेगा,
वहीं सच के भी हरकारे मिलेंगे।
अगर हर आदमी जुगनू बने तो,
यहाँ कण कण में उजियारे मिलेंगे।
जो जंगल से हुए थे बेदखल कल,
शहर में आज बंजारे मिलेंगे।

काव्य कोना

कहीं से तो शुरू

कहीं से तो शुरू होना चाहिए
दुश्मन के विचार दोस्त के बारे में
जान लेना चाहिए।
पतझड़ का असर वसंत के आगमन तक रहेगा
बरसात का हाल , नदी की धार सुना देगी।
टहनियों से लगती हवायें , खुद अपना
हाल बयां करती है
मन का हाल , चेहरे का भाव बतला देता है।
अनजान राह चलने पर जाना
पहचाना लगता है
तकरार, नजदीकी की कहानी बतला देती है।

नाग मणि

दर्पण

किया प्रताड़ित तंज से, पूरे घर परिवार ।
एक बार दर्पण दिखा, घर से बाहर द्वार ।।
ताना देते थे कभी, साथ मिलें थे कंत ।
ऐसे में ही हो गया, प्रेम परिवार का अंत ।।
जब कलुआ सम खोल में, भाव छिला था अंग ।
बच्चों में ही मिल गया, जीवन का यह रंग ।।
अपनों ने ही जब दिया, दर्द भरा सौगात ।
इस बार जो तंज कसा, मिर्ची जैसी बात ।।
जैसे भी हो दर्द में, ग्रहण करो चुपचाप ।
तब ही तुम हो कुल बधू , वरना तर्पण ताप ।।
एक बार जो कह दिया , मुँह पर एक जवाब ।
समझो मत शुचि खैर से, हड्डी मिला कबाब ।।
ऐसे में अब जान लें, करना है क्या काम ?
कुल में यूँ अपमान से, बचना है ले बाम ।।
पति रहें सिरमौर सदा, पत्नी का श्रृंगार ।
सदा सुहागन बन रहें, कर्म धर्म अंगार ।।



प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'

उच्च शिक्षा

मीरा सिंह

देवा को आज अपनी सहधर्मिणी मेघा पर प्यार बहुत आ रहा है। कारण भी है ,उसने देखा है जब भी वो आर्थिक तंगी से गुजरता है मेघा तुरंत ही कोई छोटी मोटी नौकरी पकड़ लेती है । कम से कम मेघा के इस प्रयास से उसे कभी किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ा है। देवा अब निश्चिंत है कि, उसने पिता द्वारा छोड़ी उनकी सारी जिम्मेदारियाँ पूरी कर दी है। सभी भाई बहनों की शादियाँ भी अच्छे घरो में कर दिया है।अब उसे अपने बच्चों की फिक्र है कि वो दोनों भी कहीं ना कहीं सेटल हो जाए। उसकी बेटी ने इसी वर्ष बारहवीं पास किया है। पढ़ने में बहुत तेज भी है वो । मेघा ने तो पहले ही बोल रखा है बेटी को तकनीकी विज्ञान में ही शिक्षित करेगी। आज प्रिया होस्टल अपनी माँ के प्रयासों से ही जा रही है। कम्प्यूटर सांइस में इंजीनियरिंग में दाखिला राजधानी के अच्छे कॉलेज में हो गया है ।उसे अपनी माँ पर फक्र है। इधर बेटी को होस्टल छोड़कर आते समय मेघा सोच रही है कि ,अगर पिता ने उसे शिक्षित नहीं किया होता तो अपने बच्चों को ना तो वो पढ़ा पाती और ना ही अपनी गृहस्थी को सुचारू रूप से चला पाती। उसे अपने पिता पर गर्व है ।

आज का दोहा

हर अलाव इक 'साख' है, जहाँ पहुँच कर लोग।
डाल अहं की लकड़ियाँ, करते रहे प्रयोग।।

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

सावन विशेष : भस्म, चंद्रमा और गंगा... तो महादेव के गले में विराजित नागदेव

सावन का आगमन : भक्ति, शिव आराधना और बोल बम की गूंज

एजेंसी। नई दिल्ली

विश्व के नाथ को समर्पित सावन का पवित्र महीना 11 जुलाई से शुरू होने वाला है। महादेव के साथ ही उनके भक्तों के लिए भी यह महीना बेहद मायने रखता है। शिवालयों में लगी लंबी कतारें 'बोल बम' और 'हर हर महादेव' की गूंज चहुंओर सुनाई देगी। भोलेनाथ का स्वरूप निराला है। उनका रूप जितना रहस्यमय है, उतना ही आकर्षक भी है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि उनके शरीर पर भस्म, माथे पर चंद्रमा, जटा में गंगा और गले में नागदेव क्यों विराजमान रहते हैं? शरीर पर भस्म, माथे पर चंद्रमा, जटा में गंगा और गले में नागदेव—हर भक्त के मन में जिज्ञासा जगाता है। पौराणिक ग्रंथों में इन सवालों का सरल अंदाज में जवाब मिलता है और भोलेनाथ के स्वरूप और श्रृंगार के बारे में भी विस्तार से जानकारी मिलती है।

महादेव की जटाओं में गंगा का वास है, इसलिए उन्हें 'गंगाधर' कहा जाता है। हरिवंश पुराण के अनुसार, जब पवित्रता और मुक्ति की दात्री गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुईं, तो उनकी प्रचंड धारा को संभालने के लिए शिव ने उन्हें अपनी जटाओं में बांध लिया था। 'भस्मभूषित' के साथ ही शिव को 'चंद्रशेखर' भी कहते हैं, क्योंकि उनके मस्तक पर चंद्रमा सुशोभित है। भागवत पुराण के अनुसार, जब चंद्रमा ने दक्ष प्रजापति की 27 पुत्रियों (नक्षत्रों) से विवाह किया, लेकिन केवल रोहिणी को प्राथमिकता दी, तो दक्ष ने उन्हें क्षय रोग का श्राप दे दिया था। इसके बाद चंद्रमा ने शिव की तपस्या की, जिससे प्रसन्न होकर शिव ने उन्हें अपने मस्तक पर रहने का वरदान दिया। औढरदानी को 'नागेंद्रहार' भी कहते हैं, क्योंकि उनके गले में नागराज वासुकी विराजते हैं अर्थात गले में नाग रूपी हार को धारण किए हुए हैं। शिव पुराण के अनुसार, समुद्र मंथन में वासुकी ने रस्सी बनकर शिव के प्रति अपनी भक्ति दिखाई थी। प्रसन्न होकर शिव ने उन्हें अपने गले में स्थान दिया और नागलोक का राजा बनाया।

भोलेनाथ का रहस्यमय रूप

● महादेव का स्वरूप जितना रहस्यमय है, उतना ही आध्यात्मिक और आकर्षक भी है

भस्म में छिपा औषधीय और आध्यात्मिक गुण

महादेव को 'भस्मभूषित' भी कहा जाता है, क्योंकि वह अपने शरीर पर भस्म लगाते हैं। शिव पुराण के अनुसार, भोलेनाथ को भस्म बेहद प्रिय है। ये वैराग्य और नश्वरता का प्रतीक है। यह दिखाता है कि यह संसार क्षणभंगुर है और आत्मा ही शाश्वत है। शिव यह संदेश देते हैं कि सांसारिक मोह को त्यागकर आत्मिक शांति की ओर बढ़ना चाहिए। इतना ही नहीं, भस्म में औषधीय गुण भी माने जाते हैं, जो नकारात्मक ऊर्जा को दूर करती है। पौराणिक कथा के अनुसार, जब माता सती ने क्रोध में आकर खुद को अग्नि के हवाले कर दिया था, उस वक्त महादेव ने उनका शव लेकर धरती से आकाश तक हर जगह भ्रमण किया। विष्णु जी से उनकी यह दशा देखी नहीं गई और उन्होंने माता सती के शव को छूकर भस्म में बदल दिया था। अपने हाथों में भस्म देखकर शिव जी और परेशान हो गए और उनकी याद में वो राख अपने शरीर पर मल ली।धार्मिक ग्रंथों में यह भी उल्लेख मिलता है कि भगवान शिव कैलाश पर्वत पर वास करते थे और वहां बहुत ठंड होती थी। ऐसे में खुद को ठंड से बचाने के लिए वह शरीर पर भस्म लगाते थे।

बेअदबी के खिलाफ कानून बनाने की तैयारी में पंजाब सरकार

एजेंसी। पंजाब

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार बेअदबी के कृत्यों के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए एक कानून पेश करेगी। अपने सरकारी आवास पर अधिकारियों और सर्ब धर्म बेअदबी रोको कानून मोर्चा के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएम ने कहा कि पंजाब महान गुरुओं, संतों और द्रष्टाओं की पवित्र भूमि है जिन्होंने आपसी प्रेम और सहिष्णुता का मार्ग दिखाया है। यह बहुत गर्व की बात है कि पंजाब समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के अनूठे मिश्रण के साथ-साथ सांप्रदायिक सद्भाव, शांति और भाईचारे का प्रतीक है।

● जल्द बुलाया जा सकता है विधानसभा का विशेष सत्र

मान ने दोहराया कि राज्य सरकार बेअदबी की घटनाओं के अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार एक मज़बूत राज्य कानून बनाने के लिए अग्रणी कानूनी विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा करेगी, जो अपराधियों को ऐसे जघन्य अपराधों के लिए मृत्युदंड की संभावना सहित सख्त नतीजों से बचने से रोकेगा। उन्होंने मौजूदा कानूनी खामियों पर चिंता व्यक्त की जो ऐसे कृत्यों के दोषियों को खुलेआम घूमने की अनुमति देती हैं, इसे पूरी तरह से अनुचित और अस्वीकार्य बताया।

उत्तराखंडः हत्या मामले में अधिकारियों ने पेश की विरोधाभासी रिपोर्ट

हत्या मामले में दो अलग जांच रिपोर्टों से हाईकोर्ट नाराज

एजेंसी। उत्तराखंड

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हत्या के एक मामले में दो जांच अधिकारियों की ओर से एक-दूसरे की विरोधाभासी रिपोर्ट पेश किए जाने को लेकर नाराजगी जताई। मामले में एक अधिकारी ने आरोपी को दोषमुक्त करार देते हुए अंतिम रिपोर्ट दाखिल की, जबकि दूसरे ने उसे आरोपी बताते हुए आरोप पत्र दाखिल किया था। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकल पीठ ने बृहस्पतिवार को आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई की और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तथा संबंधित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को अदालत के समक्ष पेश होने के लिए कहा।

मामला हरिद्वार जिले के मंगलौर थाना क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई झड़प से जुड़ा है जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और सात अन्य घायल हो गए थे। आरोपी ने रिहाई का अनुरोध करते हुए जमानत याचिका दायर की थी। अदालत ने कहा कि एक ही मामले के लिए दो अलग-अलग अधिकारियों की नियुक्ति के कारण विरोधाभासी जांच निष्कर्ष सामने आए। अदालत ने कहा कि अगर एक ही जांच अधिकारी को जिम्मा सौंपा जाता तो एक सटीक रिपोर्ट की उम्मीद की जा सकती थी। अदालत ने कहा कि विरोधाभासी रिपोर्टों से स्पष्ट होता है कि जांच अनुचित तरीके से की गई।

एक घटना, दो एफआईआर और विरोधाभासी



सुनवाई के दौरान दोनों जांच अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश हुए। राज्य सरकार की ओर से पेश वीडियो क्लिप देखने के बाद अदालत ने कहा कि दोनों प्राथमिकियों में एक ही आरोप पत्र दाखिल किया जाना था। हालांकि, एक प्राथमिकी के संबंध में एक आरोप पत्र दाखिल किया गया था जबकि दूसरी प्राथमिकी के संबंध में जांच अधिकारी ने एक अंतिम रिपोर्ट दाखिल की जबकि दोनों प्राथमिकियां एक ही आपराधिक घटना से संबंधित थीं।

राहुल गांधी पर पीयूष गोयल का पलटवार

उन्हें अब कोई गंभीरता से नहीं लेता, जनता ने कांग्रेस को नकारा

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिका के साथ भारत की व्यापार वार्ता पर दिए गए बयान पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भारत समय-सीमा के तहत बातचीत नहीं करता, हम राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए बातचीत करते हैं। दुनिया भर में हमारे सभी कार्यों में राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है। उन्होंने आगे कहा कि आज भारत मजबूती के साथ बातचीत करता है, हम आत्मविश्वास से भरे हैं और दुनिया में किसी से भी मुकाबला कर सकते हैं। राहुल गांधी पर तंज सकते हुए गोयल ने कहा कि यह यूपीए शासन वाला भारत नहीं है, जो राष्ट्रीय हित के बिना बातचीत के लिए भीख मांगता था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अब कोई गंभीरता से नहीं लेता, क्योंकि वे, उनके साथी और उनकी पार्टी लगातार नकारात्मकता फैलाते रहते हैं। उन्होंने भारत के लोगों का विश्वास खो दिया है,

● भारत समयसीमा नहीं, राष्ट्रीय हितों को देखता है

जिन्होंने बार-बार कांग्रेस को नकार दिया है। आज तक वे देश के विकास के लिए कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं बना पाए हैं। इससे पहले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उनके इस बयान को लेकर 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पीयूष गोयल जितना चाहें अपनी छाती पीट सकते हैं, मेरे शब्दों पर गौर करें, ट्रंप की शुल्क संबंधी समयसीमा के सामने मोदी आसानी से झुक जाएंगे।'' अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से आयात होने वाले उत्पादों पर दो अप्रैल को 26 प्रतिशत का अतिरिक्त जवाबी शुल्क लगा दिया था। हालांकि, कुछ दिन बाद ही इसे 90 दिन के लिए यानी नौ जुलाई तक टाल दिया गया था।

उद्धव के साथ मंच शेयर कर बोले राज ठाकरे

जो काम बालासाहेब नहीं कर पाए उसे फडणवीस ने संभव बनाया

एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के राज ठाकरे ने शनिवार को 20 साल बाद अपने चचेरे भाई और शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे के साथ मंच साझा किया। दोनों ने हाथ मिलाने का फैसला किया। राज ने सभा को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस पर तीखा हमला किया और कहा कि बाद में उन्होंने वह हासिल किया जो बालासाहेब नहीं कर सके, उन्होंने उद्धव के साथ अपने पुनर्मिलन की ओर इशारा किया। राज ठाकरे ने कहा कि आज, बीस साल बाद, उद्धव और मैं एक मंच पर एक साथ आ रहे हैं, कुछ ऐसा जो बालासाहेब हासिल नहीं कर सके, लेकिन देवेंद्र फडणवीस ने संभव बनाया है।

राज ठाकरे ने कहा कि मुझे हिंदी से कोई शिकायत नहीं है, कोई भी भाषा बुरी नहीं होती। भाषा को बनाने में बहुत मेहनत लगती है। मराठा साम्राज्य के दौरान हम मराठी लोगों ने कई राज्यों पर राज किया, लेकिन हमने उन हिस्सों पर मराठी कभी नहीं थोपी। उन्होंने हम पर हिंदी थोपने का प्रयोग शुरू किया और यह परखने की कोशिश की कि अगर हम इसका विरोध नहीं करेंगे तो वे मुंबई को महाराष्ट्र से अलग कर देंगे।

सासाराम में शांति और भाईचारे के संदेश के साथ मनाया जा रहा मुहर्रम

एजेंसी। सासाराम(रोहतास)

मुहर्रम इस्लामी कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण महीनों में से एक है,जो एक नये इस्लामी वर्ष का शुभारंभ है। मुहर्रम का महीना हमें धैर्य रखने, अत्याचार के विरुद्ध खड़े होने तथा मानवता के लिए बलिदान देने का संदेश देता है। हमें यह हमेशा ही सत्य और न्याय के रास्ते पर चलते रहने की सीख देता है। मुहर्रम का महीना शुरू है। जिले में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने के लिए जिला पदाधिकारी उदिता सिंह तथा पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार द्वारा हर जगह शांति समिति की बैठक कर भाईचारे का संदेश दिया जा रहा है। किसी भी पवित्र कार्यों में राहु-केतु की वक्र-दृष्टि रहती है, लेकिन जिला प्रशासन भी इनकी वक्र-दृष्टि पर

उदिता सिंह

अपनी कड़ी नज़र रखे हुए है। शहर में जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अगुआई में फ्लैग-मार्च निकालकर शांति का पैगाम दिया गया। ऐसे भी मुहर्रम के महीने के दौरान ख़ुदा का ख्याल रखने तथा गलत काम करने से बचने का आदेश अल्लाह का है।

दिनदहाड़े बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या से दहला बिहार

दोषी को बख्शा नहीं जाएगा : सीएम नीतीश

एजेंसी। पटना

पटना के प्रमुख व्यवसायी और भाजपा नेता गोपाल खेमका की गांधी मैदान स्थित उनके आवास के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। सीसीटीवी फुटेज में एक बाइक सवार हमलावर खेमका का इंतजार करता हुआ दिखाई दे रहा है, जो एक सुनियोजित हत्या का संकेत है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक की और कहा कि किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। नीतीश ने एक्स पर लिखा कि 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में पुलिस महानिदेशक एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ विधि व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नीतीश कुमार ने साफ तौर पर कहा कि अपराध करने वाले कोई भी हों, उन्हें किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाए। घटित आपराधिक घटनाओं के अनुसंधान कार्यों में तेजी लाने और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन को पूरी मुस्तैदी एवं कड़ाई से कार्य करने का निर्देश दिया है। गोपाल खेमका की हत्या को लेकर बिहार में सियासत तेज हो गई है। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि थाना से चंद कदम दूर पटना में बिहार के बड़े व्यापारी की गोली मारकर हत्या! हर महीने बिहार में सैकड़ों व्यापारियों की हत्या हो रही है लेकिन जंगलराज नहीं कह सकते? क्योंकि इसे ही शास्त्रों में मीडिया प्रबंधन, परसेप्शन मैनेजमेंट और छवि प्रबंधन कहते है। लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने एक्स पर लिखा कि नीतीश नीत राक्षसराज में बिहार में कानून - व्यवस्था की अंत्येष्टि हो चुकी है।

आज का राशिफल

मेष : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें।

वृष : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा।

मिथुन : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं।

कर्क : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

सिंह : शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

कन्या : सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्यायाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

तुला : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

वृश्चिक : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

धनु : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

मकर : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी।

कुंभ : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

मीन : यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।

बिहार में मतदाता पुनरीक्षण का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। यह याचिका एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानि एडीआर ने दाखिल की है। याचिका में चुनाव आयोग के इस आदेश को 'मनमाना' बताते हुए सुप्रीम कोर्ट से दखल देने की मांग की गई है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा है कि अगर 24 जून का एसआईआर आदेश रद्द नहीं किया गया तो लाखों मतदाता अपने प्रतिनिधियों को चुनने से वंचित रह सकते हैं। याचिका में आगे कहा गया है, "एसआईआर लोगों के समानता और जीने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। साथ ही ये जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के प्रावधानों खिलाफ है। इसलिए इस आदेश को निरस्त किया जाना चाहिए।" याचिकाकर्ता ने अनुमान लगाया है कि 3 करोड़ से अधिक मतदाता, विशेष रूप से एससी, एसटी और प्रवासी श्रमिकों जैसे हाशिए के समूहों से, एसआईआर आदेश में निर्धारित सख्त आवश्यकताओं के कारण अपने वोट देने के अधिकार से वंचित रह सकते हैं।बता दें, बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने विशेष प्रक्रिया शुरू की है, जिसे संक्षेप में एसआईआर कहा जा रहा है। दरअसल, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए किसी भी चुनाव से पहले मतदाता सूची को अपडेट किया जाता है।

बिहार के कैलाश नगर में मतदाता पुनरीक्षण का कार्य जारी

पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले ग्रामीण इलाकों में मतदाता पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। चुनाव आयोग की तरफ से बिहार में चलाए जा रहे अभियान में ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आईएनएस से खास बातचीत में कैलाश नगर, वार्ड नंबर 4 के राम अवतार बैठा ने कहा, "समस्या ये है कि यहां अलग-अलग जगह से लोग आए हुए हैं। आधार कार्ड, राशन कार्ड ही हम लोगों के पास प्रूफ है। इसके आधार पर ही वोटर लिस्ट सत्यापन होना चाहिए। वहीं, इसी वार्ड के कृष्णा प्रसाद गुप्ता ने कहा, "वार्ड नंबर 4 की बस्ती रेलवे की जमीन में बसी हुई है। इसकी वजह से स्थाई आवास प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। मतदाता पुनरीक्षण के वक्त जो डॉक्यूमेंट मांगे जा रहे हैं, उनमें से केवल आधार कार्ड, पहचान पत्र और राशन कार्ड ही मिल पा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश : तेज रफ्तार एसयूवी ने ली 8 बारातियों की जान

एजेंसी। संभल

● दूल्हे व एक ही परिवार के 8 लोगों की मौत

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शुक्रवार को बारातियों को ले जा रही बोलेरो एसयूवी के एक कॉलेज की दीवार से टकराने से 24 वर्षीय दूल्हे समेत एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना सुबह करीब 6:30 बजे जेवनई गांव में हुई। बताया जा रहा है कि बोलेरो तेज गति से जा रही थी, तभी जनता इंटर कॉलेज के पास चालक ने नियंत्रण खो दिया। वाहन बाउंड्री वॉल से टकराया और फिर पलट गया।पुलिस ने बताया कि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये और उनका उपचार अलीगढ़ के एक अस्पताल में जारी है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान दूल्हे सूरज (24), उसकी भाभी आशा (26), आशा की बेटी ऐश्वर्या (तीन), सचिन (22), गणेश (एक), कोमल (18), मधु (20) और कार चालक रवि (28) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि देवा (24) और हिमांशी (दो) का इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक, देवा की हालत गंभीर है जबकि हिमांशी खतरे से बाहर है।

उच्च न्यायालय

सैफ अली खान के हाथ से गई 15000 करोड़ रुपये की बेशकीमती प्रॉपर्टी

पैतृक संपत्ति को 'दुश्मन संपत्ति' घोषित करना सही : हाईकोर्ट

● साजिदा सुल्तान को दी गई पूरी संपत्ति अब दोबारा जांच के दायरे में

एजेंसी। मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने सैफ अली खान को झटका देते हुए अभिनेता की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने राज्य में उनकी 15,000 करोड़ रुपये की पैतृक संपत्तियों को 'शत्रु संपत्ति' के रूप में चिह्नित करने के सरकार के फैसले को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने वर्ष 2000 के ट्रायल कोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें सैफ अली खान, उनकी बहनों सोहा और सबा तथा मां शर्मिला टैगोर को पैतृक संपत्तियों का उत्तराधिकारी माना गया था। न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट को संपत्ति उत्तराधिकार विवाद पर नए सिरे से सुनवाई करने तथा एक वर्ष की समय-सीमा निर्धारित करने का निर्देश दिया है। शत्रु संपत्ति अधिनियम 1968 के तहत केंद्र सरकार को वर्ष 1947 में विभाजन के बाद पाकिस्तान चले गए व्यक्तियों के स्वामित्व वाली संपत्तियों पर दावा करने की अनुमति है। पटौदी परिवार ने भोपाल और रायसेन में अपनी ज़मीनों पर दावा किया है, जिसमें कोहेफ़िज़ा का फ़्लैग हाउस, अहमदाबाद पैलेस, रायसेन के चिकलोद में स्थित कोठी और जंगल शामिल हैं। नूर-ए-सबा, फ़्लैग हाउस, दार-उस-सलाम, फ़ोर क्वार्टर, न्यू क्वार्टर, फ़ारस खाना, कोहेफ़िज़ा और अहमदाबाद पैलेस जैसी संपत्तियाँ उनकी हैं।

मामला क्या है?

1947 में भोपाल एक रियासत थी और इसके अंतिम नवाब नवाब हमीदुल्लाह खान थे, जो मंसूर अली खान पटौदी के नाना थे। नवाब हमीदुल्लाह खान की तीन बेटियाँ थीं, जिनमें से सबसे बड़ी आबिदा सुल्तान 1950 में पाकिस्तान चली गईं। उनकी दूसरी बेटी साजिदा सुल्तान भारत में ही रहीं और उन्होंने सैफ अली खान के दादा नवाब इफ्तिखार अली खान पटौदी से शादी कर ली और संपत्ति की कानूनी वारिस बन गईं।

ये हैं मुख्य अपडेट : यह मामला बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान से जुड़ा है, क्योंकि यह संपत्ति उनकी परदादी साजिदा सुल्तान से जुड़ी है। इससे पहले ट्रायल कोर्ट ने पूरी संपत्ति साजिदा सुल्तान को दे दी थी।

हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को आदेश दिया है कि वह मामले की दोबारा सुनवाई करे और एक साल के अंदर नया फैसला दे। नवाब हमीदुल्ला खान के अन्य परिजनों ने पुराने फैसले को चुनौती देते हुए मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत संपत्ति का न्यायसंगत बंटवारा करने की मांग की है।

भाजपा अध्यक्ष महिला हो या पुरुष, अंतिम मुहर मोदी लगाएंगे

कृष्णमोहन सिंह

नई दिल्ली। भाजपा बहुत समय से अपने नये अध्यक्ष लायक़ चेहरा ढूँढ रही है, ऐसा जो मोदी का इशारा समझे। यह है अघोषित पहली शर्त। रही बात आरएसएस की तो वह भी मोदी की चाहत को नहीं टालेगा। फ़िलहाल तो हालत यही है। अभी जो भाजपा अध्यक्ष हैं जेपी नड्डा, उनका कार्यकाल जनवरी, 2023 में ही समाप्त हो गया था, लेकिन कार्यकाल बढ़ते - बढ़ते अब तक विराजमान हैं और केंद्रीय मंत्री भी हैं। एक पत्रिका में छपा है कि निर्मला सीतारमण की हाल ही में मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व पार्टी के संगठन महासचिव बीएल संतोष के साथ भाजपा मुख्यालय में एक हाई प्रोफाइल बैठक हुई। सो इस आधार पर निर्मला सीतारमण को कुछ लोग भाजपा अध्यक्ष पद का सबसे बड़ा दावेदार प्रचारित करने लगे हैं, जबकि निर्मला भले ही केन्द्रीय वित्त मंत्री हैं, लेकिन राज्य सभा सांसद हैं। उनका दक्षिण भारत या देश में कोई आधार नहीं है। जैसे विदेश मंत्री का नहीं है। कुछ लोग दक्षिण भारत की अन्य महिला डी. पुरंदेश्वरी का नाम भी इसमें जोड़ दे रहे हैं। कई लोग कोयंबटूर दक्षिण से विधायक श्रीनिवास का नाम भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए लाइन में बता रहे हैं। तमिलनाडु की वनथी का नाम भी चलाया जा रहा है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, प्रहलाद जोशी का नाम भी चलाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि जेपी नड्डा ने संघ के दिल्ली कार्यालय में 28 जून को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाहक(संघ के दूसरे नंबर के नेता) दत्तात्रेय होसबोले व संघ के कुछ अन्य प्रमुख नेताओं के साथ बंद कमरे में गुफ़्तगू की। देखिए इस तरह की गुफ्तगू बैठकें कुछ -कुछ समय के अंतराल पर कब तक चलती हैं, और कब जाकर अध्यक्ष पद के लिए वह नाम सामने आ पाएगा जिस पर मोदी मुहर लगा दिए हों।

अर्जेंटीना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत

ब्यूनस आयर्स (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सांस्कृतिक संबंधों के लिए दूरी कोई बाधा नहीं है। यह बात उन्होंने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में अल्वियर पैलेस होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे और पारंपरिक स्वागत के बाद कही। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, सांस्कृतिक जुड़ाव के मामले में दूरी कोई बाधा नहीं है! ब्यूनस आयर्स में भारतीय समुदाय द्वारा किए गए शानदार स्वागत से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह देखना वाकई बहुत अच्छा है कि कैसे घर से हजारों किलोमीटर दूर, भारत की भावना हमारे भारतीय समुदाय के माध्यम से चमकती है। अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स स्थित अल्वियर पैलेस होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से 'मोदी-मोदी', 'जय हिंद' और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया।

कुत्ते, बिल्ली ने काटा तो 24 घंटे में इंजेक्शन लगवा लें वरना रेबीज का प्राणलेवा खतरा

- प्रमाण है कबड्डी खिलाड़ी बृजेश सोलंकी की मौत
- भारत में रेबीज के कारण हर वर्ष हजारो लोग जान गंवाते हैं
- कुत्ते के काटने पर रेबीज के वायरस शरीर में फैलकर दिमाग, नर्वस सिस्टम व अंत में हृदय प्रणाली पर हमला करते हैं

आरपी सिंह



इसके शुरुआती लक्षण

1. घाव के आस-पास झनझनाहट या जलन
2. बुखार, थकान, सिरदर्द
3. पानी से डर लगना
4. चिड़चिड़ापन या आक्रामकता
5. मांसपेशियों में ऐंठन

नई दिल्ली। लोग कुत्ते, बिल्ली का काटना बहुत मामूली घटना मान टाल जाते हैं। लेकिन कुत्ते, बिल्ली के काटने को नजरअंदाज करना कितना खतरनाक व जानलेवा हो सकता है, इसके दुखद उदाहरण हैं हाल ही में उप्र के बुलंदशहर में कुत्ते के काटने से राज्य स्तरीय कबड्डी खिलाड़ी बृजेश सोलंकी की मौत। यह घटना तब हुई जब बृजेश सोलंकी ने लगभग दो महीने पहले एक नाले से एक आवारा पिल्ले को बचाया था, और इस दौरान कुत्ते ने मामूली रूप से उन्हें काटा था, लेकिन उन्होंने इसे नजरअंदाज कर दिया और एंटी-रेबीज वैक्सीन नहीं लगवाई। बृजेश सोलंकी को उनकी मौत के कुछ दिन पहले ही लक्षण दिखाई दिए थे। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट मुताबिक, रेबीज एक वायरल बीमारी है जो कुत्ते, बिल्लियों व जानवरों के काटने या खरोंच से होती है। रेबीज लोगों व जानवरों में लार के माध्यम से फैलता है, आमतौर पर काटने, खरोंचने या म्यूकोसा जैसे आंखें, मुंह या खुले घाव के सीधे संपर्क के माध्यम से। यदि समय रहते रेबीज के लक्षणों की पहचान व इलाज नहीं किया जाए तो रेबीज लगभग 100% घातक हो साबित हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में हर साल हजारों लोग रेबीज के कारण जान गंवाते हैं, जिनमें से अधिकतर मामले केवल इस वजह से होते हैं कि समय रहते इंजेक्शन नहीं लगाया गया। कुत्ता चाहे पालतू हो या आवारा, उसके काटने पर तुरंत मेडिकल मदद व एंटी-रेबीज इंजेक्शन लेना बेहद जरूरी होता है। यह इंजेक्शन यदि कुछ घंटों के भीतर न दिया जाए, तो शरीर में वायरस फैलकर दिमाग, नर्वस सिस्टम और अंत में हृदय प्रणाली पर हमला करता है, जिससे रोगी की मौत भी हो सकती है। चिकित्सकों का कहना है कि कुत्ते के काटने के बाद 24 घंटे के भीतर पहला इंजेक्शन लेना जरूरी है। ऐसा नहीं किया जाता तो रेबीज का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में जितना जल्दी हो सके इंजेक्शन लेना सबसे सुरक्षित होता है। कुत्ते या बिल्ली के काटने को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि रेबीज के लक्षण एक बार शुरू हो जाएं, तो इलाज नामुमकिन होता है। कुत्ते के काटने से रेबीज वायरस घाव के जरिए शरीर में प्रवेश करता है। जब संक्रमित कुत्ता काटता है, तो उसकी लार में मौजूद वायरस सीधे आपकी स्किन, मांसपेशियों व नसों तक पहुंच जाता है। जिसके बाद यह वायरस स्पाइनल कॉर्ड और ब्रेन तक पहुंचता है, जिससे व्यक्ति में भ्रम, दौरे, चक्कर और अजीब व्यवहार देखने को मिलता है। सही समय में इसका इलाज नहीं किया जाता है तो ये घातक साबित हो सकता है। क्योंकि, एक बार जब लक्षण शुरू हो जाएं, तो इसका कोई इलाज नहीं है। रेबीज के लक्षण शुरू होने पर 10 से 15 दिनों के अंदर मरीज की मौत तक हो सकती है।

यदि किसी को कुत्ता काट ले तो घाव को तुरंत बहते पानी व साबुन से कम से कम 10 मिनट तक धोना चाहिए। इसके बाद एंटीसेप्टिक लगाएं जैसे पोटाश या डेटॉल। फिर तुरंत सरकारी अस्पताल या डॉक्टर के पास जाएं और एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाएं। यदि घाव गहरा है, कुत्ता ने मांस नोच लिया हो तो इम्यूनोग्लोबुलिन इंजेक्शन भी जरूरी हो सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किए दस्तखत

बारह देशों को अमेरिका कल भेजेगा टैरिफ पत्र

- जिन देशों को पत्र भेजे जाएंगे, उनके नाम 7 जुलाई को ही बताए जाएंगे
- 'रेसिप्रोकल टैरिफ' कुछ देशों पर 70 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है

वाशिंगटन (आईएएनएस)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 12 देशों से होने वाले निर्यात पर टैरिफ लगाने से जुड़े पत्रों पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, जिन्हें सोमवार को भेजे जाने की उम्मीद है। मीडिया से बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जिन देशों को पत्र भेजे जाएंगे, उनके नाम सोमवार को ही बताए जाएंगे। उन्होंने कहा, मैंने कुछ लेटर्स पर हस्ताक्षर किए हैं। वह सोमवार को भेजे जाएंगे, संभवतः 12 पत्र। अलग-अलग रकम, अलग-अलग टैरिफ। पत्र भेजना बेहतर होता है। एक पत्र भेजना कहीं आसान है। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया है कि 'रेसिप्रोकल टैरिफ' कुछ देशों पर 70 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है। इसे 1 अगस्त से अमल में लाया जाने की उम्मीद है।

अप्रैल में अमेरिकी राष्ट्रपति ने देश में आने वाले अधिकांश सामानों पर 10 प्रतिशत का बेस टैरिफ घोषित किया था। इसके साथ ही कुछ देशों, जैसे चीन के लिए इससे भी ज्यादा दरें तय की गई थीं। हालांकि, इन बढ़े हुए टैरिफ को बाद में 9 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं, वाशिंगटन ने दो देशों (यूनाइटेड किंगडम और वियतनाम) के साथ 'ट्रेड एग्रीमेंट' किए हैं।

इस बीच, भारत का हाई-लेवल ऑफिशियल डेलिगेशन, वाशिंगटन से बिना किसी अंतरिम समझौते के लौट आया है। इसकी अगुवाई मुख्य वातार्कार राजेश अग्रवाल कर रहे थे। यह समझौता अमेरिका की ओर से दबाव डाले जा रहे संवेदनशील मुद्दे एग्रीकल्चर और डेयरी प्रोडक्ट्स के व्यापार को लेकर होना था। हालांकि, अभी भी उम्मीद की एक किरण है। आशा है कि 9 जुलाई की डेडलाइन से पहले दोनों देशों में उच्चतम राजनीतिक स्तर पर एक अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौता हो सकता है। भारतीय दल 26 जून से 2 जुलाई तक अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए वाशिंगटन में था।

अमेरिका अपने एग्रीकल्चर और डेयरी प्रोडक्ट्स के लिए व्यापक बाजार की मांग कर रहा है, जो एक बड़ी चुनौती है। भारत के लिए, यह देश के छोटे किसानों की आजीविका का मुद्दा है, इसलिए इसे एक संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है।

भारत 9 जुलाई से पहले एक अंतरिम समझौता करके राष्ट्रपति ट्रंप के 26 प्रतिशत टैरिफ से छूट पाने की कोशिश कर रहा है। वह टेक्सटाइल, लेदर और जूते जैसे अपने लेबर-इंटेंसिव एक्सपोर्ट के लिए महत्वपूर्ण टैरिफ कंसेशन पर भी जोर दे रहा है।

डेडलाइन के साथ ट्रेड डील्स पर बातचीत नहीं करता भारत : पीयूष

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार, भारत किसी डेडलाइन के दबाव में 'फ्री ट्रेड एग्रीमेंट' पर हस्ताक्षर करने में जल्दबाजी नहीं करेगा। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मंत्री पीयूष गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि भारत राष्ट्रीय हित में ट्रेड डील करने के लिए तैयार है, लेकिन वह 'कभी भी डेडलाइन के साथ ट्रेड डील्स पर बातचीत नहीं करता है।'

भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी का भाई नेहल अमेरिका में गिरफ्तार

नई दिल्ली (हि.स)। भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के छोटे भाई नेहल मोदी को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उसके प्रत्यर्पण का अनुरोध किया था। इन अनुरोध के बाद उसे अमेरिका में गिरफ्तार किया गया। नेहल मोदी पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में वांछित है। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के भाई नेहल मोदी को 4 जुलाई को अमेरिकी अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था। अमेरिकी न्याय विभाग ने उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। नेहल मोदी पर न्यूयॉर्क में 2.6 मिलियन डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी का भी आरोप है। उसके प्रत्यर्पण कार्यवाही के लिए अगली सुनवाई की तारीख 17 जुलाई निर्धारित की गई है। अमेरिकी अभियोजन पक्ष की ओर से दर्ज शिकायत के मुताबिक नेहल मोदी की प्रत्यर्पण की कार्यवाही दो मामलों में की जा रही है। पहला मामला धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) की धारा 3 के तहत मनी लॉन्ड्रिंग का है, जबकि दूसरा मामला भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी और 201 के तहत आपराधिक साजिश का है।

राज ठाकरे व उद्धव के एक मंच पर आने से चिंतित भाजपा हुई हमलावर

कृष्णमोहन सिंह

नई दिल्ली। जगह है देश की आर्थिक राजधानी मुंबई, जो महाराष्ट्र की राजधानी भी है। जहां शनिवार 5 जुलाई को राज ठाकरे व उनके चचेरे भाई उद्धव ठाकरे ने 20 साल बाद एक मंच पर आकर साझा रैली की।यह हुआ राज्य में 'मराठी भाषा बचावो' मुद्दे पर। मराठी भाषा के मुद्दे ने दोनों भाइयों के कई सालों के दुराव को दूर करके कर दिया । अब यदि ये एक होकर आगे मुंबई सहित राज्य के प्रमुख शहरों में नगर निगम चुनाव लड़े तो इसका सबसे ज़्यादा नुक़सान भाजपा को होगा। इसी से चिंतित भाजपा ने राज ठाकरे व उद्धव ठाकरे पर तीखा हमला किया है। कई भाजपा नेताओं ने इस रैली को एक 'राजनीतिक फायदे के लिए की गई पारिवारिक मुलाकात' बताया और कहा कि यह सिर्फ नगर निगम चुनावों से पहले अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन को वापस पाने की बेताब कोशिश थी। मालूम हो कि 'आवाज मराठिचा' नाम से मुंबई के वर्ली में आयोजित इस रैली में शिवसेना-यूबीटी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे व मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे पहली बार लगभग 20 साल बाद एक मंच पर आए। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार की उस नीति को रद्द कराने की सफलता का जश्न मनाया जिसमें प्राथमिक स्कूलों में तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को लागू किया गया था। इस रैली में उद्धव ठाकरे ने कहा कि वे व उनके चचेरे भाई राज ठाकरे अब एकजुट हैं और भविष्य में साथ मिलकर चुनाव लड़ सकते हैं। वहीं, राज ठाकरे ने भाजपा नेता व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने वह कर दिखाया जो शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे भी नहीं कर पाए — यानी देवेंद्र ने राज्य में हिंदी थोपने की कोशिश कर दोनों भाइयों को एक मंच पर आने को मजबूर किया । भाजपा नेता अशीष शेलार ने कहा- यह भाषा प्रेम नहीं, बल्कि सिर्फ एक राजनीतिक ड्रामा था। 'जो भाई कभी घर से निकाला गया, अब उसे वापस गले लगाया जा रहा है – ये सब सिर्फ भाजपा से डर और आगामी चुनावों की चिंता के चलते किया गया।' उन्होंने आरोप लगाया कि ठाकरे बंधु बीएमसी (मुंबई नगर निगम) की सत्ता दोबारा हासिल कर 'भ्रष्ट शासन' शुरू करना चाहते हैं। इसी तरह से भाजपा के कई अन्य नेताओं व विधायकों ने भी उद्धव व राज ठाकरे के विरूद्ध बोला है। शिवसेना को तोड़कर भाजपा के साथ मिल राज्य में सरकार बनाये उप मुख्यमंत्री शिंदे भी राज व उद्धव के एक मंच पर आने से बौखला गये हैं। वह भी दोनों के विरूद्ध तरह-तरह की बातें कहने लगे हैं। उनको भी डर अपने वोट व समर्थक खोने का होने लगा है। चर्चा है कि दोनों के एकजुट होने से भाजपा के केंद्रीय हुक्मरान भी सतर्क हो गए हैं।

गाजा व ईरान में निर्दोष लोगों को निशाना बनाए जाने की भी निंदा की

अजरबैजान में शहबाज शरीफ ने भारत पर लगाया बेबुनियाद आरोप

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत पर पहलगाम में हुए दुर्भाग्यपूर्ण आतंकी हमले का इस्तेमाल देश के प्रति बिना उकसावे और लापरवाह शत्रुता के माध्यम से क्षेत्रीय शांति को अस्थिर करने के लिए करने का आरोप लगाया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का समर्थन करने वाले देशों में से एक, अजरबैजान में आर्थिक सहयोग संगठन (ईसीओ) शिखर सम्मेलन में बोलते हुए शरीफ ने फिर से कश्मीर मुद्दा उठाया और केंद्र शासित प्रदेश में निर्दोष लोगों के खिलाफ बर्बर कृत्यों की निंदा की। इसी क्रम में उन्होंने इजरायल पर परोक्ष प्रहार करते हुए गाजा और ईरान में निर्दोष लोगों को निशाना बनाए जाने की भी निंदा की।

शहबाद शरीफ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद पाकिस्तान के प्रति भारत की अकारण और लापरवाह शत्रुता क्षेत्रीय शांति को अस्थिर करने का एक और प्रयास था। 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति मारे गए थे - यह हाल के वर्षों में कश्मीर में हुए सबसे घातक आतंकवादी हमलों में से एक था। पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। आतंकवादियों को पनाह देने के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराते हुए भारत ने कुछ दिनों बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें देश के अंदर नौ आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया गया।

इससे व्यापक शत्रुता भड़क उठी क्योंकि पाकिस्तान ने ड्रोन हमलों की एक लहर शुरू कर दी, जिसका भारत ने प्रभावी ढंग से मुकाबला किया। 10 मई को संघर्ष समाप्त हो गया जब पाकिस्तान ने अपने सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हमलों के बाद भारत से युद्ध विराम के लिए संपर्क किया।

क्या फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप को अमेरिका से डिपोर्ट किया जाएगा?

ट्रंप की नई नागरिकता स्कीम ने फंसाया



एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिका में इन दिनों मेलेनिया ट्रंप को देश निकाला देने की मांग उठ रही है। आखिर अमेरिकी नागरिक अपनी ही फर्स्ट लेडी के लिए देश निकाला क्यों मांग रहे हैं, ये समझने के लिए आपको इसका थोड़ा सा बैकग्राउंड जानना होगा। सबसे पहले आपको बताते हैं कि अमेरिका के एक सामाजिक अधिकार संगठन मूव ऑन ने मेलेनिया ट्रंप को लेकर एक सिग्नेचर कैंपेन शुरू किया। इस अभियान के जरिए मांग उठाई जा रही है कि डोनाल्ड ट्रंप के विदेश मूल के लोगों की नागरिकता खत्म करने की योजना में सबसे पहले मेलेनिया ट्रंप की नागरिकता खत्म होनी चाहिए। इस कैंपेन पर अब तक हजारों साइन हो चुके हैं और ट्रंप विरोधी डेमोक्रेटिक पार्टी के कुछ नेता भी मेलेनिया को देश निकाला देने की मांग कर रहे हैं। मेलेनिया ट्रंप को देश से बाहर भेजने की मांग के पीछे वजह है अमेरिका के नैचरुलाइज नागरिकों के लिए डॉनल्ड ट्रंप की एक स्कीम इस स्कीम के फेरे में मेलानिया ट्रंप कैसे फंस गईं। आलोचक कह रहे हैं कि अगर ट्रम्प आव्रजन नियमों का लाभ उठाने के लिए प्राकृतिक नागरिकों की जांच करना और उन्हें निर्वासित करना चाहते हैं, तो उन्हें अपनी पत्नी के मामले को अनदेखा नहीं करना चाहिए। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट में बताया गया है कि मेलानिया का जन्म पूर्व यूगोस्लाविया (अब स्लोवेनिया) में हुआ था और 2006 में वह अमेरिकी नागरिक बन गईं। वह पहली अमेरिकी प्रथम महिला हैं जो प्राकृतिक नागरिक हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने 2018 में बताया कि प्रथम महिला ने अपने माता-पिता, जो वर्तमान स्लोवेनिया से थे, को ग्रीन कार्ड और फिर नागरिकता के लिए प्रायोजित किया, क्योंकि उन्होंने खुद नागरिकता हासिल कर ली थी।

'रामायण' का रोंगटे खड़े करने वाला टीजर रिलीज

रणबीर व यश की टक्कर ने जीता दिल

रामायण की पहली झलक देखने का इंतज़ार खत्म हुआ! नितेश तिवारी की पौराणिक महाकाव्य का परिचय वीडियो रिलीज़ हो गया है, और इसे भारत के प्रमुख शहरों में दिखाया गया है। रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश की मुख्य भूमिकाओं वाली रामायण भाग 1 सबसे मनमोहक दृश्यों का वादा करती है। कुछ समय पहले ही सोशल मीडिया पर रामायण भाग 1 की आधिकारिक झलक सामने आई थी। कहने की ज़रूरत नहीं है कि इसे शानदार प्रतिक्रिया मिली है और दर्शकों में 2026 की दिवाली के लिए उत्साह है।

प्रशंसक अपनी उत्सुकता को कम नहीं कर पा रहे हैं। रणबीर कपूर, साई पल्लवी, यश, सनी देओल और रवि दुबे की मुख्य भूमिकाओं वाली यह फ़िल्म शानदार और शानदार होने का वादा करती है। फ़िल्म की पहली झलक को हर तरफ़ से प्यार मिलने के साथ ही, प्रशंसकों ने वीडियो से अपने अनुभव साझा किए। जहाँ कुछ लोगों ने कपूर की झलक की प्रशंसा की, वहीं कुछ लोग बैकग्राउंड म्यूज़िक से प्रभावित हुए।

एक एक्स यूज़र ने टीजर पर अपनी राय साझा की और लिखा, "सबसे महान महाकाव्य #रामायण के सबसे महान अभिनेता द्वारा बनाई गई सबसे महान फिल्म। मेरे शब्दों पर ध्यान दें, यह 10,000 करोड़ पार करने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म होगी," जबकि दूसरे ने लिखा, "श्री राम के रूप में रणबीर कपूर। प्रचार वास्तविक है।"

घुरती रथ यात्रा का आज होगा आयोजन

भगवान जगन्नाथ को लगा गुंडिचा का भोग

नवीन मेल संवाददाता

रांची। जगन्नाथपुर मंदिर में आगामी रविवार (6 जुलाई) को घुरती रथ यात्रा का आयोजन होगा। रविवार को भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा मौसीबाड़ी से अपने धाम लौटेंगे।

इससे ठीक एक दिन पहले शनिवार को भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के श्रीविग्रहों को गुंडिचा (गंज) भोग लगाया गया। गुंडिचा (गंज) भोग का खास महत्व है। वैसे तीनों भगवान को सैकड़ों बार भोग अर्पित किए जाते हैं। लेकिन, भगवान को अर्पित किए जाने वाले गुंडिचा (गंज) भोग स्वामी जगन्नाथ को साल में सिर्फ दो ही बार अर्पित किए जाते हैं। एक बार रथ यात्रा (चलती रथ) के समय और दूसरी बार घूरती रथ (उल्टा रथ) यानी वापसी यात्रा से ठीक पहले।

श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़

घुरती रथयात्रा के पूर्व शनिवार को बारिश की फुहारों के बीच भी भक्तों की भारी भीड़ रही। भक्त भगवान का दर्शन कर निहाल हुए। वे थाली, नारियल, सिंदूर, अगरबत्ती और माचिस की डिब्बियां लिए कतारबद्ध होकर मंदिर में प्रवेश का इंतजार करते नजर आए।

मुख्य पुजारी रामेश्वर पाढ़ी के अनुसार, गुंडिचा (गंज) भोग का गहरा संबंध भगवान जगन्नाथ की मौसीबाड़ी यात्रा से है। जब भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र गुंडिचा मंदिर (मौसीबाड़ी) जाते हैं, तब वहां रात को विशेष रूप से यह भोग अर्पित किया जाता है। मान्यता है कि देवी लक्ष्मी और गुंडिचा माता मिलकर यह भोग तैयार करती हैं, ताकि भगवान को घर वापसी से पहले विशेष रूप से तृप्त किया जा सके। इस भोग को प्रेम, क्षमा और पुनर्मिलन का प्रतीक भी माना जाता है।

जगन्नाथपुर मंदिर के प्रथम सेवक और सेवायित सह जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के सदस्य ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव के अनुसार, गुंडिचा (गंज) भोग एक पूर्ण सात्विक भोग है। इसमें खास तौर पर खिचड़ी (देशी घी में बनी सब्जियां), मिष्ठान्न (जैसे खीर, पुरी), मौसमी सब्जियों से बने व्यंजन, देसी चावल और मूंग की दाल को शामिल किया जाता है। यह भोजन पूरी तरह देवताओं के स्वाद और नियमों के अनुरूप तैयार होता है। माना जाता है कि गुंडीचा भोग देवी लक्ष्मी की भावनात्मक प्रतीकात्मक क्षमा याचना भी है, क्योंकि भगवान उन्हें बिना बताए मौसीबाड़ी चले गए थे।

गुंडिचा भोग भगवान को अर्पण करने के बाद भक्तों में प्रसाद रूप में वितरित किया जाता है। इसे ग्रहण करने से पाप नाश, मनोकामना पूर्ति और पारिवारिक सुख की प्राप्ति होती है। पुरी में यह परंपरा हजारों वर्षों से निभाई जा रही है और रांची के जगन्नाथपुर मंदिर में भी यह पूरी श्रद्धा के साथ मनाई जाती है।

मंत्री इरफान अंसारी ने दिल्ली में केसी वेणुगोपाल से की मुलाकात

- झारखंड में कांग्रेस पार्टी की स्थिति और भविष्य की रणनीतियों पर की चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी ने दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से शनिवार को मुलाकात की। वहां उनसे झारखंड कांग्रेस संगठन की स्थिति और भविष्य की रणनीतियों पर व्यापक चर्चा की। मंत्री ने शनिवार को प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि उन्होंने वेणुगोपाल को अपने विभागों की प्रगति कार्य रिपोर्ट और संगठन को मजबूत करने के लिए चल रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी है।

वेणुगोपाल ने अंसारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मंत्री के समर्पण और ऊर्जा प्रेरणादायक है। संगठन को आप जैसे कर्मठ नेतृत्व की जरूरत है।

डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि वेणुगोपाल का मार्गदर्शन हमेशा प्रेरणादायी रहा है। वे पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ पार्टी और जनसेवा के कार्य करते रहेंगे। मौके पर मंत्री इरफान अंसारी के साथ बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला भी मौजूद थे।

प्रदेश कांग्रेस ने हातमा बस्ती में विद्यालय में किया पौधरोपण

रांची। प्रदेश कांग्रेस समिति की ओर से राजकीयकृत मध्य विद्यालय, हातमा बस्ती में शनिवार को पौधरोपण किया गया। इसका आयोजन राष्ट्रीय पौधरोपण सप्ताह के अवसर पर हुआ था। कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव निरंजन पासवान, अरुण चावला, स्कूल के प्रधानाध्यापक संतोष मिश्र, डॉ जया कुमारी, सुष्मिता, स्वाति सिंह, नौमिता रुंडा, प्रियंका, अनुपा जायसवाल ने नीम, अमरुद, सीताफल और आम के पौधे लगाए। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों में टॉफियां भी वितरित की गई। पौधरोपण के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य संतोष मिश्र ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को अपने जीवनकाल में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने की शपथ दिलाई। मौके पर स्कूल के कई शिक्षक और छात्र-छात्राएं एवं अन्य लोग मौजूद थे।

दूसरा पंचशील नगर बनाने की है तैयारी

पंडरा पुल को घेर कर सात एकड़ 39 डिसमिल जमीन निगलने में लगे हैं रांची के भूमाफिया

- हेहल अंचल अधिकारियों को अतिक्रमण की नहीं है जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। नदी नालों का अतिक्रमण एक साजिश के तहत और पूरी प्लानिंग के साथ की जाती है। इसकी पूरी प्रक्रिया को अगर हम समझे तो इस तरह से समझ सकते हैं कि नदी नालों के बगल में सबसे पहले एक झोपड़ी बनाई जाती है झोपड़ी भी ना कहे है प्लास्टिक का एक तंबू लगाया जाता है। उसके बाद उसमें छोटी दुकान खोली जाती है, कुछ महीनो के बाद इस तंबू वाले प्लास्टिक लगाई दुकान के पीछे पक्का मकान बन जाता है। जानकारी मिलती है पक्का मकान बन रहा है लेकिन उसमें मैरिज हॉल या बड़े होटल चलने लगते हैं। इसी प्रक्रिया को दूसरे लोग भी पालन करना शुरू करते हैं और एक से दो से तीन करते हुए बढ़ते बढ़ते कई दुकानें, कई घर, कई शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बन जाते हैं। सिलसिला यहां तक ही नहीं रुकता, धीरे-धीरे इसके आसपास नदी की जमीनों का अतिक्रमण शुरू हो जाता है और भूमाफिया नदी के जमीन का सौदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। वे राज्य से बाहर के भी लोगों को रांची में जमीन कम मूल्य पर मिलने का लालच देते हैं। वे लालच में फंस जाते हैं और नदी नालों की जमीन का अतिक्रमण हो जाता है और जमीन की बिक्री हो जाती है। भू माफिया करोड़ों कमाते हैं और लोगों को कम लागत में राजधानी में बसने का आशियाना मिल जाता है सब खुश ।

राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने जब हेहल अंचल के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने कहा कि पंडरा पुल के पास अतिक्रमण की जानकारी नहीं है वहां पंडरा पुल के पास के क्षेत्र को रातू अंचल का बताया है जबकि खतियान उस जमीन को हेहल अंचल का बताता है।

मगर जब बरसात का मौसम आता है और नदी का पानी नीचे उतरना शुरू हो जाता है तो लोगों के घरों में पानी घुसने शुरू हो जाते हैं गलियों में तीन से चार फीट तक पानी भरा होता है। ऐसा ही कुछ हाल पंचशील नगर में हुआ था इसके बाद से बरसात के मौसम में हाहाकार मच जाता है लेकिन हाहाकार की गूंज कहीं सुनाई नहीं देती है।

सुनाई देती है तो मीडिया की आवाज जो घरों के अंदर पानी घुसने की घटना की जानकारी प्रशासन तक पहुंचाते हैं। कोई आम आदमी बोलने को तैयार नहीं होता है और बोलेंगे भी कैसे नदी की भूमि पर घर जो बना रखे हैं। उन्हें इस बात का डर सताता है कि अगर वे पानी घुसने की शिकायत करेंगे तो उनके जमीनों का कच्चा चिट्ठा खोला जा सकता है और जब कच्चे चिट्ठे खोले जाएंगे तो पाया जाएगा की जमीन नदी की है और उस पर घर अवैध बने हैं।

इसी तरह की घटना हेहल अंचल अंतर्गत पंडरा पुल के पास की है। नदी के किनारे जमीन को अतिक्रमण किया गया सबसे पहले प्लास्टिक के तंबू की एक दुकान खोली बाद में उसके ठीक पीछे एक मकान बनाया गया। कमर्शियल काम शुरू हुए और लोग अच्छी कमाई कर रहे हैं। फिर और लोगों ने भी देखा कि किसी को कोई समस्या नहीं हो रही है न ही प्रशासन घर बनाने पर किसी को नहीं टोक रहा है तो और लोग भी घर बनाने लगे, दुकान खोली जाने लगी देखा देखी का यह सिलसिला चलता रहा और आज पंडरा पुल की नदी को घेर कर सात एकड़ 39 डिसमिल जमीन निगलने का प्रयास किया जा रहा है और दूसरे पंचशील नगर बनाने की तैयारी की जा रही है। इस घपले बाजी में सरकारी बाबू भी शामिल रहते हैं वहीं कुछ सफेदपोशो का भी हाथ होता है। कई ऐसे मामले आए हैं जिसमें सरकारी बाबू के मिली भगत की पुष्टि हुई है।

राज्य के छह जिलों में आज भारी बारिश की संभावना

- मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मौसम विभाग ने राज्य के छह जिलों के कुछ स्थानों पर रविवार को भारी बारिश होने की संभावना जताई है। राज्य के जिन जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान है, उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला -खरसावां, सिमडेगा, लोहरदगा और कोडरमा शामिल हैं। इसे लेकर मौसम विभाग ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, आठ जुलाई तक गर्जन, बारिश और 30-40 किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका है।

इधर, शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में बादल छाए रहे। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य

में सबसे अधिक बारिश धनबाद के पुटकी में 60.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

इस दौरान राज्य के अन्य इलाकों में भी बारिश दर्ज की गई। इनमें धनबाद 36.4, पालगंज 34.6, तोपचांची 34.6, जरमुंडी 31, बोकारो थर्मल 30, नारायणपुर 30, गोविंदपुर डीवीसी 29, महारो 26.4, दुमका 25.2, नंदाडीह 20, फुसरो 19 और जमशेदपुर में 18.9 मिमी शामिल है।

सावन में रांची से भागलपुर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाई जाए : रघुवर

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने रेल मंत्रालय को एक पत्र लिखा है।

अपने पत्र में उन्होंने श्रावणी मेले पर रांची से भागलपुर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का आग्रह किया है। रघुवर दास ने पत्र में लिखा है कि श्रावणी मेला हिंदू धर्म के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। इस दौरान हजारों श्रद्धालु रांची और आसपास के क्षेत्रों से सुलतानगंज से गंगाजल लेकर लगभग 105 किलोमीटर की पदयात्रा कर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में जल अर्पण करने जाते हैं। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि वर्तमान में रांची-भागलपुर एक्सप्रेस सप्ताह में केवल तीन दिन (मंगलवार, गुरुवार और शनिवार) चलती है। इससे श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। रघुवर दास ने मांग की है कि 11 जुलाई से 31 अगस्त 2025 तक अन्य चार दिन (रविवार, सोमवार, बुधवार और शुक्रवार) भी विशेष ट्रेन का संचालन किया जाए। इससे अधिक से अधिक श्रद्धालु आसानी और सुरक्षित तरीके से यात्रा कर सकेंगे।

करमा हादसा मामले में सरकार को देना होगा हर एक जान का हिसाब : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रामगढ़ के करमा प्रोजेक्ट में हुए दर्दनाक हादसे की खबर सुनकर मन अत्यंत व्यथित और आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि हम इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हैं। यह मौत का सिलसिला अब बंद होना चाहिए। इस सरकार को हर एक जान का हिसाब देना होगा। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, कोयले की अवैध खदान में हमारे कई श्रमिक भाइयों के दबे होने की आशंका है। मैं ईश्वर से उनकी सलामती की प्रार्थना करता हूं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। लेकिन यह कोई हादसा नहीं, यह हत्या है। यह हत्या उस भ्रष्ट और गैर जिम्मेदार सरकार की लापरवाही से हुई है, जो दिन के उजाले में चल रहे इस अवैध कारोबार से अपनी आंखें मूंदे बैठी है। कब तक झारखंड के गरीब यूं ही अपनी जान गंवाते रहेंगे? नेता प्रतिपक्ष ने कहा, रामगढ़ हो या धनबाद, हजारीबाग हो या बोकारो, चौतरफा मौत का यह काला कारोबार फल-फूल रहा है और सरकार दावा करती है कि उसे कुछ पता नहीं। हर एक जान की जिम्मेदार यह राज्य सरकार है।

करमा खदान में हुए हादसे की उच्चस्तरीय जांच हो : नायक

रांची। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने शनिवार को कहा कि रामगढ़ जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में सीसीएल करमा परियोजना की खुली खदान में आज सुबह हुए दिल दहलाने वाले हादसे ने एक बार फिर हेमंत सोरेन सरकार की नाकामी और भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है। चाल धंसने से चार गरीब मजदूरों, निर्मल मुंडा (42), वकील करमाली (55), इम्तियाज खान उर्फ लालू खान (38) और रामेश्वर मांझी (35), की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि, तीन अन्य, रोजिदा खातून (35), सरिता देवी (40) और अरुण मांझी (22), गंभीर रूप से घायल हैं। नायक ने कहा कि यह कोई सामान्य हादसा नहीं, बल्कि हेमंत सोरेन सरकार की लापरवाही और माफिया के संरक्षण में फल-फूल रहे अवैध खनन का खूनी परिणाम है। विजय शंकर नायक ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे सीधे तौर पर दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग के लोगों की हत्या करार दिया और कहा कि यह हत्या उस भ्रष्ट व्यवस्था की है, जो दिन-रात अवैध कोयला खनन को संरक्षण दे रही है। सरकार की नाक के नीचे माफिया खुलेआम काला कारोबार चला रहे हैं और पुलिस-प्रशासन मूकदर्शक बने हुए हैं।

पृष्ठ एक के शेष

अवैध कोयला खनन में चाल...

कनीय पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, सीओ विमल कुमार सिंह, मांडू इंस्पेक्टर रजत कुमार, करमा पीओ रामेश्वर मुंडा, मैनेजर संजय सिंह, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद थे। घटना के बाद मृतक के परिजनों व स्थानीय ग्रामीणों ने शवों को पीओ कार्यालय गेट के समक्ष रख दिया और प्रबंधन से मुआवजा की मांग को लेकर अड़े रहे। पुलिस मामले की गंभीरता के मद्देनजर घटनास्थल व पीओ कार्यालय में मुस्तैदी के साथ डटी रही। मौके पर मांडू पुलिस इंस्पेक्टर रजत कुमार, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, अनि अख्तर अली, संजय हेंब्रोम, आशीष गौतम,राजेश कुमार, नागेंद्र सिंह आजाद सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात हैं।

मृतक और घायल महुआ टुंगरी व सुगिया के निवासी : करमा खुली खदान में अवैध खनन के क्रम में सुगिया और महुआ टुंगरी के रहने वाले निर्मल मुंडा (40वर्ष), वकील करमाली (50 वर्ष), इम्तियाज अंसारी उर्फ लल्लू (40 वर्ष) और रामेश्वर मांझी (40 वर्ष) की मौत हो गई। वहीं, घायलों में मृतक इम्तियाज की पत्नी रोजिदा खातून, नान्हू महतो धनबेड़वा, सरिता देवी और अरुण टुडू महुआटुंगरी का नाम शामिल हैं।

10 लाख मुआवजा की मांग को ले अड़े ग्रामीण : घटना को लेकर प्रबंधन द्वारा परिजनों व ग्रामीणों के साथ वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में परिजनों ने प्रत्येक मृतक परिवार को 10 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की। वहीं, प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जा रहा था। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित परिवारों और प्रबंधन के बीच वार्ता जारी थी।

1.30 लाख जाली नोट के...

जशपुर (छत्तीसगढ़) की ओर जा रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रायडीह थाना गेट पर छापामारी दल द्वारा बेरिकेटिंग कर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान जैसे ही अर्टिगा कार गेट के पास पहुंची, चालक ने वाहन को तेज गति से पीछे मोड़कर भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस बल की तत्परता से कार को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि गुमला पुलिस प्रतिबंधित गतिविधियों और नकली नोटों की तस्करी के खिलाफ पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रही है। आने वाले समय में इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई तेज की जाएगी।

वज्रपात से सुदना ग्रिड में...

बिजली आपूर्ति ठप हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम करीब 7:30 बजे तेज मेघगर्जन और वज्रपात के साथ सुदना ग्रिड के उपकरणों को नुकसान पहुंचा। इसके कारण शहर के कई मोहल्लों में अचानक अंधेरा छा गया। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। उल्लेखनीय है कि सुदना ग्रिड के माध्यम से ही मेदिनीनगर शहर के अधिकांश इलाकों में बिजली आपूर्ति होती है। वज्रपात के बाद ग्रिड से जुड़े उपकरणों के खराब हो जाने के कारण बिजली बहाल करने में परेशानी आ रही है। डाल्टनगंज विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि मुख्य लाइन की मरम्मत के बाद ही उपकरणों की स्थिति का पूरी तरह आकलन किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि क्षति अधिक नहीं हुई तो देर रात तक बिजली आपूर्ति आंशिक रूप से बहाल की जा सकती है।

चीन से जुड़े साइबर क्राइम नेटवर्क...

कुमार सौरभ, नवादा निवासी शिवम कुमार, पटना निवासी अनिल कुमार व प्रदीप कुमार और मध्य प्रदेश के गोपालगंज निवासी लखन चौरसिया शामिल हैं। इन साइबर अपराधियों के पास से 12 मोबाइल फोन, 11 सिम कार्ड, 14 एटीएम कार्ड और व्हाट्सएप व टेलीग्राम चैट से प्राप्त 60 बैंक खातों का विवरण बरामद हुआ है। साइबर डीएसपी नेहा बाला ने शनिवार को बताया कि गत 4 जुलाई को साइबर क्राइम थाने को एक गुप्त सूचना मिली थी कि जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के ओलिव गार्डन होटल में एक संगठित साइबर गिरोह इकट्ठा हुआ है। यह गिरोह म्यूल बैंक खातों (धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल होने वाले बैंक खाते) की व्यवस्था करने और चीनी जालसाजों के साथ मिलकर काम करने में संलिप्त है। साइबर डीएसपी ने कहा कि यह सूचना मिलते ही सीआईडी ने तत्काल कार्रवाई की और मौके से सात एजेंटों को गिरफ्तार कर लिया। ये एजेंट देश के अलग-अलग हिस्सों से म्यूल बैंक खातों की आपूर्ति में शामिल थे। इनके साथ ही एक विशेष एजेंट भी पकड़ा गया, जो मून पे, ड्रेगन पे, सुपर पे और मैंगो पे इंडिया जैसी चीनी कंपनियों के लिए काम कर रहा था। गिरफ्तार किए गए चीनी नेटवर्क से जुड़े एजेंटों के व्हाट्सएप और टेलीग्राम चैट्स से बड़ी संख्या में बैंक खातों की जानकारी और कई डिजिटल सबूत बरामद किए गए हैं। डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि चीनी गिरोह के लिए काम करने वाले एजेंटों को टेलीग्राम के माध्यम से एक विशेष एप्लिकेशन (एपीके फाइल) भेजी जाती थी। एजेंट इस एप्लिकेशन को उन सिम कार्ड में इंस्टॉल करते थे, जो बैंक खातों से जुड़े होते थे। एक बार इंस्टॉल होने के बाद, यह एप्लिकेशन स्वचालित रूप से बैंक से संबंधित ओटीपी और अलर्ट्स को चीनी सर्वर पर भेज देती थी। चीन में बैठे अपराधी इन जानकारियों का उपयोग करके उन खातों का रिमोट एक्सेस प्राप्त कर लेते थे और करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी को अंजाम देते थे। इसमें 60 म्यूल बैंक खातों की जानकारी मिली है।

60 म्यूल बैंक खातों की मिली है जानकारी : साइबर डीएसपी

साइबर डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि सीआईडी को अब तक 60 म्यूल बैंक खातों की जानकारी मिली है, जिनसे पूरे भारत में कुल 68 शिकायतें दर्ज हैं। ये सभी बैंक खाते विभिन्न राज्यों में दर्ज निवेश घोटाले और डिजिटल अरेस्ट से संबंधित शिकायतों से जुड़े हुए हैं, जिनकी रिपोर्ट एनसीआरपी पोर्टल पर उपलब्ध है। झारखंड सीआईडी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान लिंक, कॉल या निवेश प्रस्ताव से सावधान रहें। किसी भी साइबर अपराध की सूचना तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें।

ब्राउन शुगर के तीन तस्कर...

सूचना मिलते ही एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर देवाकी बाबाधाम के पास वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया गया। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलें चेकिंग देख भागने लगीं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीछा कर देवाकी-नेतरहाट रोड के पास तीनों को धर दबोचा।

विश्व बैंक ने सर्वाधिक 'समतामूलक समाज'...

के बीच है। यह 'कम असमानता' समूह में शामिल होने से थोड़ा ही दूर है, जिसमें स्लोवाक गणराज्य जैसे देश शामिल हैं, जिनका स्कोर 24.1 है। स्लोवेनिया 24.3 है और बेलारूस 24.4 है। इन तीनों के अलावा, भारत का स्कोर उन सभी 167 देशों से बेहतर है, जिनके लिए विश्व बैंक ने डाटा जारी किया है। वैश्विक स्तर पर, सिर्फ 30 देश 'सामान्य से कम' असमानता श्रेणी में आते हैं। इसमें अत्यधिक लोक कल्याण वाले अनेक यूरोपीय देश शामिल हैं। इनमें आइसलैंड, नॉर्वे, फिनलैंड और बेल्जियम शामिल हैं। इसमें पोलैंड जैसी बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं और संयुक्त अरब अमीरात जैसे धनी देश भी शामिल हैं। भारत का अधिक समतामूलक समाज की ओर रुख पिछले कुछ वर्षों में इसके गिनी सूचकांक में परिलक्षित होता है। वर्ष 2011 में यह सूचकांक 28.8 पर मापा गया था और वर्ष 2022 में 25.5 पर पहुंच गया। यह स्थिर बदलाव दर्शाता है कि भारत ने आर्थिक विकास को सामाजिक समानता के साथ जोड़ने में लगातार प्रगति की है। गिनी इंडेक्स पर भारत की मजबूत स्थिति कोई संयोग नहीं है। यह ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में गरीबी कम करने में देश की निरंतर सफलता से निकटता से जुड़ा हुआ है। विश्व बैंक द्वारा 'स्प्रिंग 2025 पावर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' ने इस उपलब्धि को हाल के वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण में से एक के रूप में उजागर किया है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दशक में 171 मिलियन भारतीयों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया है। प्रतिदिन 2.15 अमेरिकी डॉलर से कम पर जीवन यापन करने वाले लोगों की हिस्सेदारी, जो जून 2025 तक अत्यधिक गरीबी की वैश्विक सीमा थी, 2011-12 के 16.2 प्रतिशत से तेजी से गिरकर वर्ष 2022-23 में केवल 2.3 प्रतिशत रह गई। विश्व बैंक की संशोधित अत्यधिक गरीबी सीमा 3.00 डॉलर प्रतिदिन के तहत, वर्ष 2022-23 की गरीबी दर को 5.3 प्रतिशत पर समायोजित किया जाएगा। आय में समानता की दिशा में भारत की प्रगति को पूरी तरह से केंद्रित अनेक सरकारी पहलों का समर्थन प्राप्त है। इन योजनाओं का उद्देश्य वित्तीय पहुंच में सुधार करना, कल्याणकारी लाभ कुशलतापूर्वक प्रदान करना और कमजोर एवं कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों का समर्थन करना है। साथ मिलकर, उन्होंने अंतर को पाटने, आजीविका को बढ़ावा देने और सुनिश्चित करने में मदद की है कि विकास समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे।

भक्तों की सेवा के लिए देवघर में सेवा शिविर लगाएगा न्यास

- 11 जुलाई से सभी कांवरिया, डाक बम, दंडी बम को दी जाएगी सेवा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बोलबम डाक सेवा न्यास सावन में इस वर्ष भी रांची सेवा शिविर के नाम से सुल्तानगंज-देवघर कांवरिया पथ पर गोविंदपुर गांव में कांवरियों की सेवा के लिए शिविर लगाएगा। यह सेवा शिविर कुमारसर से तीन किलोमीटर पहले (सुल्तानगंज से 30 किलोमीटर की दूरी पर) लगाया जा रहा है।

सेवा शिविर में भोले बाबा के भक्तों को शीतल जल, नींबू चाय, नींबू शरबत, दोपहर में नारायण सेवा (खिचड़ी), महाभंडारा का भोजन, दर्दनिवारक सेंक, दर्द निवारक दवाओं से सेवा प्रदान की जाएगी। 11 जुलाई 2025 से सभी कांवरिया, डाक बम, दंडी बम को यह सेवा दी जाएगी।

शिविर के लिए समिति के अध्यक्ष सागरमल अग्रवाल और मुरारी गोयल के नेतृत्व में शिविर सामग्री लेकर ट्रक को समिति के गण्यमान्य सदस्यों की उपस्थिति में हर हर महादेव के जयघोष के साथ रवाना किया गया। इस मौके पर समिति के रमेश अग्रवाल, सुनील सिंघानिया, सुनील जालान, गोपाल शर्मा, भरत बगड़िया, भरत अग्रवाल, संतोष जायसवाल, चमनलाल टांक, जुगल जालान सहित कई सदस्य मौजूद थे।

रामविलास पासवान के विचार और संघर्ष पार्टी के लिए प्रेरणा : बीरेंद्र

नवीन मेल संवाददाता

रांची। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संस्थापक रामविलास पासवान की जयंती पर शनिवार को रांची में स्मरण सभा और संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रामविलास पासवान के योगदान, विचारों और दलित-पिछड़ा समाज के प्रति उनके संघर्षों को याद किया गया। संगठनात्मक मजबूती, सदस्यता अभियान और भविष्य की कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

फीफा क्लब वर्ल्ड कप

पाल्मेरास को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा चेल्सी

फिलाडेल्फिया। अगस्टिन जियाय के अंतिम क्षणों में किए गए आत्मघाती गोल की बदौलत चेल्सी ने फीफा क्लब वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में पाल्मेरास पर 2-1 से जीत हासिल की। यह मुकाबला फिलाडेल्फिया के लिंकन फाइनेंशियल फील्ड पर खेला गया। इसी के साथ चेल्सी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। कोल पाल्मर ने पहले हाफ में चेल्सी के लिए गोल किया, जिससे 'ब्लूज' को न्यूयॉर्क में ब्राजील की टीम फ्लूमिनेंस के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने में मदद मिली। ब्रेक के बाद पाल्मेरास ने जोरदार वापसी की, जब युवा फुटबॉलर एस्टेवाओ ने 53वें मिनट में एक शानदार गोल दागते हुए टीम को बराबरी पर ला दिया, लेकिन मुकाबले के 83वें मिनट में अगस्टिन जियाय के आत्मघाती गोल के चलते पाल्मेरास ने मुकाबला 1-2 से गंवा दिया। चेल्सी के मैनेजर एन्जो मारेस्का ने कहा, "जैसा कि हमने उम्मीद की थी, यह एक मुश्किल मुकाबला था। मुझे लगता है कि दूसरे हाफ की तुलना में हम पहले हाफ में थोड़े बेहतर थे। हमने मुकाबले को बेहतर तरीके से कंट्रोल किया। मुझे लगता है कि हम जीत के हकदार थे। खिलाड़ियों को बधाई, क्योंकि उन्होंने काफी अच्छा खेल दिखाया हैं।"

> मैं खुश हूं क्योंकि हम जीत गए, खुश हूं क्योंकि उन्होंने गोल किया, इसलिए यह एक शानदार रात है।"
>
> **मारेस्का**

बर्मिंघम टेस्ट : शुभमन गिल का दूसरी पारी में भी शतक, भारत की बढ़त 484 रन की हुई

एजेंसी। एजबेस्टन

टेस्ट फॉर्मेट की कप्तानी मिलने और बल्लेबाजी क्रम में एक स्थान नीचे चौथे स्थान पर आते ही शुभमन गिल के खेलने का अंदाज ही बदल गया है। इंग्लैंड दौरे पर चार पारियों में गिल ने तीसरा शतक लगा दिया है। एजबेस्टन टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को दूसरे सेशन की समाप्ति तक भारत ने चार विकेट पर 304 रन बना लिए। गिल 100 रन पर नाबाद हैं। पहले टेस्ट में उपकप्तान ऋषभ पंत ने दोनों पारियों में शतक लगाया था। वही, काम एजबेस्टन में गिल ने कर दिया है। पहली पारी में यादगार 269 रन की पारी खेलने वाले गिल दूसरी पारी में 100 रन बना चुके हैं। गिल का यह आठवां टेस्ट शतक है। वह 130 गेंद पर नौ चौके और तीन छक्के की मदद से 100 रन पर नाबाद हैं। शुभमन गिल ने ऋषभ पंत के साथ चौथे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। पंत ने भी विस्फोटक अर्धशतक लगाया। बाएं हाथ के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 58 गेंद पर तीन छक्के और आठ चौके लगाते हुए 65 रन बनाए। पंत ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से भारतीय पारी को गति दी। क्रीज पर गिल और जडेजा हैं। जडेजा 68 गेंद पर 25 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों के बीच 68 रन की साझेदारी हो चुकी है। भारत का स्कोर चार विकेट पर 304 रन है। भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाए थे। इंग्लैंड अपनी पहली पारी में 407 रन पर सिमट गई थी। इस तरह पहली पारी के आधार पर मिले 180 रन की बढ़त से टीम इंडिया की कुल बढ़त 484 रन की हो गई है। देखना होगा भारतीय टीम इंग्लैंड को जीत के लिए कितने रन का लक्ष्य देती है।

कनाडा ओपन : चोउ तिएन चेन को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे श्रीकांत

कैलगरी। भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत 'कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट' के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने शनिवार को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चोउ तिएन चेन को सीधे गेम में 21-18, 21-9 से हराया। श्रीकांत ने चीनी ताइपे के वांग पो-वेई को 43 मिनट तक चले इस मुकाबले में शिकस्त देकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया था। वर्तमान में विश्व में 49वें स्थान पर काबिज श्रीकांत अब फाइनल में जगह बनाने के लिए जापान के तीसरी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से भिड़ेंगे। श्रीकांत के पास 30 वर्षीय केंटा निशिमोटो के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 6-4 की बढ़त है। भारतीय खिलाड़ी ने पिछली विश्व चैंपियनशिप में जापानी शटलर को सीधे गेम में हराया था। इसके बावजूद निशिमोटो अन्य भारतीय खिलाड़ियों के लिए चुनौतियां पेश करते रहे हैं। अपने कोर्ट कवरेज के लिए पहचाने जाने वाले निशिमोटो इस सीजन में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। निशिमोटो ने भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को 21-15, 5-21, 21-17 से कड़ी टक्कर देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है। श्रीकांत प्री-क्वार्टरफाइनल मैच में चीनी ताइपे के वांग पो-वेई के खिलाफ 21-19, 21-14 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। श्रीकांत ने यह मुकाबला 41 मिनट में जीता था। विमेंस सिंगल्स में, भारत की युवा शटलर श्रेयांशी वलीशेट्टी डेनमार्क की 24 वर्षीय अमाली शुल्ज के खिलाफ एक कठिन मुकाबले में 21-12, 19-21, 19-21 से हारकर बाहर हो गईं।

एमएलसी 2025 : सिर्फ एक खिलाड़ी ने छुआ दहाई का आंकड़ा, सिएटल ओकार्स की शर्मनाक हार

नई दिल्ली। वाशिंगटन फ्रीडम ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 26वें मैच में जीत दर्ज की। इस मुकाबले में बल्लेबाजों के फ्लॉप शो के बाद सिएटल ओकार्स को आठ विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। विजेता टीम के कप्तान ग्लेन मैक्सवेल को शानदार गेंदबाजी के चलते 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी सिएटल ओकार्स की टीम महज 17.4 ओवरों में सिमट गई। हालात इतने खराब रहे कि ओकार्स महज 19 रन पर अपने पांच विकेट गंवा चुकी थी। टीम के लिए सिर्फ हेनरिक क्लासेन इकलौते ऐसे बल्लेबाज रहे, जिन्होंने दहाई का आंकड़ा छुआ। क्लासेन ने 39 गेंदों में चार छक्कों की मदद से 48 रन बनाए। विपक्षी टीम की ओर से ग्लेन मैक्सवेल, सौरभ नेत्रावलकर और जैक एडवर्ड्स ने तीन-तीन विकेट झटके, जबकि एक विकेट रचिन रविंद्र के हाथ लगा। इसके जवाब में वाशिंगटन फ्रीडम ने महज 9.2 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। फ्रीडम ने 29 के स्कोर पर मिशेल ओवेन (6) का विकेट गंवा दिया था, जिसके बाद रचिन रविंद्र ने मुख्तार अहमद के साथ टीम को संभालने की कोशिश की। टीम के लिए रचिन रविंद्र ने 23 गेंदों में एक छक्के और चार चौकों के साथ 32 रन की पारी खेली, जबकि मुख्तार अहमद तीन छक्कों और दो चौकों के साथ 36 रन बनाकर नाबाद रहे।

16वें ओवर तक मैच हाथ में था : हरमनप्रीत कौर

एजेंसी। लंदन

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि उनकी टीम ने कुछ मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच पर पूरा नियंत्रण नहीं बना सकी। भारतीय टीम को किंग्स्टन ओवल में पांच रन से हार का सामना करना पड़ा है। अब पांच मुकाबलों की इस सीरीज में भारत के पास 2-1 की बढ़त है। भारतीय टीम के पास दौरे के शुरुआती दो मैच जीतकर सीरीज पर 3-0 से कब्जा जमाने का सुनहरा मौका था, लेकिन 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को इंग्लैंड की गेंदबाजों ने परेशानी में रखा। मैच गंवाने के बाद हरमनप्रीत कौर ने कहा, "16वें ओवर तक मुकाबला हमारे हाथ में था, लेकिन हमने इसका पूरा फायदा नहीं उठाया। ओस भी आई। हमने कुछ मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। गेंदबाज बेहतरीन थे और हमने सच में अच्छी गेंदबाजी की और फील्डर्स ने हमारा साथ दिया।" टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड को सलामी बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत दिलाई। सोफिया डंकले और डेनियल व्हाइट-हॉज (66) के बीच 15.2 ओवरों में 137 रन की साझेदारी हुई, जिसने टीम को 171/9 के स्कोर तक पहुंचाया। इसके जवाब में भारतीय टीम 20 ओवरों में पांच विकेट खोकर 166 रन ही बना सकी। सोफिया डंकले को 53 गेंदों में 75 रनों की शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। भारतीय कप्तान ने कहा, "हमने इंग्लैंड की शुरुआती साझेदारी के बाद जोरदार वापसी की। उन्होंने अपनी योजना को बहुत अच्छे से अंजाम दिया, लेकिन अंत में हम सिर्फ एक बाउंड्री से चूक गए।" भारतीय टीम सीरीज का पहला मैच 97 रन से अपने नाम कर चुकी है, जबकि दूसरे मैच में उसने मेजबान टीम को 24 रन से हराया था। भारत-इंग्लैंड के बीच सीरीज का चौथा टी20 मैच 9 जुलाई को ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। अंतिम मुकाबला 12 जुलाई को बर्मिंघम में आयोजित होगा।

> हमने इसका पूरा फायदा नहीं उठाया

नूपुर फाइनल में पहुंची, अविनाश जामवाल भी सेमीफाइनल में

अस्ताना। कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप में भारत के पदक की संख्या बढ़ गई है। नूपुर (80 किग्रा) फाइनल में पहुंच गईं हैं, जबकि अविनाश जामवाल (65 किग्रा) ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। नूपुर ने सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए तुर्की की सेमा दुस्ताज को 5:0 से हराकर महिलाओं के 80 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह पक्की की। इससे पहले दिन में, अविनाश जामवाल ने पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में यूएसए के रेने कैमाचो को सर्वसम्मत निर्णय से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया और अपने लिए पदक पक्का किया। नीरज फोगाट (65 किग्रा) और अनामिका (51 किग्रा) का अभियान क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। नीरज ने बेहतरीन तरीके से अपना मैच खेला लेकिन विभाजित निर्णय में 3:2 से हार गए। सेमीफाइनल में 10 मुक्केबाजों और फाइनल में एक के साथ भारत का अस्ताना में मजबूत प्रदर्शन रहा है। गुरुवार को हितेश गुलिया और साक्षी ने सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर पोडियम स्थान सुनिश्चित किया। वर्ष की शुरुआत में ब्राजील चरण के स्वर्ण पदक विजेता हितेश ने पुरुषों के 70 किग्रा क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव पर 5:0 से शानदार जीत हासिल की।

व्यापार/लाइफ व साइंस

नए हवाई

भारत में हर घंटे 60 अतिरिक्त उड़ानें जुड़ी और हर 40 दिन में एक नया हवाई अड्डा बना

आज भारत में उड़ान भरना अधिक सुलभ और किफायती हो चुका है : उड्डयन मंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि हर 40 दिन में एक नए हवाई अड्डे के साथ देश में मात्र 10 वर्षों में 88 नए हवाई अड्डे बने हैं और हर घंटे 60 अतिरिक्त उड़ानें जुड़ी हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, आज भारत में उड़ान भरना अधिक सुलभ और किफायती हो चुका है। केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारतीय आकाश अधिक जुड़ा हुआ, प्रतिस्पर्धी और सहयोगात्मक है।" उन्होंने समावेशी विमानन विकास को प्राप्त करने के लिए सहयोगात्मक, राज्य-विशिष्ट रणनीतियों के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता दोहराई। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा आयोजित उत्तर क्षेत्र नागरिक उड्डयन मंत्रियों का सम्मेलन 2025 में केंद्रीय मंत्री ने कहा, "इस रणनीतिक पहल के माध्यम से हमारा उद्देश्य क्षेत्रीय अवसरों की पहचान करना और टियर 2 और 3 श्रेणी के शहरों की अपार क्षमता को साकार करना है।" कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र राज्य में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, पर्यटन और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में हो रही प्रगति की सराहना की और राज्य की पहाड़ी भू-भागों में हेलीकॉप्टर संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की महत्ता को रेखांकित किया, जिसके लिए राज्य सरकार और मंत्रालय दोनों प्रतिबद्ध हैं। मंत्रालय द्वारा विमानन क्षेत्र में राज्यों के लिए अवसरों पर कई प्रस्तुतियां दी गईं। मंत्रालय द्वारा राज्यों के लिए उपलब्ध अवसरों पर प्रस्तुतियों के बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू के नेतृत्व में राज्य सरकारों के प्रतिनिधिमंडलों और मंत्रालय के अधिकारियों के मध्य बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों के साथ राज्यों को अपनी आवश्यकताओं और सुझावों को सीधे मंत्रालय के समक्ष रखने का अवसर मिला। साथ ही, राज्य सरकारों ने विमानन उद्योग के प्रमुख हितधारकों (एयरलाइंस, ओईएमएस, एफटीओएस, एमआरओएस, एएआई, पीएचएल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों) से भी सीधे चर्चा की।

सम्मेलन के अंत में आयोजित प्लेनरी सेशन ने पूरे दिन हुई चर्चाओं और निष्कर्षों का समावेश करते हुए एक समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। केंद्रीय मंत्री नायडू ने उत्तर क्षेत्र के लिए मंत्रालय की रणनीतिक प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला, जिसमें हेलीपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, उड़ान मार्गों का विस्तार, फ्लाइंग ट्रेनिंग संस्थानों और एमआरओ हब्स को सुदृढ़ करना और केंद्र-राज्य-उद्योग के बीच समन्वय बढ़ाना शामिल था।

- "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारतीय आकाश अधिक जुड़ा हुआ, प्रतिस्पर्धी और सहयोगात्मक है।"
- "इस रणनीतिक पहल के माध्यम से हमारा उद्देश्य क्षेत्रीय अवसरों की पहचान करना और टियर 2 और 3 श्रेणी के शहरों की अपार क्षमता को साकार करना है।"
- इन बैठकों के साथ राज्यों को अपनी आवश्यकताओं और सुझावों को सीधे मंत्रालय के समक्ष रखने का अवसर मिला।

केवल बीआईएस-सर्टिफाइड हेलमेट का करें इस्तेमाल

नई दिल्ली, 5 जुलाई (आईएएनएस)। केंद्र सरकार ने सड़क सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए शनिवार को देश भर के उपभोक्ताओं से अपील की कि वे केवल भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा सर्टिफाइड हेलमेट का ही इस्तेमाल करें। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने बीआईएस सर्टिफिकेशन के बिना हेलमेट के निर्माण या बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी आह्वान किया।

केंद्र ने पुल, फ्लाईओवर, सुरंग वाले राजमार्गों के लिए टोल रेट्स में 50 प्रतिशत तक की कटौती की

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने वाहन चालकों को बड़ी राहत देते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों के कुछ हिस्सों पर टोल रेट्स में 50 प्रतिशत तक की कमी की है। इन हिस्सों में सुरंग, पुल, फ्लाईओवर और एलिवेटेड रोड जैसे स्ट्रक्चर शामिल हैं। इस कदम का उद्देश्य यात्रा की लागत को कम करना और सड़क यात्रा को लोगों के लिए अधिक किफायती बनाना है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन किया है और टोल चार्ज की गणना के लिए एक नया फॉर्मूला अधिसूचित किया है। नए नियम के अनुसार, अब टोल की गणना इस तरह से की जाएगी कि राजमार्ग के उन हिस्सों पर शुल्क में कमी आएगी, जिनमें मुख्य रूप से महंगे इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। अधिसूचना के अनुसार, अगर राष्ट्रीय राजमार्ग के किसी हिस्से में फ्लाईओवर या सुरंग जैसे स्ट्रक्चर शामिल हैं तो टोल की गणना या तो स्ट्रक्चर की लंबाई का दस गुना या राजमार्ग खंड की कुल लंबाई का पांच गुना दोनों में से कम मूल्य के आधार पर की जाएगी। मंत्रालय ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर राजमार्ग का 40 किलोमीटर का हिस्सा पूरी तरह से पुल या फ्लाईओवर जैसे स्ट्रक्चर से बना है तो टोल की गणना स्ट्रक्चर की लंबाई का 10 गुना या कुल लंबाई का 5 गुना (200 किमी) में से कम मूल्य आधार यानी 200 किमी के आधार पर की जाएगी, जिससे प्रभावी रूप से दर आधी हो जाएगी। इससे पहले, वाहन चालकों को ऐसे स्ट्रक्चर के प्रत्येक किलोमीटर के लिए नियमित टोल दर से दस गुना अधिक भुगतान करना पड़ता था।